आषाढ़ शुक्ल तृतीया 09:54 तक उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 28 जून 2025
वर्ष 3, अंक 308, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत के 534 कलाकारों को लॉस एंजिलिस का न्योता 14

कर्ज वृद्धि बढ़ाएं, मुनाफा बनाए रखें बैंक 12

## भीषण उमस से राहत मिलने की आस, आज से बारिश के आसार

- मौसम विभाग ने दिए अच्छी बारिश के संकेत, 55 जिलों में गरज-चमक के साथ आंधी आने और बिजली गिरने का अलर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में भीषण उमस से अब राहत मिलने की उम्मीद है। शनिवार से झमाझम से बारिश के आसार हैं। हालांकि मानसून होने के बावजूद कुछ दिन बारिश नहीं हुई लेकिन अब मौसम विभाग ने अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं। इस दौरान राज्य के लगभग 50 जिलों में गरज-चमक के साथ आंधी चलने और बिजली गिरने का अलर्ट भी जारी किया गया है।

उधर, प्रदेश के पश्चिमी और तराई इलाकों में बीते दो दिनों से बारिश का सिलसिला चल रहा है। लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थ नगर, सुल्तानपुर, अमेठी, बाराबंकी, सोनभद्र, गोरखपुर और वाराणसी सहित कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई, लेकिन पूर्वी प्रदेश में धीमी बारिश से उमस भरी गर्मी से लोगों को खास राहत नहीं मिल पाई थी। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के अनुसार 28 से 30 जून के बीच पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में अच्छी बारिश होने की संभावना है। इससे तापमान में गिरावट आने और गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में बलिया, गाजीपुर, जौनपुर, मऊ, गोरखपुर, देवरिया आदि जिलों में भारी बारिश, बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। तेज हवा चलने और आंधी का भी अंदेशा है। मेरठ, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, नोएडा, बरेली, मुरादाबाद, अलीगढ़, आगरा आदि जिलों में आंधी और बौछारों की संभावना है।

## महंतों से अभद्रता पर जगन्नाथ यात्रा में हंगामा, नारेबाजी

### थाना प्रभारी ने साउंड बॉक्स कम करने को कहा तो भड़का विवाद, अभद्रता का आरोप लगाकर धरने पर बैठे महंत, श्रद्धालु

- आठ घंटे के बाद थाना प्रभारी निलंबित जयकारे के साथ यात्रा शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** जनरलगंज की ऐतिहासिक जगन्नाथ रथयात्रा में वाहनों पर साउंड बॉक्स लगाने को लेकर शुक्रवार दोपहर पुलिस-आयोजकों और भक्तों में जमकर विवाद हुआ। आरोप है कि बादशाहीनाका इंस्पेक्टर ने पनकी पंचमुखी हनुमान मंदिर के मंहत से अभद्रता कर दी। इसके बाद महंत और सैकड़ों भक्त नयागंज पीपल वाली कोठी के पास चौराहे पर धरने पर बैठ गए। उनके समर्थन में क्षेत्र के व्यापारियों ने भी दुकानें बंद करके पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

भाजपा एमएलसी सलिल विश्नोई व सपा विधायक अमिताभ बाजपेई भी धरने पर बैठे रहे। रथयात्रा न निकालने की घोषणा कर दी गई। करीब आठ घंटे तक हंगामा, नारेबाजी के बाद रात साढ़े आठ बजे थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया। इसके बाद धरना खत्म हुआ और देर रात रथयात्रा शुरू हुई। जनरलगंज स्थित जगन्नाथ मंदिर बाईजी में शुक्रवार सुबह जगन्नाथ रथयात्रा निकालने की तैयारियां चल रही थीं।



पुलिस अधिकारी से बहस करते महंत जितेंद्र दास।

मंडल के लोग रथ सजा रहे थे। नयागंज बाजार से लेकर रथयात्रा मार्ग में मंच तैयार किए जा रहे थे। इसी बीच दोपहर लगभग 12 बजे बादशाहीनाका थाना प्रभारी मंदिर पर पहुंचे और एक वाहन पर केवल दो ही साउंड बॉक्स रखने को कहा। बाकी हटाने को बोले। आयोजकों ने इसका विरोध किया, कहा ऐतिहासिक रथयात्रा है। जैसे होती आई है, वैसा ही कर रहे हैं। कोई बात करनी है तो पनकी पंचमुखी हनुमान मंदिर के महंत से करें। वहीं मंदिर का संचालन करते हैं। आरोप है कि थाना प्रभारी ने मंहतों के लिए अपशब्द कहे। इस बीच दोनों महंत पहुंचे तो अभद्रता भी की। इसी के बाद विवाद शुरू हो गया। पनकी मंदिर के महंत जितेंद्र दास और कृष्ण दास से अभद्रता की बात आम होते ही भक्त और व्यापारी आक्रोशित हो गए और पीपल वाली कोठी के पास चौराहा पर धरने पर बैठ गए। पुलिस विरोध नारेबाजी होने लगी। कई थानों का फोर्स बुला लिया गया। भाजपा एमएलसी सलिल विश्नोई, सपा विधायक अमिताभ बाजपेई समेत कई दलों के नेता और व्यापारी भी धरने पर बैठ गए। कई बार पुलिस ने धरना समाप्त कराने का प्रयास किया, लेकिन लोग थाना प्रभारी के निलंबन की मांग पर डटे रहे। रात आठ बजे तक हंगामा चलता रहा और रथयात्रा स्थगित करने की घोषणा कर दी गई। इसके बाद पुलिस-प्रशासनिक अफसरों और महंतों-व्यापारियों के बीच वार्ता हुई और पुलिस अधिकारियों ने थाना प्रभारी के निलंबन की घोषणा की। इसके बाद धरना समाप्त हो गया। भक्तों ने जयकारे लगाए और रथयात्रा निकालने में जुट गए।

### अब एप बताएगा किस राजमार्ग पर सबसे कम टोल

- एनएचएआई ने बनाया राजमार्ग यात्रा एप

**नई दिल्ली।** एनएचएआई का राजमार्गयात्रा एप जल्दी ही यह बताएगा कि किन्हीं दो स्थानों के बीच सबसे कम टोल वाला रास्ता कौन सा है। यह नई विशेषता अगले महीने से एप पर उपलब्ध होगी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि राजमार्गयात्रा एप यात्रियों को राष्ट्रीय राजमार्गों के बारे में व्यापक जानकारी देता है और उन्हें एक कुशल शिकायत निवारण प्रणाली भी प्रदान करता है।

भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी (आईएचएमसीएल) के कुशल परिवहन प्रणाली (आईटीएस) के मुख्य उत्पाद अधिकारी अमृत सिंह ने उदाहरण देते हुए कहा कि दिल्ली से लखनऊ की यात्रा करने के लिए तीन रास्ते हैं और एप यात्रियों को सबसे अच्छा रास्ता चुनने में मदद करेगा। सिंह ने कहा कि आप दिल्ली से यमुना एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ की यात्रा कर सकते हैं, या गाजियाबाद- अलीगढ़- कानपुर- लखनऊ के रास्ते जा सकते हैं या मुरादाबाद- बरेली- सीतापुर- लखनऊ के रास्ते यात्रा कर सकते हैं। एप वाहन चालकों को दिल्ली और लखनऊ के बीच सबसे कम टोल वाले रास्ते के बारे में बताएगा।

## युवाओं की जाति नहीं, उनकी प्रतिभा रखती है मायने : योगी

### विश्व एमएसएमई दिवस पर मुख्यमंत्री ने योजनाओं का खोला पिटारा

- पिछली सरकारों में उद्यमियों की उपेक्षा, माफियाराज और जातीय संघर्षों को मिला बढ़ावा : योगी
- बरेली, मुरादाबाद में ओडीओपी की 18 करोड़ रुपये की सीएफसी परियोजनाओं का किया लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवाओं की जाति नहीं, प्रतिभा मायने रखती है। हमारी सरकार जाति, क्षेत्र या भाषा के आधार पर भेदभाव नहीं करती। हर युवा की प्रतिभा को मंच देने के लिए प्रतिबद्ध है। जबकि पिछली सरकारों में उद्यमियों की उपेक्षा होती थी, बड़े उद्योग चलाने वाले ही नहीं, एमएसएमई भी बदहाल और बर्बाद थे। इससे पीछे एक जिला एक माफिया और जातीय संघर्षों को बढ़ावा देना प्रमुख कारण था।

मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को विश्व एमएसएमई दिवस पर लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल का शुभारंभ किया। यूथ अड्डा का लोकार्पण, सीएम युवा मोबाइल एप की शुरूआत समेत बरेली व मुरादाबाद में 18 करोड़ रुपये की ओडीओपी सीएफसी परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। योगी ने जातिगत भेदभाव को समाप्त कर सभी समुदायों के युवाओं को समान अवसर प्रदान करने की डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता को जाहिर करते हुए कहा कि पिछली सरकारों को जातिगत संघर्ष कराने से ही फुरसत नहीं थी, जिसके कारण प्रदेश के युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। साल 2017 से पहले का यूपी दंगों के रूप में, माफिया गिरोह के रूप में, बेटी और व्यापारी के लिए सबसे असुरक्षित प्रदेश के रूप में जाना जाता था।



अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर शुक्रवार को लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में युवा उद्यमी को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### उद्यमिता का नया मंच है यूथ अड्डा

यूथ अड्डा यूपीकॉन द्वारा नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है। युवाओं को अपने व्यवसायिक विचार साझा करने, बैंकों से ऋण सहायता प्राप्त करने और अनुभवी मेंटर्स से मार्गदर्शन लेने का अवसर प्रदान करेगा। साथ ही, सीएम युवा मोबाइल ऐप युवाओं को उद्यमिता से जोड़ने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म है।

### ओडीओपी से जिलों की विशिष्टता को मिला अंतर्राष्ट्रीय बाजार

मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडीओपी के माध्यम से हर जनपद की विशिष्टता को वैश्विक मंच मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना ने सभी जातियों के कारीगरों और उद्यमियों को समान अवसर प्रदान किए हैं, जिससे मुरादाबाद का ब्रास, भदोही का कालीन और लखनऊ की चिकनकारी जैसे उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहचान बना रहे हैं। प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई इकाइयों में 2 करोड़ से अधिक लोग कार्यरत हैं। बिना भेदभाव के इन इकाइयों को पांच लाख रुपये का सुरक्षा कवच और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की है। देश में एमएसएमई में 14 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ यूपी सबसे आगे है।

## भारत के साथ बहुत बड़ा व्यापार समझौता कर सकता है अमेरिका

### व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन पार्टी के कार्यक्रम में ट्रंप ने दिए संकेत

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ एक बहुत बड़ा व्यापार समझौता होने वाला है। उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत दिया।

ट्रंप ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन पार्टी के कर एवं व्यय कटौती विधेयक को पारित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा कि हमारे पास कुछ बेहतरीन समझौते हैं। हम एक और समझौता करने जा रहे हैं, संभवतः भारत के साथ। बहुत बड़ा... ट्रंप ने कहा कि चीन समझौते में, हम चीन के लिए द्वार खोलने की शुरुआत कर रहे हैं। ऐसी चीजें जो वास्तव में कभी नहीं हुईं...सभी देशों के साथ संबंध बहुत अच्छे हैं। राष्ट्रपति ने हालांकि चीन के साथ हुए समझौते के विवरण के बारे में विस्तार से नहीं बताया। ट्रंप ने कहा कि हर देश समझौता करना चाहता है और इसका हिस्सा बनना चाहता है। उनके प्रशासन के अधिकारी देशों के साथ समझौते करने के लिए अतिरिक्त मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि याद कीजिए , कुछ महीने पहले, मीडिया कह रहा था कि क्या वाकई कोई ऐसा (देश) है जो इसमें दिलचस्पी रखता हो? खैर, हमने कल ही चीन के साथ समझौता किया है। हम कुछ बेहतरीन समझौते कर रहे हैं।



- दोनों देशों में द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में भी महत्वपूर्ण प्रगति बताई

राष्ट्रपति ने कहा कि हम हर किसी के साथ समझौता नहीं करने जा रहे हैं। कुछ लोगों को हम बस एक पत्र भेजकर कहेंगे कि आपका बहुत-बहुत धन्यवाद... आप 25, 35, 45 प्रतिशत का भुगतान करेंगे। यह एक आसान तरीका है लेकिन मेरे लोग इसे इस तरह से नहीं करना चाहते हैं। वे इसको लेकर कुछ करना चाहते हैं। समझौते करने की ललक उनमें मुझसे भी अधिक है। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में एक भारतीय दल, अमेरिका के साथ अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए गुरुवार को वाशिंगटन पहुंचा। दोनों देश अंतरिम व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहे हैं और नौ जुलाई से पहले समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश में हैं।

### अमेरिका को दुग्ध क्षेत्र में रियायतें देना कठिन

भारत के लिए कृषि और दुग्ध क्षेत्र अमेरिका को शुल्क रियायतें देने के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। भारत ने अब तक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में दुग्ध क्षेत्र को नहीं खोला है। अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, मोटर वाहन विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोरसायन उत्पादों, दुग्ध तथा कृषि उत्पादों जैसे सेब, वृक्ष गिरी तथा आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है। भारत प्रस्तावित व्यापार समझौते में कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, अंगूर और केले जैसे क्षेत्रों के लिए शुल्क रियायत मांग रहा है।


## प्रदेश के 20 लाख उपभोक्ताओं को बिजली दर में राहत देने की तैयारी

- घरो में छोटी दुकान करने वालों को मिल सकती है नई दरों में राहत
- पावर कॉरपोरेशन से नियामक आयोग को नई दरों का प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में स्व-व्यवसाय करने वाले उन लोगों को बिजली विभाग राहत देने की तैयारी में है जो अपने घर से ही दुकानदारी कर रहे हैं। ऐसे छोटे व्यवसायियों को बिजली के बढ़ते बिल और जुर्माना की चिंता सताती रहती है। इन उपभोक्ताओं को शीघ्र बड़ी राहत मिल सकती है। बिजली दरों में बदलाव अब सीधे इनकी जेब का बोझ कम करेगा।

दरअसल, यूपी पावर कॉरपोरेशन ने एक ऐसा प्रस्ताव तैयार किया है, जिससे लगभग 20 लाख उपभोक्ताओं को सीधा लाभ पहुंच सकता है। घर में छोटी दुकान चलाने वालों के लिए 1 किलोवॉट की नई बिजली दर तय की जा रही है, जो पहले नहीं थी। यह बदलाव खासकर ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों के छोटे व्यापारियों को ध्यान में रखकर किया गया है। इससे उपभोक्ताओं को काफी राहत होगी। हकीकत यह है कि, अब तक ऐसे उपभोक्ता घरेलू कनेक्शन से ही अपनी दुकान की जरूरतें पूरी करते थे। जिससे नियमों का उल्लंघन मानते हुए उन पर जुर्माना लगाया जाता था।



### 1 किलोवॉट की गैर घरेलू श्रेणी का प्रस्ताव

यूपी पावर कॉरपोरेशन के ताजा प्रस्ताव में 1 किलोवॉट की गैर-घरेलू श्रेणी शामिल की गई है। ग्रामीण इलाकों में इसकी दर 7 रुपये प्रति यूनिट और शहरी इलाकों में 8 रुपये प्रति यूनिट प्रस्तावित है। यह दरें महंगे कॉमर्शियल टैरिफ की तुलना में किफायती हैं।

## 4 परियोजना प्रबंधक और 3 जेई को प्रतिकूल प्रविष्टि

- पीएम कृषि सिंचाई योजना में लापरवाही पर सीएम के निर्देश पर कार्रवाई

**लखनऊ।** परती भूमि विकास विभाग के प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के 4 परियोजना प्रबंधक और 3 जेई को कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। परती भूमि विकास विभाग की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी के मुख्य कार्य अधिकारी जीएस नवीन ने बताया कि परियोजना प्रबंधक और जेई से परियोजनाओं के डीपीआर के अनुसार पिछले पांच वर्षों में किए गए कार्यों के विवरण की छानबीन में 4 परियोजना प्रबंधक और 3 जेई ने कार्यों का विवरण नहीं दिए। जिसके बाद प्रयागराज परियोजना प्रबंधक सुरेंद्र प्रताप सिंह, महोबा के संजय कुमार, चित्रकूट कर्वी (2) परियोजना प्रबंधक देवेंद्र सिंह निरंजन और प्रतापगढ़ परियोजना प्रबंधक चमन सिंह के साथ ही प्रयागराज के जेई विश्वजीत यादव, प्रतापगढ़ प्रथम भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय के जेई दिनकर और आशीष कुमार यादव को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई।

### श्री जगन्नाथ का रथ खींचने उमड़ा सैलाब



ओडिशा के पुरी में गुरुवार को श्री जगन्नाथ रथ यात्रा शुरू हुई। इस वार्षिक रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथों को खींचने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब सा उमड़ पड़ा। इस दौरान परिवार और विश्व शांति की कामना से जयकारे भी गूंज रहे थे।

## ग्राम पंचायत स्तर पर चलेगी वित्तीय समावेशन योजना

- केंद्रीय योजनाओं का लाभ गांवों तक पहुंचाने को चलेगा अभियान
- 1 जुलाई से 30 सितंबर तक अभियान चलाने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य में वित्तीय समावेशन को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए विशेष संतृप्तीकरण अभियान चलाने की तैयारी है।

1 जुलाई से 30 सितंबर सभी ग्राम पंचायतों में केंद्रीय वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग के निर्देश पर यह पहल की जा रही है, जिसमें प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना को आमजन तक पहुंचाया जाएगा। अभियान के तहत पात्र नागरिकों को इन योजनाओं से शत-प्रतिशत जोड़ा जाएगा। साथ ही निष्क्रिय जनधन खातों की केवाईसी का पुनः सत्यापन, नए बैंक खाते खोलने समेत बीमा और पेंशन योजनाओं में नामांकन को प्राथमिकता दी जाएगी। संस्थागत वित्त महानिदेशक द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि सभी ग्राम पंचायतों में कम से कम एक शिविर का आयोजन अनिवार्य होगा।

## आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, तीन लोग पकड़े गए

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) समर्थित 'बब्बर खालसा इंटरनेशनल' नामक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है और एक किशोर को पकड़ा है।

राज्य पुलिस प्रमुख गौरव यादव ने शुक्रवार को दावा किया कि यह समूह अमृतसर क्षेत्र में पुलिस प्रतिष्ठानों पर हमले और लक्षित हत्याएं करने की साजिश रच रहा था। डीजीपी ने कहा कि एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया गया है, जिससे अनगिनत निर्दोष लोगों की जान बच गई है।

## चीन के साथ सभी जटिल मुद्दों को सुलझाएगा भारत

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चीनी समकक्ष से सीमा निर्धारण के साथ सरहद पर तनाव घटाने पर की बात

चिंगदाओ/नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अपने चीनी समकक्ष दोंग जून से कहा है कि भारत और चीन को सीमाओं पर तनाव कम करने तथा सरहदों के निर्धारण की मौजूदा व्यवस्था को पुनर्जीवित करने से संबंधित कदम उठाकर एक सुव्यवस्थित रूपरेखा के तहत जटिल मुद्दों को सुलझाना चाहिए। सिंह और दोंग ने गुरुवार को चीन के बंदरगाह शहर चिंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन के मौके पर द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति व स्थिरता बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

भारत की ओर से जारी एक बयान के अनुसार रक्षा मंत्री ने सर्वोत्तम पारस्परिक लाभ के लिए अच्छे पड़ोस की परिस्थितियां कायम करने की आवश्यकता पर जोर दिया और 2020 में पूर्वी लद्दाख में हुए गतिरोध के परिणामस्वरूप उत्पन्न विश्वास की कमी को दूर करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्रवाई का आह्वान किया। नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सिंह ने दोंग को निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाकर किए गए पहलगाम आतंकवादी हमले और पाकिस्तान में आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भी जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने मौजूदा तंत्रों के माध्यम से सैनिकों की वापसी, तनाव कम करने, सीमा प्रबंधन और अंततः सीमा निर्धारण से संबंधित मुद्दों पर आगे बढ़ने के लिए विभिन्न स्तरों पर परामर्श जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिरोध समाप्त करने के लिए पिछले साल अक्टूबर में सहमति बनी थी, जिसके बाद नई दिल्ली और बीजिंग के संबंधों को फिर से स्थापित करने के प्रयासों के बीच भारतीय रक्षा मंत्री की यह चीन यात्रा हुई है।



एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान चीनी समकक्ष डोंग जून के साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

### रूस के रक्षा मंत्री से सुखोई विमानों के उन्नयन पर चर्चा

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की चीन के चिंगदाओ शहर में अपने रूसी समकक्ष आंद्रे बेलौसोव के साथ हुई वार्ता में भारत के सुखोई-30एमकेआई लड़ाकू बेड़े का उन्नयन करना, हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों का उत्पादन और एस-400 मिसाइल प्रणालियों की दो खेप की शीघ्र आपूर्ति पर प्रमुखता से चर्चा हुई।

## एक नजर

### मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** नगर पंचायत समधन के नेहरू नगर निवासी मो. फारूख ने कहा है कि 19 जून की शाम कूड़ा डालने के विवाद में उसके पड़ोसी आरिफ और रहीशुल ने गाली गलौज की थी। मना करने पर उसकी पुत्री साहिदा को मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी थी। पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

### छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** किशोरी की आत्महत्या में मृतका की मां ने छह लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। तेरारब्बू निवासी पिंकी देवी पत्नी अखिलेश सैनी ने कहा है कि 02 जून की शाम उसकी पुत्री सुमन उर्फ उपासना बकरी चरा कर घर लौट रही थी। तभी बकरी पड़ोसियों के चबूतरे पर चली गई थी। पड़ोसी संतोष, उसकी पत्नी पुष्पा देवी, पुत्री बबली, शालू, दामाद टीटू व सुरजीत ने उससे गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया था। इस पर पुत्री ने घर के कमरे में लोहे के पाइप से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

### शिक्षक को दी विदाई

**गुरसहायगंज।** ब्लाक गुगरापुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय गौहनाखेड़ा के प्रधानाध्यापक सर्वेश कुमार यादव ने शिक्षक सोहनवीर का स्थानांतरण संभल होने पर शुक्रवार को विद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक रामकिशोर, विपिन माथुर, एआरपी कैलाश बाबू, वरुण जड़ेजा, ऋषि अग्निहोत्री आदि ने स्मृति चिंह देकर व फूलमालाएं पहनाकर उन्हे विदाई दी। जबकि प्रधानाध्यापक अनुपम गौतम ने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा भेंट की। अर्जित सिंह विजय कुमार, गौरव सिंह ने सोहनवीर के अलावा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि, एसएमसी अध्यक्ष, सदस्य, अभिभावक मौजूद रहे।

### कल तक करें आवेदन

**जलालाबाद।** जवाहर नवोदय विद्यालय छठवीं कक्षा के लिए इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य संदेश कुमार पांडे ने बताया कि जो कक्षा 05 में पढ़ रहे हैं वह अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा के लिए विद्यालय की वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बताया कि शिक्षा सत्र 26-27 में छठवीं कक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई है।

### कमेंट करने पर रिपोर्ट दर्ज

**छिबरामऊ।** बस्तीराम के अनुपम बाजपेई पुत्र दिनेश चन्द्र ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि इंस्टाग्राम अकाउंट पर सपा के हैंडल से कल्यानपुर के मंटू यादव ने ब्राह्मण समाज की महिलाओं को धमकी देते हुए अभद्र टिप्पणी की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### तेजी से चल रही है परिषदीय स्कूलों की पेयरिंग की प्रक्रिया, मांगे जा रहे सहमति पत्र

# अब जर्जर भवन वाले स्कूल भी समायोजन के दायरे में

**पहल**

- निकट वाले परिषदीय स्कूलों में भेजे जाएंगे बच्चे व शिक्षक
- अभी 450 विद्यालयों के पेयरिंग की सूची बनी है

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों के पेयरिंग यानि जोड़ा (समायोजन) की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। शासन का इस पर खास जोर भी है। जो विद्यालय पेयरिंग के दायरे में आ रहे हैं उनके प्रधानाध्यापकों से कहा जा रहा है कि सहमति पत्र जरूर जमा कर दें। दूसरी ओर नई बात सामने आई है कि जहां के विद्यालय भवन जर्जर हैं, उनको भी समायोजित कर दिया जाएगा।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के मुताबिक अभी 450 विद्यालयों के पेयरिंग की सूची बनी है। हालांकि यह आंकड़ा घट-बढ़ सकता है। कई तरह के परिषदीय स्कूल चिह्नित किए गए हैं इसमें 10 से कम, 20 से कम, 30 से कम, 40 व 50 से कम छात्र-छात्राओं वाले विद्यालय शामिल हैं। बताया गया है कि इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापकों को सहमति पत्र भेजे गए हैं। वह लिए भी जा रहे हैं। इसमें प्रधान, एसएमसी के पदाधिकारी व सदस्य, अभिभावकों व शिक्षकों से हस्ताक्षर कर जमा करने को कहा गया है। सूत्रों के मुताबिक कई विद्यालयों की ओर से सहमति पत्र जमा भी कर दिए गए हैं। कहा जा रहा है कि जल्द ही इसको लेकर कोई निर्णय आ जाएगा। शासन के निर्देश पर अधिकारी अधिक से अधिक सहमति पत्र लेने पर जोर दे रहे हैं। कुछ गांव व विद्यालयों में इसका विरोध भी हो रहा है। सदर बीईओ मधुलिका बाजपेयी का कहना है कि अभी 50 व उससे कम छात्र-छात्राओं वाले परिषदीय स्कूलों को पेयरिंग प्रक्रिया में शामिल किया गया है।

> किसी भी परिषदीय स्कूल का यू-डायस कोड समाप्त नहीं होगा। जर्जर भवन के बच्चों को दूसरे निकट वाले सही बिल्डिंग के विद्यालय में पढ़ाया जाएगा। जब शासन से बजट मिलेगा तो नया स्कूल भवन बनवाकर उसमें फिर से पढ़ाई शुरू करा दी जाएगी। पेयरिंग प्रक्रिया से फायदा मिलेगा।
>
> **संदीप कुमार, बीएसए**

### सरप्लस में आज तक आवेदन, बीएसए कल करेंगे डॉटा लॉक

**कन्नौज।** बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र तिवारी ने बीएसए को जारी किए पत्र में कहा है कि विभाग के अधीन परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं शैक्षिक सत्र 2025-26 में स्वेच्छा से अंत: जनपदीय तबादला व समायोजन के तहत 28 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 29 जून को दोपहर 1 बजे तक ऑनलाइन आवेदन की प्रति बीएसए कार्यालय में जमा कर सकते हैं। उसी दिन बीएसए ऑनलाइन सत्यापन एवं डाटा लॉक करेंगे। 30 जून को एनआईसी के साफ्टवेयर से तबादले की सूची जारी हो जाएगी। शिक्षक कम से कम एक व अधिकतम 25 सरप्लस विद्यालयों का विकल्प भर सकेंगे। प्रधानाध्यापक व उच्च प्राथमिक स्कूल के सहायक अध्यापक के लिए प्रदर्शित वैकेंसी के लिए हेडटीचर पीएस व यूपीएस के सहायक अध्यापक के शिक्षक परस्पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

## सड़क हादसों में आठ लोग हुए घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में महिलाओं तथा बच्चों सहित आठ लोग घायल हो गए।

नगर की नवीन मंडी गोपाल नगर लड़ैता निवासी विपिन कुमार (26)की कार शुक्रवार की दोपहर खोजीपुर पेट्रोल पंप के सामने खाई में जा गिरी। घटना में विपिन सहित पत्नी अंजलि (25), पुत्री सौम्या (04), मिस्ठी (ढाई साल), 5 माह का पुत्र शुभांशु तथा छोटे भाई संजय कुमार की पत्नी नेहा (22) घायल हो गई। ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुपम बाजपेई ने सभी लोगों को सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। विपिन, सौम्या, नेहा और अंजलि की हालत गंभीर देख तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। वहीं दूसरी घटना में बाबा की बगिया कट पर तेज रफ्तार लोडर की टक्कर लगने से बाइक सवार विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम खरौली निवासी अनूप सिंह (27) पुत्र मैकूलाल तथा उनकी पत्नी फूल कुमारी (26) घायल हो गई।

## सार-संक्षेप



बस की आरती वंदना करते मयंक गुप्ता व देवेन्द्र देव। अमृत विचार

### अमरनाथ यात्रियों के जत्थे का स्वागत कर किया रवाना

**गुरसहायगंज।** अमरनाथ यात्रियों का नगर में स्वागत कर धूमधाम से भ्रमण कराया गया। इसके बाद फूलमालाएं पहनाकर व आरती वंदना कर यात्रियों को तीर्थ यात्रा के लिए रवाना किया। गुरुवार की रात नगर के तिर्वा रोड से बाबा अमरनाथ वर्फानी सहित अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन के लिए लगभग 56 यात्री बस द्वारा रवाना हुए। इनका पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता व भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव ने फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। इससे पहले तीर्थ यात्रियों व स्थानीय लोगों ने पूजा अर्चना कर आरती वंदना की। इसके बाद नगर के तिर्वा, जीटी रोड, चकोर गली से संतोषी माता मंदिर तक भक्तों ने धूमधाम से भ्रमण किया और देवालयों में आशीर्वाद लिया। आयोजक निर्मल किशोर गुप्ता ने बताया कि यात्रियों को गोवर्धन, बरसाना, वृंदावन, ऋषिकेश, देहरादून, शहस्त्रधारा, बाबा अमरनाथ, माता वैष्णो देवी, कुरुक्षेत्र, चुलकाना धाम के दर्शन कराए जाएंगे। 07 जुलाई को यात्री नगर लौटेंगे। इस दौरान प्रदीप गुप्ता, लालजी वर्मा, उत्कर्ष गुप्ता, दीपक सिंह, शिवा गुप्ता, दिव्यांश, प्रीती श्रीवास्तव, अजय, रचित चौरसिया, प्रभाकर गुप्ता, नीरज वर्मा, मोहन वर्मा, शिवम कश्यप, नितिन शास्त्री, अमित शर्मा, अजीत गुप्ता, ज्योति गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, हिमांशी वर्मा आदि यात्री रवाना हुए।

### सेल्फी प्वाइंट बनाने में रुचि न लेने पर ईओ को चेतावनी

**कन्नौज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने सेल्फी प्वाइंट व टेंपो स्टैंड बनाने में रुचि न लेने पर नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी को चेतावनी निर्गत करने के निर्देश दिए। साथ ही निवेश मित्र पोर्टल पर यूपीसीडा विभाग की 01 एनओसी लंबित पाये जाने एक सप्ताह के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला उद्योग बंधु की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। निर्देश दिए कि जलापूर्ति जैसी प्रत्येक समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए और निवेश को बढ़ावा देने के लिए सुविधाएं समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जाएं।



जगन्नाथ यात्रा का स्वागत करते श्रद्धालु। अमृत विचार

## भगवान जगन्नाथ यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** भगवान जगन्नाथ जी की शोभा यात्रा बैंड बाजा के बीच पूरी भक्ति भाव से निकली गई है।

शुक्रवार शाम को रामजानकी ठाकुर द्वारा से भगवान जगन्नाथ की पालकी धूमधाम से शुरू हुई। बैंड बाजा तथा जयकारों के शोभा यात्रा का जगह जगह श्रदालुओ ने पुष्प वर्षा कर पूजा अर्चना की गई।गांधी चौक पर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा धारा नगर रोड पर स्थित सेठ जी की बगिया में प्रसाद वितरण के उपरांत संपन्न हुई है। इस अवसर पर बाबा गोविंद दास जी, अखिलेश यादव,नरेंद्र कुमार गुप्ता मालिक,दिनेश शर्मा,महेश पांडे, नरेंद्र गुप्ता,अश्वनी पांडे ज्ञानेंद्र पांडे,सर्वेश गुप्ता प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र विक्रम सिंह, निरीक्षक राधेश्याम, ठठिया थाना प्रभारी जे पी सिंह, इंदरगढ़ प्रभारी पारुल चौधरी उप निरीक्षक सुरेश पाल, आर एस शर्मा कस्बा चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## ओवरलोड वाहनों पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले में चल रहे ओवर लोड वाहनों पर कार्रवाई करने के लिये डीएम ने संज्ञान लिया है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं।

जिले में ओवर लोड वाहन फर्राटा भरते हैं। इनसे दुर्घटनाएं होती है। इसी को देखते हुए जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने एआरटीओ इज्या तिवारी को इस तरह के वाहनों पर कार्रवाई करने को कहा है। इस पर एआरटीओ ने ओवर लोड वाहनों के खिलाफ की गई कार्रवाई को गिनाया है। बताया कि माह जून-2025 में अब तक 28 ओवरलोड वाहनों को जनपद के विभिन्न थानों में बंद किया है। इसमें 27 जून के 5 ओवरलोड वाहन शामिल है। इन पर 15.98 लाख जुर्माना लगाया गया है। बताया कि सड़क सुरक्षा से संबंधित अभियोगों में चालान / निरूद्ध की कार्रवाई की जाती है। इसमें माह जून में अब तक कुल 1100 चालान किये गये। इस में सीटबेल्ट-109, हेल्मेट-457, रांग साईड-52, वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का प्रयोग-25, ड्रंकन ड्राईविंग-04 ओवरस्पीड-453 वाहनों के चालान किए जाने को गिनाया गया।



ओवर लोड डंपर पर कार्रवाई करती एआरटीओ इज्या तिवारी। अमृत विचार

### क्यों नहीं दिखते तिर्वा मौरंग मंडी के ओवर लोड डंपर

**कन्नौज।** विभाग का रहमोकरम कहें या कुछ और। तिर्वा में बेला रोड पर मौरंग की अवैध मंडी का संचालन काफी समय से चल रहा है। यहां पर अधिकतर डंपर ओवरलोड मौरंग लाद कर आते हैं। इन पर कार्रवाई नहीं की जाती है। यहां नियमित करीब दो सैकडा डंपर सुबह के समय खडे होते हैं। पूर्व में एसडीएम तिर्वा ने यहां छापा मारा था और कई ओवरलोड डंपर व ट्रकों को बंद किया गया था। इस कार्रवाई के बाद एआरटीओ की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इससे यह मौरंगमण्डी लगातार फल फूल रही है।

## डीपीओ रिलीव महेंद्र प्रताप सिंह ने संभाली जिम्मेदारी

**कन्नौज।** तबादले के 2 सप्ताह देरी से आखिरकार जिला प्रोबेशन अधिकारी (डीपीओ) इरा आर्या रिलीव हो गईं। जिला दिव्यांग जन सशक्तीकरण अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह को डीपीओ की अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल गई है।

डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर शुक्रवार को इरा आर्या ने महेंद्र प्रताप सिंह को चार्ज सौंपा। उसके बाद विनोद दीक्षित अस्पताल परिसर में संचालित वन स्टॉप सेंटर में कर्मियों ने विदाई दी। हालांकि इस कार्यक्रम में अन्य विभागों के अधिकारी शामिल नहीं हुए। चर्चा है कि डीएम ने तो डीपीओ को रामपुर के लिए दो-तीन दिन पहले ही रिलीव कर दिया था लेकिन शुक्रवार को उन्होंने चार्ज छोड़ा है। दरअसल, आउटसोर्सिंग के तहत विभाग में हुईं भर्तियों में उन्होंने काफी अनियमितताएं की हैं। इसको लेकर वह चर्चा में आईं हैं। चयन कमेटी में खुद रहते हुए दो सगे-संबंधियों का चयन भी उन्होंने किया। इसकी शिकायतें शासन तक हुईं। जिले के कुछेक अधिकारियों ने आरोपी अधिकारी की जमकर पैरवी की जिससे उनके खिलाफ कोई जांच या कार्रवाई नहीं की गई। हालांकि डीपीओ शनिवार को चार्ज छोड़ना चाह रहीं थीं लेकिन आरोप-प्रत्यारोप के बीच उनको पहले ही रिलीव कर दिया गया।

**न्यायालय उप जिलाधिकारी मैथा जनपद कानपुर देहात।**
वाद सं0-टी0- 21 सन्- 2025
अन्तर्गत धारा- 24 उ0प्र0राजस्व संहिता-2006, ग्राम- बैरी सवाई, तहसील- मैथा, जनपद कानपुर देहात
**चक्रपाल सिंह**
बनाम
**ग्राम सभा**
1- उमेश चन्द्र/डोरी लाल, 2- कमलेश/बेचेलाल, 3-नीरज/बेचेलाल, 4- पार्वती/झूरी, 5-पार्वती/बेचेलाल 6- पूरन/झूरी, 7-बलवीर प्रसाद/डोरीलाल, 8- मानसिंह /बेचेलाल, 9-मुकेश/बेचेलाल, 10-रणधीर/डोरीलाल 11- रमेशचन्द्र/डोरी लाल, 12- राजेश/बेचेलाल, 13-गोपीलाल/गोकुल, 14- नीवीलाल/गोकुल, 15- श्रीराम /खैरू, 16- रामबिलास / डोरीलाल, निवासीगण -हृदयपुर, का0 दे0 एवं 17- अनिल कुमार/रामशंकर, 18- अरूण कुमार/सोनेलाल, 19- अशोक कुमार उर्फ तन्नू/रामलखन, 20-आदित्य कुमार / सोनेलाल, 21-उमाशंकर/दाताराम , 22- कृष्णमुरारी/ रामशंकर, 23-जीवनलाल/ महगूलाल, 24- दयाशंकर / दाताराम, 25- वीरेन्द्र कुमार/रामशंकर, 26- मनोज कुमार/रामलखन, 27-राजकुमार/रामशंकर, 28- श्यामजी/सोनेलाल, 29- श्रवण कुमार/रामशंकर निवासीगण सुजानपुर, का0 दे0 30-श्रीमती पानकुमारी/बाबूराम नि0 ग्राम अहिरानी का0 दे0
धारा- 24 UPRC, ग्राम हृदयपुर
बाजेह हो कि ... ने आपके नाम एक नालिस बावत ... दायर की, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 04 माह 07 सन् 2025 ई0 बवक्त बमुकाम असलिता या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिर्फ किया गया हो और कुल उमर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सकें या जिसके साथ कोई और सख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जमला गवाही की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेज जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलात कराना चाहेक हो उसी रोज पेश करिए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज कजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से बतारीख 20 माह 6 सन 2025 ई0 को जारी किया गया।
उप जिलाधिकारी, मैथा, कानपुर देहात।



जेल का निरीक्षण करने के बाद बाहर खड़े न्यायिक व जिलाधिकारी। अमृत विचार

## नए कैदियों का करें स्वास्थ्य परीक्षण

संवाददाता जलालाबाद

**अमृत विचार।** जनपद के आला अधिकारियों ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान नए कैदियों का जेल अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण किए जाने के निर्देश दिए।

शुक्रवार को जिला न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। कैदियों की बैरक, उनके खाने-पीने व सफाई व्यवस्था को देखा। जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि जेल में किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री न लाई जाए। कैदियों पर कड़ी नजर रखी जाए। इस दौरान जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद, रामबहाल दुबे, उर्मिला सिंह, पंकज कटियार आदि मौजूद रहे।

## रोहित कोषाध्यक्ष, इमरान बने कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष

संवाददाता,छिबरामऊ

- प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी का हुआ गठन

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला छपट्टी स्थित पूर्व सैनिक विनय भदौरिया के आवास पर पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहम्मद शाक़िर हुसैन एडवोकेट ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जिला स्तरीय कमेटी का गठन करते हुए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है।

जिलाध्यक्ष ने रोहित त्रिवेदी को कोषाध्यक्ष, इमरान खान को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और विजय लक्ष्मी दुबे, हरि शंकर मिश्रा एडवोकेट, अनुज मिश्रा, किरण वर्मा, विनोद कुमार दुबे (पप्पू), राजीव कुमार श्रीवास्तव, विमला पौल, फैशल खान, धर्मेन्द्र सविता, वेंकटेश नारायण शुक्ला एडवोकेट, बृजेन्द्र सिंह फौजी, एहसानुल हक, पुष्पेन्द्र पाण्डेय को उपाध्यक्ष एवं शबाना बेगम, पारुल त्रिपाठी, मीर हारून, शशिकान्त गुप्ता, वसीजान, हरमोहन सिंह यादव एडवोकेट, फरहान खान, डॉ. प्रियंका दुबे, मोहम्मद वासिफ फारुखी, सुनीता मौर्या, ओ.पी.त्रिपाठी, पूजा उर्फ स्वाती मौर्या, शगुफ्ता हसन, अमोल दीक्षित, संदीप कुमार पाठक, शमशाद सिद्दीकी, जितेन्द्र सिंह चौहान व सौरभ त्रिपाठी को महासचिव तथा चंद्रशेखर कश्यप एडवोकेट, सारिक सिद्दीकी, रामेश्वर दयाल कठेरिया, माया प्रसाद शाक्य, नीलम शाक्य, रोशन जहाँ, कुमारी निमिषा, शिवदत्त कनौजिया, राधाकृष्ण राजपूत, सिंटू पाल, असगर, मोहम्मद आरिफ, प्रदीप केलकर, गुड्डू गाँधी, रजनीकांत दोहरे, दीपक कुमार दोहरे, मुहीद खान, अशोक कनौजिया, सत्य प्रकाश शर्मा, आशीष शुक्ल, अनीस खान, कलीम खान, रमेश सविता, मुन्ना दुबे, यतेन्द्र कमल, शेखर गिहार, श्रीमती रोशनजहां, मोहम्मद दीन, मनीष पाण्डेय, पंकज कुमार गुप्ता, रमाशंकर राठौर को सचिव के पद पर के अलावा घनश्याम सिंह यादव को जिला प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया गया है। इस दौरान पीसीसी सदस्य एवं प्रदेश महासचिव संजय पौल, विनोद दुबे पप्पू, आमिर खान, मेराज अली, शराफत खान, आशीष चौहान व राजू खान मौजूद रहे।



प्रेस वार्ता के दौरान कमेटी की जानकारी देते कांग्रेस जिला अध्यक्ष। अमृत विचार

**पहल** हसेरन ब्लॉक क्षेत्र के रौसा ग्राम पंचायत में हवन-पूजन में शामिल हुए विधायक समेत कई अफसर

# पांडु नदी के जीर्णोद्धार को डीएम ने फावड़ा चलाकर किया शुभारंभ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** ऐतिहासिक व पौराणिक पांडु नदी के जीर्णोद्धार को शुभारंभ डीएम ने फावड़ा चलाकर शुरू किया। जनपद में 31.5 किलोमीटर दायरे में गुजरी इस नदी को पुर्नजीवित किया जाएगा। शासन ने हर जिले में छोटी या विलप्त नदी को पुर्नजीवित करने को कहा है। इसी के तहत पांडु नदी का चयन हुआ है। ट्रेनिंग पर आए 550 सिपाही भी श्रमदान करेंगे।

शुक्रवार को अभियान का शुभारंभ विकास खंड हसेरन क्षेत्र की ग्राम पंचायत रौसा में विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने संयुक्त रूप से फावड़ा चलाकर किया। इससे पहले विधि-विधान से हवन-पूजन किया गया। इसमें अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने आहुतियां डालीं। विधायक ने कहा कि पांडु नदी के जीर्णोद्धार में सरकारी प्रयासों के साथ-साथ स्थानीय लोगों का सहयोग कार्य को सफल बनाया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी जनपदों में विलुप्त नदियों के जीर्णोद्धार का कार्य कर रही है। इससे न सिर्फ पर्यावरण में सुधार होगा, बल्कि लोगों के आर्थिक जीवन में भी बदलाव आएगा। डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी को निर्देश दिए कि हर रोज कार्यक्रम तैयार कर अपडेट करें, कि कितना कार्य हुआ है।

**इन ग्राम पंचायतों से गुजरी है पांडु नदीः कन्नौज।** सीडीओ ने बताया कि पांडु नदी ऐतिहासिक एवं पौराणिक दृष्टि से महत्व रखती है। पांडु नदी गंगा नदी की एक सहायक नदी है, इस नदी का उद्गम विकास खंड हसेरन के कंसुआ झील से हुआ है। यह नदी कन्नौज, औरैया, कानपुर देहात, कानपुर नगर होते हुए फतेहपुर जनपद में गंगा नदी में मिल जाती है। पांडु नदी की कुल लंबाई लगभग 200 किलोमीटर है। कन्नौज में कुल 31.5 किलोमीटर यह प्रवाहित होती है, जिसमें हसेरन ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत कंसुआ, सकतपुर, रौसा कुल 8 किलोमीटर और विकास खंड उमर्दा की ग्राम पंचायत खानपुर, सरसई, औसेर, रहमतपुर, सिंगरी, सिमरिया में लगभग 23.50 किमी प्रवाहित है। डीसी मनरेगा दिनेश यादव ने बताया कि यह कार्य मनरेगा राज्य वित्त के कंर्वजन से कराया जाएगा।



रौसा ग्राम पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में हवन में आहुतियां डालते अधिकारी व जनप्रतिनिधि। अमृत विचार



पांडु नदी के जीर्णोद्धार के लिए फावड़ा चलाते डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत। अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मैने अपना नाम ललित कुमार थावनानी से बदलकर ललित कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे ललित कुमार के नाम से जाना जाए। - **ललित कुमार पुत्र द्वारिका दास, 122/516 सिंधी कालोनी , शास्त्री नगर कानपुर 208005**

**सूचना**
सूचित हो कि मैने अपना नाम हसन मेंह्दी राजू से से बदलकर हसन मेंहदी पुत्र श्री मो0 मेंहदी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **हसन मेहदी पुत्र मो0 मेंहदी 66, गोलागंज, मकबरा अलिआ लखनऊ**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति स्व. रामदेव के द्वारा कराई गई पॉलिसी संख्या 276431173 में मैं ममता नामिनी हूं। पॉलिसी में मेरा नाम मन्होत्रा अंकित है जो गलत है। जबकि आधार कार्ड व बैंक पासबुक में ममता अंकित है जो सही है। दोनों नाम मेरा ही है। लिखा पढ़ा व दर्ज किया जाए। **ममता पत्नी रामदेव ग्राम व पोस्ट सरैया बंधुआकला, जिला सुल्तानपुर**

**सूचना**
मैंने अपना नाम मोहम्मद इलियास से बदल कर मोहम्मद इलियास इकबाल पुत्र मोहम्मद इकबाल रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **मोहम्मद इलियास इकबाल 164/ 62 वी, फुल झाऊ लाल, अमीनाबाद, लखनऊ**

**सूचना**
मैं सूचित करती हूँ कि मेरी बेटी का नाम अनुष्का श्रीवास्तव और उसके पिता का नाम अनुज कुमार आधार कार्ड में गलत दर्ज है। जबकि मेरी बेटी का सही नाम एंजेल श्रीवास्तव और पिता का सही नाम अनुज कुमार श्रीवास्तव उसके स्कूल रिकॉर्ड में दर्ज है। अतः मेरी बेटी का सही नाम एंजेल श्रीवास्तव और उसके पिता का सही नाम अनुज कुमार श्रीवास्तव आधार कार्ड में सही दर्ज किया जाए। **रश्मि श्रीवास्तव पत्नी स्व0 अनुज कुमार श्रीवास्तव निवासिनी- बी-102, प्लॉट नं0 48 विमल नगर, कामता, चिनहट, लखनऊ- 227105**

**सूचना**
मैं KM SAGAR MATI YADAV W/O ANIL KUMAR जाति-अहीर, निवासी-ग्राम-नोनरा, पोस्ट-टिकरिया, तहसील-सदर, थाना-धम्मौर, जिला-सुलतानपुर (उ0प्र0) पिन कोड-228001 है । मेरे पति अनिल कुमार जिनका आर्मी नं0 16019669K है जिसमें आर्मी दस्तावेजों में मेरा नाम KUMARI SAGAR MATI YADAV दर्ज है जो कि गलत है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम KM SAGAR MATI YADAV अंकित है जो सत्य व सही है। अत: मेरे पति ANIL KUMAR के आर्मी के समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम KM SAGAR MATI YADAV दर्ज किया जाय।

**आज का मौसम**

शनिवार को बादल छाए रहने के साथ गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

32.0⁰ अधिकतम तापमान | 27.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 17 | सूर्यास्त 07 : 08

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## 15 हजार रुपये, बाइक, तमंचा व कारतूस बरामद , पुलिस कर रही मामले की जांच

# पुलिस मुठभेड़ में टप्पेबाज को लगी गोली, दो लोगों को किया गिरफ्तार

संवाददाता गुरसहायगंज, कन्नौज


घायल आरोपी को उपचार के लिए ले जाते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक पखवारा पहले क्षेत्र में हुई टप्पेबाजी की घटना के मामले में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी के फायर करने पर जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी जिसे पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने 15 हजार रुपये, तमंचा कारतूस व बाइक बरामद की है।

बता दें कि 10 जून को ब्लाक तालग्राम के ग्राम जहांगीरपुर निवासी वृद्ध किसान लंकुश वर्मा पुत्र रामविलास वर्मा दोपहर के समय साइकिल से मलिकपुर स्थित बैंक में 81 हजार रुपये जमा करने जा रहा था। रुपये, खाना, बैंक पासबुक, आधार व अन्य सामन झोला में रखकर साइकिल के हैंडल पर टांग लिया। जैसे ही वह मार्ग पर स्थित नलकूप के निकट पहुंचा पीछे से आ रहे बाइक सवार दो लोगों ने उसे रोक लिया और झोला लेकर फरार हो गए। कुछ दूरी पर खाली झोला व अन्य सामान पड़ा मिल गया था। मामले में पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

शुक्रवार तड़के करीब 03 बजे कोतवाल आलोक कुमार दुबे, उप निरीक्षक दीपक कुमार पुलिस टीम के साथ नदसिया तिराहा पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेंकिंग कर रहे थे। इस दौरान दो लोग बाइक से आते दिखाई दिए दिए जिन्हें रुकने का इशारा किया। इस पर पीछे बैठे व्यक्ति ने तमंचे से पुलिस पर फायर कर दिया और नदसिया से अनौगी जेल रोड पर बाइक से भागने लगे। पीछा करने पर बाइक फिसल गई। आरोपी पैदल भागने लगे और फिर से पुलिस पर फायर किया। पुलिस ने जवाब में फायरिंग की जिससे एक के दाहिने पैर में गोली लग गई जबकि ललकारने पर साथी सड़क किनारे हाथ ऊपर करके खड़ा हो गया। दोनो को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पूछताछ पर घायल ने अपना नाम बाबूद्दीन पुत्र नजरूद्दीन उर्फ छोटेशाह निवासी नौरंगाबाद थाना रूरा जिला कानपुर देहात व दूसरे ने रूस्तम पुत्र सरवर अली निवासी आनन्द नगर रावेल गेस्ट हाऊस के पास रावतपुर थाना रावतपुर जनपद कानपुर नगर बताया। पुलिस ने आरोपियों से 15 हजार रुपये, दो तमंचा, 02 जिंदा कारतूस, 02 खोखा कारतूस व एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पूछताछ में बाबूद्दीन ने बताया कि 10 जून 2025 को अपने साथी शरीफ पुत्र स्व. रज्जाक अली निवासी नौरंगाबाद थाना रूरा जनपद कानपुर देहात के साथ मिलकर टप्पेबाजी की घटना करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया।

## योजनाओं का लाभ दिलाने को आज से लगेंगे कैंप

**कन्नौज।** दिव्यांग बच्चों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जिलेभर के ब्लॉकों में 28 जून यानि आज से कैंप लगेंगे। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दिव्यांग बच्चों के चिह्नांकन एवं उनके समग्र पुनर्वासन को लेकर यह कैंप लग रहे हैं। विकास खंड परिसर छिबरामऊ में 28 जून, सौरिख (खड़िनी) में 3 जुलाई, तालग्राम (तेराजाकेट) में 9 जुलाई, हसेरन में 11 जुलाई, उमर्दा (तिर्वा) में 17 जुलाई, जलालाबाद में 23 जुलाई, गुगरापुर में 26 और कन्नौज ब्लॉक परिसर में 30 जुलाई को कैंप लगेंगे। सभी जगह समय सुबह 11 से शाम 4 बजे तक रहेगा।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि सीडीओ ने सभी बीडीओ, जिला कार्यक्रम अधिकारी व बीएसए को निर्देश दिए हैं कि अपने कर्मचारियों के सहयोग से अभियान का सफल बनाएं। दिव्यांग बच्चों का पात्रता के तहत पंजीकरण कर आवेदन कराने को कहा गया है। दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए भी प्रक्रिया इसमें होगी।


जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जातीं आशा। अमृत विचार

## खराब नेटवर्किंग से ऑनलाइन काम करना हो गया असंभव

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- आशा ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा

**अमृत विचार।** मोबाइल की खराब नेटवर्किंग की शिकायत लेकर जिले की आशा डीएम कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कहा, इस तरह से ऑनलाइन काम करना संभव नहीं होगा।

स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आशा को भी सभी काम आनलाइन करने के निर्देश दिये गये हैं। इसलिये इनको शासन से मोबाइल भी दिये गये हैं। विभाग की ओर से ऑनलाइन काम के लिये दवाब बनाया जाता है। इसीके चलते एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष रानी के नेतृत्व में कई आशा कलक्ट्रेट पहुंचीं। आशा ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन में कहा गया कि उनको जिस कंपनी का सिम दिया गया है उस में नेटवर्किंग की समस्या आ रही है। जब वह ऑनलाइन काम करती है तो समस्या आ जाती है। इससे काम में देरी होती है। इसे पहले दूसरी कंपनी का सिम दिया गया था वह ठीक था। विभागीय पोर्टल को खोल कर काम करने का प्रयास करने पर काम होता ही नहीं। मांग की है कि खराब नेटवर्किंग के सिम को वापस लेकर पहले से उपयोग किये जा रहे दूसरी कंपनी की सिम का उपयोग करने की इजाजत दी जाये।

## एक नजर

### ट्रांसफार्मर में केबल बांधने पर युवक को पीटा

**सौरिख,कन्नौज।** ट्रांसफार्मर में केबल बंधने को लेकर युवक को मारपीट कर घायल कर दिया गया। सकरावा थाना क्षेत्र के गांव शरीफपुर निवासी अभय प्रताप सिंह ने बताया, उसके मकान के पास रखे ट्रांसफार्मर की डीपी फुक जाने से दूसरे ट्रांसफार्मर से केबल लगा रहा था। तभी गांव के ओम प्रताप सिंह तथा वैभव प्रताप आकर गालियां देने लगे। जब विरोध किया तो डंडों से मारपीट करना शुरू कर दिया। चेहरे पर दांतों से काट भी लिया। मुकदमा दर्ज हो गया।

### आज बंद रहेंगी खाद बीज की दुकानें

**कन्नौज।** समस्याओं को लेकर जिले की खाद, बीज व दवा की दुकाने बंद रख कर व्यापारी डीएम को ज्ञापन देंगे। एग्रो इनपुट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि प्रदेश स्तरीय आवाहन पर 28 जून को एसोसिएशन के तहत सभी व्यापारी अपनी खाद, बीज व दवा की दुकानें बंद रखेंगे। व्यापारी सरायमीरा में सुवह 10 से 11 बजे के बीच एकत्र होंगे। इसके बाद संयुक्त रुप से जिलाधिकारी से ज्ञापन देंगे।

### मोहर्रम की पहली तारीख से बंटने लगा शरबत

**छिबरामऊ।** शुक्रवार को मोहर्रम की पहली तारीख से मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हर आने जाने वाले व्यक्ति को ठंडा शरबत व पानी पिलाना शुरू कर दिया है। शरबत पिलाकर लोग इमाम हुसैन और उनके साथियों के प्रति सम्मान और सहानुभूति व्यक्त करते हैं।

## तेज रफ्तार बाइक फिसलने से तीन घायल, एक गंभीर

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- गुरुवार की देर शाम तिर्वा क्रासिंग ओवर ब्रिज पर हुई दुर्घटना
- घायलों को जिला अस्पताल में किया गया भर्ती

**अमृत विचार।** देर रात तिर्वा क्रासिंग ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार बाइक दुर्घटना का शिकार हो गई। इससे बाइक सवार तीन युवक घायल हो गये। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर एक युवक को कानपुर रेफर कर दिया गया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव शरीफापुर निवासी रामानंद, सचिन व अमन गुरुवार की देर शाम एक ही बाइक पर सवार होकर पाल चौराहे से तिर्वा क्रासिंग ओवर ब्रिज होते हुए जा रहे थे। बताया जाता है कि बाइक की गति अधिक होने से चालक ओवर ब्रिज मोड़ पर नियंत्रण खो बैठा। इससे बाइक फिसल गई। दुर्घटना में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों ने तीनों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा।

यहां उपचार के दौरान रामानंद को गंभीर हालत में कानपुर रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि रामानंद की हाल ही में शादी हुई है। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में तैनात डाक्टर ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि घायल हुए सभी युवक नशे में थे। इसीके चलते नियंत्रण नहीं रख सके और बाइक फिसल गई। दो युवकों की हालत ठीक है। एक युवक को रेफर किया गया है।

## सदर में बीईओ-प्रधानाध्यापकों की बैठक आज

**कन्नौज।** बीईओ मधुलिका बाजपेयी ने बताया कि 28 जून को ब्लॉक सदर परिसर में प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापकों की बैठक होगी।

सुबह साढ़े 10 से न्याय पंचायत नजरापुर, लोहामढ़, सरायमीरा देहात, सीहपुर व पैंदाबाद इलाके के विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को बुलाया गया है। दूसरे चरण में सुबह साढ़े 11 बजे से आटी, मियांगंज, तेरामल्लू, उदैतापुर, यूसुफपुर भगवान, जलालपुर पंचमा क्षेत्र के स्कूलों के प्रधानाध्यापक शामिल होंगे। बीईओ ने बताया कि बैठक में स्कूल चलो अभियान रैली, नवीन नामांकन, शिक्षक डायरी, , विद्यालय पेयरिंग पर चर्चा होगी।


पट्टी गांव में खराब हैंडपंप में बंधी बकरियां अमृत विचार


बढनपुर गांव में खराब पड़ा हैंडपंप। अमृत विचार

## बढ़नपुर वीरहार में लगे हैंडपंप खराब, जिम्मेदार बेखबर

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

- दिखावा बने प्यास बुझाने के संसाधन, बांधी जा रहीं बकरी

**अमृत विचार।** आम लोगों को राह चलते प्यास बुझाने के लिए पानी मिल सके इसके लिए स्थान-स्थान पर लगे सरकारी हैंडपंप खराब पड़े हैं। इस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह सब जानकर भी प्रशासन अंजान बना हुआ है।

उमर्दा ब्लाक के बढनपुर वीरहार के मजरे पट्टी में हैंडपंप लगवाए गए थे। इसमें से पट्टी गांव में कई हैंडपंप खराब हैं। इनसे लंबे समय से पानी नहीं मिल पा रहा है। स्थिति तो यह है कि पट्टी गांव में खराब पड़े हैंडपंप में ग्रामीण बकरी बांधने का काम कर रहे हैं। कई बार ग्रामीणों ने पानी के संकट से निजात दिलाने के लिए ग्राम प्रधान व सचिव से मिलकर नल सही कराए जाने की मांग की। इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। गांव में लगे हैंडपंप खराब होने के कारण ग्रामीणों के सामने पानी का संकट बना हुआ है।

खण्ड विकास अधिकारी सोनिया श्रीवास्तव ने बताया कि सचिव का गांव से स्थानांतरण हो गया है। जैसे ही कोई सचिव चार्ज लेता है तो प्राथमिकता के आधार पर सभी नलों को सही कराया जाएगा।

## इंजीनियरिंग कॉलेज करेगा नए शोधकर्ताओं की मदद

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** किसी भी संस्थान का कोई छात्र नये शोध करता है तो उस संस्थान की आर्थिक सहायता राजकीय इंजीनियरिंग कालेज करेगा। इसके लिए कॉलेज को एमएसएमई की इनोवेटिव स्कीम के तहत इनक्यूबेशन घटक संस्थान के लिए चुना गया।

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के इनक्यूबेशन सेंटर नवोत्थान स्टार्टअप फाउंडेशन (एनएसएफ) द्वारा कराए जा रहे कार्यो को देखकर कालेज को एमएसएमई गवर्नमेंट ऑफ इंडिया की इनोवेटिव स्कीम के इनक्यूबेशन घटक के तहत चुना गया है। इससे कालेज को प्रतिष्ठित हैकथॉन 5.0 आयोजित करने का अधिकार मिलता है। योजना का अनावरण शुक्रवार को एमएसएमई दिवस पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा किया गया है।

निदेशक मनोज शुक्ला ने बताया कि इस योजना के तहत, चयनित इनक्यूबेटर प्रति अभिनव विचार हेतु 15 लाख तक प्राप्त करने के पात्र हैं, जिसका उद्देश्य उद्यमशीलता को बढ़ावा देना, प्रौद्योगिकी अपनाने को बढ़ावा देना, मेंटरशिप-संचालित स्टार्टअप विकास को गति देना है - जो आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को मजबूत करता है। नवोत्थान स्टार्टअप फाउंडेशन की मदद से जिले के इंटरप्रेन्योर एवं स्टार्टअप्स एमएसएमई गवर्नमेंट ऑफ इंडिया की इस स्कीम के तहत लाभान्वित हो सकेंगे । इस स्कीम के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगो को लाभान्वित करने के लिये प्रेरित किया।

## रोज 22 हजार क्विंटल मक्का की हो रही आवक

नवीन मंडी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- मंडी में लग रहा मक्का लदे ट्रैक्टरों से जाम
- सरकारी क्रय केंद्र के मानक पूरा करने में किसान फेल



नवीन मण्डी में मक्का लदे ट्रैक्टर से लगा जाम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दो दिन से तेज धूप निकलने व बारिश न होने से नवीन मंडी में मक्का की आवक बढ़ गई है। प्रति दिन 22 से 23 हजार क्विंटल मक्का लेकर किसान मंडी में पहुंच रहे हैं। इससे मंडी के अंदर व बाहर जाम लग रहा है।

सरकारी खरीद होने के बाद भी क्रय केंद्रों पर मक्का नहीं पहुंच रही है। इस की मुख्य वजह क्रय केंद्र के मानक बताये जा रहे है। बताया जाता है कि किसान मक्का को सुखा कर नहीं ला रहे हैं। इसे वह क्रय केंद्रों के मानक में फेल हो रही है। इसी के चलते किसान आढ़तियों के यहां फसल बेंच रहे हैं जबकि इसमें किसानों को करीब 225 रुपये प्रति क्विंटल का नुकसान हो रहा है। मानक पूरे न कर पाने से किसान मक्का तैयार होने पर सीधे मंडी लेकर पहुंच रहे हैं। दो दिन से मौसम खुल जाने व तेज धूप निकलने से मक्का सुखा कर मंडी ला रहे हैं। एक साथ सैकड़ों ट्रैक्टर मक्का पहुंचने से मंडी में जाम लग रहा है। बताया जाता है कि मंडी में प्रति दिन 22 से 23 हजार क्विंटल मक्का की खरीद की जा रही है। मक्का की क्वालिटी खराब होने से आढ़ती इस मक्का को 2000 रुपये से लेकर 2040 रुपये तक खरीद रहे हैं। कुछ किसान तो भीगी मक्का लेकर पहुंच रहे हैं। इसे आढ़ती 1800 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद कर रहे हैं।

किसान राम सेवक ने बताया कि लगातार बारिश होने से अधिकतर किसानों की मक्का भीग गई। इससे वह काली पड़ गई। इस लिये किसान कम दाम में बेंच रहे हैं। इससे किसानों को नुकसान तो है पर खाली पड़े खेतों में गर्मी की मक्का बोने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है।

## नमाज पढ़ने गया दुकानदार शटर उठाकर हो गई चोरी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ नाबालिग चोर

**अमृत विचार।** नमाज पढ़ने गये व्यक्ति की दुकान का शटर उठा कर नाबालिग ने गोलक से नकदी पार कर ली।

सदर कोतवाली के मोहल्ला काजीटोला में कोतवाली से मात्र 200 मीटर की दूरी पर मेन रोड पर मोहल्ला बजरिया शेखाना निवासी मोहम्मद फैसल पुत्र फरासत अली की मोबाइल रिपेयरिंग व सामान बिक्री के अलावा फोटोकापी की दुकान है। शुक्रवार को वह दोपहर के समय जुमे कि नमाज पढ़ने मस्जिद में गया तो दुकान का शटर गिरा दिया। सीसीटीवी कैमरे लगे होने व दिन होने से शटर में ताला नहीं लगाया। इसी बीच एक नाबालिक चोर शटर को थोडा उठा कर दुकान के अंदर घुस गया। उसने चंद मिनट में दुकान की गोलक खोल कर नकदी चोरी कर कुर्ते के जेब में डालने के बाद कुछ अन्य सामान भी चोरी किया और दुकान से निकल गया। फैसल जब नमाज पढ कर दुकान पर लौटा तो उसकी नजर गोलक पर पड़ी। उसमें रखी नकदी गायब देख कर उन्होंने सीसीटीवी कैमरे को खंगाला तो देखा कि एक किशोर उनकी गैर मौजूदगी में शटर उठा कर दुकान में घुसा।पुलिस जांचकर रही है।

**अनदेखी** यातायात पुलिस की बात नहीं मानते बसों के चालक, कार्रवाई न होने से कर रहे मनमानी, लोग हो रहे परेशान

# स्टैंड के बाहर रोडवेज बसों से पूरे दिन लगता जाम

कार्यालय संवाददाता कन्नौज


सरायमीरा में रोडवेज बस स्टैंड के बाहर खडी बसों से लगा जाम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रोडवेज बस स्टैंड के बाहर दिन भर आने जाने वाली बसों के आड़े तिरछे खड़े होने से जाम की स्थिति बनी रहती है। यातायात प्रभारी के निर्देश के बाद भी सिपाहियों की बात पर रोडवेज चालक अमल नहीं करते हैं। इससे यात्रियों के साथ आम लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

सरायमीरा में बस स्टैंड के बाहर रोडवेज बसें एक साथ खड़ी हो जाती हैं जिससे जाम दिन भर जाम लगता है। इन बसों को हटाने के लिये यातायात पुलिस व होमगार्ड जवान जब चालकों से कहते तो वह अनसुनी कर देते हैं। इससे जीटी रोड पर जाम लगा रहता है। पूर्व में यातायात प्रभारी आफाक खां ने अभियान चला कर रोडवेज बस स्टैंड के बाह खड़ी बसों के चालान काटे थे। यही नहीं इन बस के चालक व परिचालकों को निर्देश दिये थे कि वह बसों को स्टैंड के अंदर ही खडा करें। इसका अनुपालन कुछ दिन तो हुआ लेकिन फिर चालकों ने मनमानी शुरू कर दी। इसकी मुख्य वजह यातायात प्रभारी ने रोडवेज बस स्टैंड के बाहर चेकिंग नहीं की। रोडवेज बस स्टैंड के बाहर एक साथ कई-कई बसों के खड़े हो जाने से जाम लग जाता है। यातायात सिपाही व होमगार्ड जवान जब इस जाम को खुलवाने के लिये रोडवेज के चालकों से हटाने के लिये कहते तो वह इतनी धीमी गति में बसो को हटाते कि जाम खुलने में घंटों का समय लग जाता। खास बात तो यह है कि सरायमीरा में कई आटो व टैंपो स्टैंड है। यह स्टैंड जीटी रोड फुटपाथ पर संचालित है। इस के अलावा ठेली दुकानदार भी इसी फुटपाथ पर जमे रहते हैं। इससे पैदल चलने वालों के लिए जगह ही नहीं बची है। इस संबंध में यातायात प्रभारी आफाक खां का कहना है कि वह फिर से रोडवेज बसों के खिलाफ अभियान चलायेंगे। इस दौरान रोडवेज बस स्टैंड के बाहर डग्गामार वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। साथ ही बस स्टैंड के बाहर खडी होने वाली बसों पर भी कार्रवाई की जायेगी।

## अखिलेश यादव पर अभद्र टिप्पणी पर जेल की हवा

**सौरिख,कन्नौज।** फेसबुक पर पूर्व मुख्यमंत्री पर अभद्र टिप्पणी करना युवक को महंगा पड़ा। द पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना क्षेत्र के वीरपुर निवासी कुलदीप दुबे पर फेसबुक पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एवं उनकी मां के खिलाफ भी अपशब्द लिखे जाने के संबंध में सौरिख थाना क्षेत्र के गांव लुखरिया निवासी शरद यादव, सौरिख कस्बा निवासी मनीष यादव उर्फ डम्पी, राजापुर निवासी आलोक यादव, तिर्वा विधानसभा के महासचिव डी शर्मा, अनूप प्रजापति, सोनू यादव आदि लोगों ने पुलिस को पार्टी के लेटर पैड पर थाने पहुंचकर तहरीर दी थी। इस पर पुलिस ने मामला पंजीकृत करते हुए कुलदीप दुबे को गिरफ्तार कर शुक्रवार जेल भेज दिया।



# पंचायत सहायक के हत्यारोपी को दबोचा

## पुलिस अधीक्षक ने किया घटना का खुलासा, हत्या में प्रयुक्त ईंट को पुलिस ने बरामद किया

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



घटना का खुलासा करतीं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह। अमृत विचार

- पंचायत सहायक नितिन की सोते समय हत्या कर दी गई थी
- आरोपी ने जुल्म कबूल किया है मामले की जांच की जा रही है

**अमृत विचार।** पंचायत सहायक की ईंट से कुचल कर हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त की गई ईट को आरोपी की निशानदेही पर बरामद कर लिया।

शुक्रवार को पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पंचायत सहायक की हत्या का खुलासा करते हुए बताया कि थाना मेरापुर के गांव साहबगंज में पंचायत सहायक नितिन की सोते समय ईट से कुचल कर हत्या कर दी गई थी। सुबह नितिन का शव चारपाई पर खून से लथपथ देख परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी समरवीर को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ की गई तो आरोपी ने घटना की जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पंचायत सहायक नितिन ने आरोपी समरवीर को समाज के सामने बदनाम कर दिया था और अपनी बदनामी का बदला लेने के लिए समरवीर ने पंचायत सहायक नितिन की ईंट से कुचल कर मौत के घाट उतार दिया था। आरोपी भूरे उर्फ समरवीर से घटना के सम्बन्ध में पूछताछ की गयी तो अपराध को स्वीकार करते हुये बताया कि मैं ग्राम साहबगंज का रहने वाला हूं।

हमारे गांव के ही रामू उर्फ नितिन मुझसे पहले से ग्राम प्रधान के पुत्र शेर सिंह के साथ रहकर पंचायत सचिव का काम देख रहा था। हम दोनों में अनवन रहती थी। जब 8-10 आदमी इकट्ठा होते थे तो नितिन उर्फ रामू मेरी लोगों के सामने बेइज्जती कर देता था कि तू प्रधान की गुलामी करता है। मैं प्रधान के काम की देखभाल करता था।

जिसके बदले प्रधान से कुछ रुपये मुझे मिल जाते थे। जिससे मेरा सही खर्चा चल जाता था, इसी बात को लेकर 25 जून 2025 को शाम के समय कमलेश के घर के सामने व रामू गेस्ट हाउस में व गोशाला के पास व गनेशपुर चौराहा के पास नितिन उर्फ रामू ने चार लोगों के सामने बेइज्जती की थी तभी मैने ठान लिया था कि नितिन को ठिकाने लगाना है।यह सोच कर मैं बरसी से जान बूझकर रामू गेस्ट हाउस से देरी से गांव लौटा और प्रधान के घर पर सो गया फिर रात को करीब 01:00 बजे मैं उठा मैने देखा की गांव के सब लोग सो रहे थे मैं दवे पाव नितिन के घर के पास आया। नितिन गहरी नींद में सोया था। बन रहे मकान में जगह-2 ईट पड़ी थी। एक ईट उठाई और भरपूर वार सोये हुए नितिन के सिर पर किया। लगातार कई बार सिर व चेहरे पर वार किया जब तक मुझे यकीन नहीं हो गया की नितिन मर गया है। इसके बाद ईंट को पाखड़ के पेड़ के पास घूरे पर फेंक दिया। घटना में प्रयुक्त ईट व उसके द्वारा पहने हुये कपड़े जिन पर हत्या करते समय नितिन का खून लग गया था जिन्हें घटना के बाद छिपा दिया गया था आकोरी की निशानदेही पर बरामद कर लिया गया है। पुलिस जांच कर रही है।

## कोआपरेटिव बैंक के 12 संचालक निर्विरोध निर्वाचित

**फर्रुखाबाद।** कोआपरेटिव बैंक के चुनाव में संचालक पद पर भाजपा के सभी 12 प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिए गए। बैंक के संचालक मंडल में अध्यक्ष पद पर भाजपा का दूसरी बार कब्जा होना तय है। डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक के चुनाव में संचालक के 12 पदों पर भाजपा प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया गया था। इन पदों के लिए किसी अन्य प्रत्याशी ने अपना नामांकन दाखिल नहीं किया था। निर्वाचन अधिकारी एसडीएम रजनीकांत पांडेय ने संचालक पद पर बृजेश कुमार, भास्कर दत्त द्विवेदी, अरविंद कुमार, कुलदीप गंगवार, प्रदीप कुमार उर्फ शंकर ठाकुर, सुधा, राजेश त्रिपाठी, दिनेश चंद्र, लक्ष्मी देवी, रामेंद्र सिंह, अशोक कुमार वर्मा व नरेश चंद्र को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया। बैंक अध्यक्ष कुलदीप गंगवार ने बताया कि 30 जून को अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराया जाएगा।

# किसानों को निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक दें

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



उर्वरक की समीक्षा करते जिला अधिकारी। अमृत विचार

- शुक्रवार को जनपद स्तरीय उर्वरक समिति की बैठक
- उर्वरकों की बिक्री का विवरण प्रतिदिन अंकन करना अनिवार्य

**अमृत विचार।** शुक्रवार को जनपद स्तरीय उर्वरक समिति की बैठक उर्वरक आपूर्ति करने वाली कम्पनियों के जनपदीय प्रतिनिधि एवं थोक विकेताओं के साथ जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में हुई।

इस दौरान बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि जनपद के समस्त खुदरा एवं थोक विकेता अपनी दुकान पर रेटबोर्ड, स्टाकबोर्ड, लगाना स्टाक एवं बिकी रजिस्टर जो कि जिला कृषि अधिकारी द्वारा प्रमाणित होना चाहिए उसमें उर्वरकों की बिक्री का विवरण प्रतिदिन अंकन किया जाना अनिवार्य है। कतिपय विक्रेताओं द्वारा अभी तक स्टाक बिकी रजिस्टर प्रमाणित नहीं कराये हैं। जिन विकेताओं द्वारा अभी तक रजिस्टरों का सत्यापन नहीं कराया है उनको थोक विकेताओं द्वारा उर्वरक की आपूर्ति नहीं की जायेगी। साथ ही विक्रेताओं द्वारा यूरिया / डीएपी की बिक्री करते समय कृषकों को अन्य उत्पादों की जबरिया टैगिंग कदापि न की जाये। उर्वरक बिक्री करते समय किसानों से इन्तखाब, खसरा खतौनी ,बोई जाने वाली फसल की जानकारी के बाद ही उर्वरक का विक्रय करें। यदि थोक विक्रेता द्वारा खुदरा विक्रेताओं को जबरिया टैगिंग की जाती है, तो सम्बन्धित खुदरा विक्रेता तत्काल जिला कृषि अधिकारी के संज्ञान में लाना सुनिश्चित करें। किसानों को निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक की बिकी करते हुए उनको पीओएस मशीन से रसीद निकालकर अनिवार्य रूप से दी जाये। जांच के समय जिस विक्रेता के पास प्रमाणित रजिस्टरों पर प्राप्त/विकय की गयी उर्वरको का अंकन नहीं पाया जायेगा, उर्वरक विक्रय की रसीद किसानों को नहीं दी जाती है, निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य लिया जाता है एवं जबरिया टैगिंग की जाती है, तो सम्बन्धित थोक / खुदरा विक्रेता के विरुद्ध उर्वरक नियन्त्रण के तहत कार्यवाही की जायेगी। कृषकों के हित को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा यह भी निर्णय लिया गया है कि निजी उर्वरक कम्पनियों द्वारा आपूर्ति की जाने वाली उर्वरकों में से 40 प्रतिशत उर्वरक सहकारी समितियों को आपूर्ति की जायेगी, जिससे उर्वरकों की उपलब्धता बनी रहेगी। कृषक भाई अपनी आवश्कतानुसार संस्तुत मात्रा में उर्वरक का प्रयोग करें, उर्वरक क्रय करते समय रसीद अवश्य प्राप्त करें। जनपद में कृषकों की आवश्यकतानुसार उर्वरक उपलब्ध है। उर्वरकों की जनपद में कोई कमी नहीं है।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी के 50 लोगों को चेक वितरित

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शुक्रवार को अन्तराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर जनपद स्तरीय ऋण वितरण कार्यक्रम का विकास भवन सभागार में आयोजन किया गया।

इस दौरान उद्योग विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के 50 लाभार्थियों को चेक वितरण किया गया। कार्यक्रम में विधायक अमृतपुर सुशील कुमार शाक्य, वरिष्ठ अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा उपस्थिति रहे।

मुख्य अतिथि द्वारा उद्योग विभाग में संचालित योजनाओं के लाभार्थियो को रोजगार देने के साथ ही साथ राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान हेतु अनुरोध किया गया। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के सपने को साकार बनाना तथा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अनुरोध किया गया। कार्यक्रम में जनपद के 57 लाभार्थियों को 02 करोड़ 32 लाख का ऋण वितरण किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा समस्त बैंकों के जिला समन्वयकों को समस्त रोजगार परक योजनाओं में शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कराने के लिए आदेशित किया गया तथा जनपद के ऋण जमानुपात को बढने के लिए बैंक शाखाओं को अवगत कराया गया। ऋण वितरण कार्यक्रम में सौरभ कुमार राठौर, अदनान, संजीव बाथम, अनस अंसारी, चिराग गुप्ता,इन्देश, रोहित कुमार, रुक्मणी, निधि, अंशिका आदि लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा में उमड़े भक्त। अमृत विचार

### भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली

**फर्रुखाबाद।** भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा लोहाई रोड स्थित श्याम शक्ति मंदिर से सायंकाल धूमधाम से आरंभ हुई। रथ यात्रा में तीन रथों पर भगवान जगन्नाथ,भगवान बलदाऊ,देवी सुभद्रा के दिव्य स्वरूप विराजमान थे। भक्तगण इन तीनों रथों की रस्सी को श्रद्धाभाव से खींच रहे थे। रथ खींचकर भक्त अपने को सौभागशाली मानते हैं। भक्तों ने इन तीनों रथों पर पुष्प, फूलों की वर्षा की। रथयात्रा के आगे ढोल मजीरा बजाते हुए लोग चल रहे थे। भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा श्यामशक्ति मंदिर से चौक, नेहरूरोड, घूमना,नितगंजा, महावीर गंज से स्टेट बैंक रोड होकर मठिया देवी मंदिर के निकट गांधी कूंचा स्थित राधामाधव मन्दिर में संपन्न हुई। रथयात्रा का जगह जगह आरती करके पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। रथयात्रा के स्वरूपों भगवान जगन्नाथ,बलदाऊ भगवान एवं देवी सुभद्रा को मंदिर में विराजमान किया गया। तीनों स्वरूपों की आचार्य चिन्मय गोस्वामी ने आरती की। सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अशोक वर्मासहित सैकड़ों भक्तों ने इस रथयात्रा में भाग लिया।

### सड़क हादसों में 5 घायल, एक की हालत गंभीर

**कायमगंज।** क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोग घायल हो गए। जिसमें एक ही हालत गंभीर है। कायमगंज नगर से सटे गांव घसिया चिलौली निवासी रामानंद (40) चिलौली पठान निवासी सकेव (26) कोतवाली क्षेत्र के गांव इनायत नगर निवासी शैलेन्द्र की 18 वर्षीय पुत्री करीना कंम्पिल थाना क्षेत्र के गांव कमरुद्दीन निवासी पप्पू (45) कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव मंसूर नगर निवासी प्रवेश का 6 वर्षीय पुत्र ऋषभ घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों व एम्बुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने गंभीर हालत देखते हुए रामानंद को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### मादक पदार्थों के सेवन और तस्करी से दूर रहना चाहिए

**फर्रुखाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में अपर जनपद न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार की अध्यक्षता में जिला कारागार फतेहगढ़ में अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य निषेध एवं तस्करी रोकथाम दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला कारागार अधीक्षक अमन कुमार सिंह, डिप्टी जेलर वैभव कुशवाहा, डॉ नीरज कुमार, बार एसोसिएशन फतेहगढ़ के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष व डिप्टी चीफ सुरेन्द्र कुमार राणा द्वारा विचार व्यक्त कर बंदीगण को जागरूक किया गया। अपर जिला जज संजय कुमार द्वारा उपस्थित बंदी को संबोधित करते हुए कहा कि मादक पदार्थों का सेवन करने से स्वयं के धन एवं स्वास्थ्य की हानि होती हैं समाज भी ऐसे व्यक्ति को हीन भावना से देखने लगता हैं इसलिए मादक पदार्थों के सेवन एवं उनकी तस्करी से दूर रहना चाहिए। इस मौके पर जेलर कस्तूरी लाल गुप्ता, चीफ शिवनरेश सिंह आदि उपस्थित रहे सेमिनार का सफल संचालन सुरेन्द्र कुमार राणा एडवोकेट द्वारा किया गया।

### ट्रैफिक सिपाहियों को कुचलने का प्रयास, मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद।** झगड़ा करके भाग रही गाड़ी को रोकने को कहा तो चालक ने यातायात पुलिस के सिपाहियों को कुचलने का प्रयास किया। घटना की सूचना कादरी गेट पुलिस को दी गई जिस पर पुलिस ने संबंधित तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी। दी गई तहरीर में हेड कांस्टेबल नेक पाल, कांस्टेबल रोहित, होमगार्ड भूपेंद्र ने कहा कि उनकी ड्यूटी यातायात सम्बन्ध में आईटीआई चौराहे पर थी। शाम करीब 07 :00 बजे देवरामपुर क्रासिंग पर यातायात ड्यूटी पर लगे सिपाही इन्दपाल सिंह ने बताया कि टेलीफोन आया कि एक गाड़ी लड़ाई झगड़ा करके आ रही है। गाड़ी को आते देख रोकने के लिए कहा गया। गाड़ी रोकते समय चालक शराब के नशे में था। पीड़ित सिपाही नेकपाल, रोहित , होमगार्ड भूपेन्द्र सिंह पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की व रोकने के बाद ड्राइवर से पूछा गया तो उसने अपना नाम चन्द्रा पुत्र दिनेश चन्द्रा व अन्य दो व्यक्ति जिन्होने अपना नाम देवानन्द, रामानन्द वर्मा उर्फ राजा पुत्रगण परमानन्द बताया। सभी निवासी आवास विकास के रहने वाले हैं रहने वाले हैं। इन दोनों ने गाली गलौज की। साथ ही इन लोगों ने सरकारी कार्य में बाधा उत्पन की तभी अचानक कादरीगेट थानाध्यक्ष ने गस्त करते हुए पहुंच गए पकड़े गए लोगों को उनके सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करके कार्रवाई शुरू कर दी।

### दो लोगों ने गटका कीटनाशक पदार्थ, दोनों की हालत गंभीर

**कायमगंज।** कायमगंज क्षेत्र में दो लोगों ने कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे दोनों की हालत गंभीर है। क्षेत्र के गांव कोला गढ़िया निवासी सोनी (22) व थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव देवरा महसोना निवासी संतोष कुमार (30) ने संदिग्ध हालत में कीटनाशक पदार्थ गटक लिया। जब उल्टियां होने पर दोनों के परिजनों को जानकारी हुई तब दोनों के परिजन गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज लेकर आए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# आठ लाख रुपये हड़पने में व्यापारी पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** कालपी के व्यापारी के 8 लाख रुपये हड़पने के मामले को लेकर न्यायालय के आदेश पर कोलकाता की लोहे की फर्म के व्यापारी पर कालपी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं पुलिस मामले की विवेचना करते हुए जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

मामले में पीड़ित व्यापारी मोहम्मद अबजार ने मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि प्रार्थी व्यापारी है, जिसकी फर्म अर्श इंटरप्राइजेज के नाम से लोहे की रिंग बनाने का व्यापार करती है। प्रार्थी ने दिनांक 8 दिसंबर 2025 को अमित कुमार देव निवासी कोलकाता पश्चिम बंगाल निदेशक लिप्स स्टील एंड पावर लिमिटेड से 30 टन सरिया लेने का सौदा तय किया था। इसपर आरोपी अमित कुमार देव ने अपना स्टेटमेंट 14 लाख 71 हजार 510 रुपय दिनांक 9.12.2024 को भेजा था। प्रार्थी ने विश्वास करके अपने खाता नंबर इंडियन बैंक मुख्य शाखा कालपी से आरटीजीएस के द्वारा अमित कुमार देव को कर दिया था। अमित कुमार देव ने माल नहीं भेजा। जब कि उसने माल भरकर लोडिंग करने के लिए वीडियो बनाकर दिनांक 16 दिसंबर 2024 को आश्वासन दिया था कि एक दिन बाद जब माल पहुंच जाएगा। लेकिन आरोपी तब से लगातार आश्वासन देता रहा लेकिन माल नहीं पहुचा। इस संम्बंध में प्रार्थी ने चौकी पुलिस को भी प्रार्थना पत्र दिया था। आरोपी अमित ने 7 लाख 28 हजार 328 रुपये का माल भेजा। लेकिन तब से बाकी का माल भेजने में आरोपी आनाकानी कर रहा है। रकम वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। वादी ने 8लाख 29 हजार रुपये धोखाधड़ी करके हड़प कर लिया है।

## इटावा मामले में हुई निष्पक्ष जांच की मांग

**जालौन।** इटावा जनपद के बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम दांदरपुरा में हुई घटना के मामले में ब्राह्मण समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर घटना की निष्पक्ष जांच कराने और निर्दोष व्यक्तियों को मामले में न फंसाए जाने की मांग की है। साथ ही सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज के खिलाफ होने वाली टिप्पणियों पर रोक लगाने व कार्रवाई की मांग की गई। अन्यथा की स्थिति में ब्राह्मण समाज द्वारा आंदोलन की भी चेतावनी दी गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन एसडीएम विनय मौर्य को सौंपकर बताया कि बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम दांदरपुरा में कथित रूप से जो घटना हुई है। उसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए। इस मौके पर अनुराग तिवारी, अनिल मिश्रा, नरेंद्र शर्मा, दीपक पटैरिया, अभिषेक तिवारी, सुनील दुबे, अनूप दीक्षित, आशीष द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# अचानक हालत बिगड़ने से ट्रांसपोर्टर की गई जान

संवाददाता उरई जालौन

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मैकेनिक नगर में अचानक हालत बिगड़ने से ट्रांसपोर्ट संचालक की मौत हो गई।

शहर कोतवाली क्षेत्र के कोंच रोड स्थित मोहल्ला मैकेनिक नगर निवासी हर्ष गुप्ता 22 वर्ष पुत्र मनोज कुमार कोंच रोड पर त्रिमूर्ति ट्रांसपोर्ट चलाता है। गुरुवार की शाम को अचानक हालत बिगड़ गई। घटना की खबर मिलते ही तुलसी नगर निवासी उसके चाचा अमित गुप्ता दुकान पर पहुंचे और उसको बेसुध हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। वहां पर उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे मेडिकल कालेज भेज दिया। वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने जांच पड़ताल के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने बताया था कि उसने विषाक्त खाया है। चाचा विनोद गुप्ता व मामा अमित गुप्ता ने बताया कि बगल में अन्नी गुप्ता दीपक ट्रांसपोर्ट का संचालन करते हैं। उन्होंने ही हर्ष को कोई विषाक्त पदार्थ खिला दिया है। शव का पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**हमीरपुर में तैनात सिपाही की बीमारी से मौतः सिरसाकालर।** सिरसा कलार थाना क्षेत्र के महेवा ब्लाक की ग्राम पंचायत अटरा खुर्द निवासी 55 वर्षीय राजेश हमीरपुर जनपद के निकासी थाने में 112 डायल टीम में तैनात थे। वे गंभीर बीमारी के चलते अवकाश पर चल रहे थे। इलाज के लिए गुड़गांव वेदांता अस्पताल ले गए थे जहां रास्ते में गुरुवार की रात में उनकी सांसे थम गई। उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव अटराकला लाया गया। गांव के बाहर शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## राजस्थान के शहर काज़ी ने कालपी में की जियारत

**कालपी।** राजस्थान शहर के काजी मुफ्ती अशरफ़ जिलानी अजहरी ने कालपी में प्रवास किया। इस दौरान उन्होंने दरगाहों में जियारत कर के मुल्क तथा कौम की तरक्की तथा खुशहाली के लिए अल्लाह से दुआ मांगी। भीलवाड़ा के शहर काजी का कालपी आगमन पर हाईवे रोड स्थित यमुना नदी पुल में मोमिनों ने अगवानी की। इस मौके पर उस्मानिया मस्जिद के इमाम हाफिज अतहर बरकाती साहब और ख्वाजा छटी शरीफ़ के तमाम मेंबर हाफ़िज़ शान निजामी साहब मौलाना, आदि ने यमुना पुल में फूलों से स्वागत किया।



## कार्यालय जिला सूचना अधिकारी, जालौन स्थान उरई

**पत्रांकः एस0एस0ए0(गुण0वि0) / 1775-84 /2025-26** **दिनांक- 26.06.2025**

उपर्युक्त विषयक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्रांक : एस0एस0ए0 (गुण0वि0) / 1707-14 / 2025-26 दिनांक 25.06.2025 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से ई0सी0सी0ई0 एजूकेटर एवं तकनीकी अनुदेशकों की आउट सोर्सिंग के माध्यम से चयन किये जाने मेसर्स, बाला जी इण्टरप्राइजेज, उ0प्र0 लखनऊ को पत्र प्रेषित किया गया है। मेसर्स, बाला जी इण्टरप्राइजेज, उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा सेवायोजन पोर्टल पर आवेदन हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी है। शैक्षिक अर्हता के आधार पर इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन कर सकते है। **पदों का विवरण निम्नवत् है :-**

| क्र0 सं0 | पद का नाम | | पदों की संख्या | शैक्षिक अर्हता | नियत मानदेय | आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ईसीसीई एजूकेटर | | 110 | विधि द्वारा स्थापित एवं यू0जी0सी0 से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा गृह विज्ञान मुख्य विषय के साथ न्यूनतम 50 प्रतिशत के अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो। आरक्षित वर्गो को नियमानुसार न्यूनतम अंकों में 05 प्रतिशत की छूट होगी। **अथवा** नर्सरी अध्यापक शिक्षा/एन0टी0टी0/सी0टी0 (नर्सरी) / डी0पी0एस0ई0 का कम से कम दो वर्ष का डिप्लोमा अथवा समकक्ष योग्यता, जो कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE) से मान्य होना चाहिए। | 10313.00 | आवेदनकर्ता की अधिकतम आयु 01 जुलाई, 2024 को 40 वर्ष से अधिक न हो। |
| 2 | तकनीकी अनुदेशक | इंजीनियर एण्ड वर्कशॉप ट्रेड | 06 | राजकीय मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आई0टी0आई0 से किसी 01 ट्रेड में सर्टिफिकेट कन्स्ट्रक्शन एण्ड वुडवर्किंग / फैब्रिकेशन (फिटिंग एण्ड वेल्डिंग) फिटर/जनरल कॉरपेंटर / प्लम्बर / शीट मेटल वर्कर / पेंटर | 10450.00 | आवेदनकर्ता की अधिकतम आयु 01 जुलाई, 2024 को 40 वर्ष से अधिक न हो। |
| | | एनर्जी एण्ड इन्वायरमेन्ट ट्रेड | 06 | राजकीय मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आई0टी0आई0 से किसी 01 ट्रेड में सर्टिफिकेट- इलेक्ट्रिक / इलोक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रानिक्स मैकेनिक | | |
| | | एग्रीकल्चर, नर्सरी एवं गार्डनिंग | 05 | बी0एस0सी0 एग्रीकल्चर | | |
| | | होम एण्ड हेल्थ ट्रेड | 06 | बी0एस0सी0 होम सांइस अथवा राजकीय मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आई0टी0आई0 से किसी 01 ट्रेड में सर्टिफिकेट - फूड प्रोडक्शन / फैशन डिजायइन टेक्नोलॉजी / सीविंग टेक्नोलॉजी | | |

**चन्द्रप्रकाश**
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जालौन


कवायद — जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के नेतृत्व में एक टीम तीन दिवसीय दौरे पर

# घर-घर जाकर परखी जल जीवन मिशन की हकीकत

कार्यालय संवाददाता उरई



गांव में जानकारी लेते जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व अन्य अधिकारी।

अमृत विचार। जल जीवन मिशन के तहत गांव-गांव, बस्ती-बस्ती और घर-घर तक नल से जल पहुंच रहा है। जल जीवन मिशन की हकीकत जानने के लिए जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के नेतृत्व में उच्चाधिकारियों की एक टीम तीन दिवसीय दौरे पर है। शुक्रवार को यह टीम जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव के साथ जालौन जनपद पहुंची और विभिन्न गांवों व दलित बस्तियों का स्थलीय निरीक्षण कर ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित किया।

डकोर ब्लॉक के इंगुई खुर्द, पचोखरा और सैदनगर गांवों में पहुंचकर मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक जल निगम ग्रामीण डॉ. राजशेखर सहित अधिकारियों ने जलापूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया। मंत्री ने बताया कि ललितपुर, झांसी और जालौन के अधिकांश गांवों में नल से जल की व्यवस्था सुचारु रूप से शुरू हो गई है और निरीक्षण में संतोषजनक परिणाम सामने आए हैं।

कहा कि बुंदेलखंड में पहले पानी के लिए लोग परेशान रहते थे, ट्रेन से पानी मंगाना पड़ता था, लेकिन अब यहां पर हर घर तक नल का जल पहुंच रहा है। यह बदलाव प्रधानमंत्री की परिकल्पना और मुख्यमंत्री की कार्ययोजना का प्रत्यक्ष परिणाम है। सैदनगर गांव में निरीक्षण के दौरान जब टीम बुजुर्ग महिला विद्या के घर जल व्यवस्था देखने पहुंची, तो मंत्री ने सहज भाव से कहा अम्मा भूख लगी है, कुछ मिलेगा क्या ? इस पर महिला ने उन्हें भोजन पर आमंत्रित किया। मंत्री, प्रमुख सचिव व अन्य अधिकारियों को खाट पर बैठकर घर के सदस्यों संग भोजन करते देख ग्रामीण भावविभोर हो उठे। वहीं, आगे बढ़ते हुए प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने बच्चों को खेलते देखा तो उनसे सवाल पूछे, पहाड़े सुनवाए और सही जवाब देने वालों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, डीएम राजेश कुमार पाण्डेय, एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित व जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## वज्रपात से वृद्ध किसान की मौत

**उरई।** नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम गिदवासा में खेत पर बुआई करते समय आकाशीय बिजली गिरने से वृद्ध किसान की मौत हो गई।

नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम गिदवासा निवासी वृद्ध किसान लखन पाल 72 वर्ष खुद अपनी खेती बाड़ी करता था। शुक्रवार की सुबह वह गिदवासा मौजे में अपने खेत पर जुआर का बीज बो रहा था। तभी अचानक शुरू हुई तेज बारिश के कारण वह खेत पर लगे पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। तभी तेज गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली पेड़ पर गिर गई। जिसकी चपेट में आकर वृद्ध किसान लखन पाल की मौके पर ही मौत हो गई। गनीमत रही कि उसका नाती अंशुल पाल 19 वर्ष बारिश के कारण बाइक उठाकर सड़क किनारे खड़ा हो गया था, जिससे बच गया।

# उपद्रव के मास्टर माइंड समेत 170 पर मुकदमा दर्ज

## दांदरपुरा कांड : आरोपियों में 20 नामजद व 150 अज्ञात, सुरक्षा को देखते गांव के रास्तों पर लगाई गई पीएसी व पुलिस बल

संवाददाता बकेवर इटावा

- इटावा के दांदरपुरा में कथा वाचकों हुई अभद्रता का मामला
- निष्पक्ष जांच के लिये झांसी भेजी गई विवेचना

**अमृत विचार ।** दांदरपुरा गांव में भागवत कथा कहने आये भागवताचार्यों के जाति छुपाने से उपजा बवाल थम नहीं रहा है। जाति छुपाने पर भागवताचार्यों की जिन आक्रोशित युवाओं ने चोटी काटकर नाक रगड़वाई थी उनको सबक सिखाने के नाम पर गांव के बाहर पहुंचकर उपद्रव करने की घटना के मास्टर माइंड समेत 170 के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी बकेवर की ओर से दर्ज कराये मुकदमे में 20 नामजद व 150 अज्ञात शामिल हैं। पुलिस अज्ञातों की शिनाख्त करने के साथ ही मुख्य आरोपी मास्टर माइंड की भी तलाश कर रही है। घटना के चलते पांच दिनों से गांव के लोग दहशत में हैं। सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने गांव में गुरुवार की दोपहर से ही पीएसी व पुलिस तैनात कर दी है।



गांव के बाहर मौजूद पुलिस व पीएसी बल। अमृत विचार

गांव में सामूहिक भागवत कहने आये भागवताचार्य मुकट मणी यादव व सहयोगी संत सिंह यादव ने अपनी जाति छुपायी थी। इस पर दोनों के साथ अभद्रता की गयी थी। बाद में इनके खिलाफ फर्जी आधार कार्ड बनवाने और धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया। इससे यादव समाज के युवाओं का गुस्सा फूट पड़ा। युवाओं ने मेरठ के रहने वाले इंडियन रिफार्मर्स आर्गेनाइजेशन के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष गगन यादव के आह्वान पर बकेवर कस्बा, नेशनल हाईवे पर जाम लगाया था। गांव में घुसकर भागवताचार्यों के साथ घटना करने वालों को सबक सिखाने जाने पर पुलिस ने गांव के बाहर ही रोका था, तब इन्होंने पुलिस पर पथराव किया। पुलिस ने गगन यादव समेत 20 के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही 150 अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया। पुलिस ने इनमें से 19 को गिरफ्तार किया था और इनको शुक्रवार को जेल भेज दिया गया । इनमें एक कालेज के प्रधानाचार्य व तीन शिक्षक भी शामिल हैं। पुलिस अब गगन यादव की सरगर्मी से तलाश कर रही है। उधर अज्ञातों की भी वीडियो व अन्य माध्यम से शिनाख्त की जा रही है। गांव में तीन सेक्शन पीएसी पुलिस को तैनात किया गया है।

**विवेचनाएं झांसी परिक्षेत्र में होगी :** बकेवर क्षेत्र के गांव दांदरपुरा में कथावाचक के साथ हुई घटना के बाद कथा वाचक की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया था। वहीं परीक्षित की तहरीर पर कथा वाचक के खिलाफ फर्जी आधार कार्ड बनवाकर अपनी पहचान छिपाने के मामले में मामला दर्ज किया गया था। मामले की संवेदन शीलता को देखते हुए निष्पक्ष जांच के लिए दोनों अभियोगों की जांच को झांसी भेजा गया गया है। एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया के मुकदमा अपराध संख्या 169 व 175 की विवेचना अन्य जिलों से कराई जा रही है। सभी कागजातों को झांसी परिक्षेत्र झांसी को भेजा जा रहा है।

### परशुराम सेना के पदाधिकारी दांदरपुरा पहुंच लिया हालचाल

महेवा। समाजवादी पार्टी के पूर्व सचिव एवं सक्रिय सदस्य मोहन चन्द्र बाजपेई उर्फ बंटू बाजपेई ने ग्राम दांदरपुरा पहुंचकर ब्राह्मण समाज से संपर्क कर उनसे हालातों की जानकारी ली । उन्होंने इस घटना के विरोध में सपा की सक्रिय सदस्यता से स्तीफा देने की घोषणा की । उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की दोहरी राजनीति से आहत होकर स्तीफा देने का निर्णय लिया । इसके अलावा परशुराम सेना के जिला उपाध्यक्ष रवि पंडित के साथ कपिल तिवारी, प्रशांत त्रिपाठी, अनुज पंडित, उदय तिवारी, शिवांग दीक्षित, प्रियांशु तिवारी, मुन्ना तिवारी,सहित तमाम कार्यकर्ताओं ने ग्राम दांदरपुर पहुंचकर ब्राह्मणों के साथ हो रहे अत्याचार का विरोध किया और कहा कि यदि किसी ब्राह्मण को क्षति पहुँचाने का प्रयास किया तो हम चुप नहीं बैठेंगे ।

# कथा वाचकों का रजिस्ट्रेशन करा कर सरकार दे लाइसेंस

कार्यालय संवाददाता इटावा

- सर्वजन सुखाय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उठाई मांग

**अमृत विचार ।** सर्वजन सुखाय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एंव पूर्व विधायक शिवप्रसाद यादव ने कहा कि मुकुटमणि कथावाचक प्रकरण में पार्टी का मानना है कि ब्राह्मण बाहुल्य ग्राम में पहले से ही कथा आयोजकों को सोच समझकर पूर्व परिचित व्यास तय करना चाहिए था। व्यास कथा पढ़ने लगे फिर उसकी जाति पूछकर अपमान करना, उस पूरे अपमानजनक कृत्य का वीडियो बनाना फिर वीडियो वायरल करना पूरी रणनीति के तहत सामाजिक भाईचारे में जहर घोलने की चाल है।

उन्होंने कहा यादव समाज में अच्छे स्तर की जितनी श्रीमदभागवत कथाएं होती है उनमें 95 प्रतिशत कथावाचक ब्राहमण समाज से ही होते है। जो विद्वान संस्कारवान व सन्त हृदय रखकर समाज को अच्छी दिशा देते है और भविष्य में भी देते रहेंगे क्योंकि उनकी विद्वता चरित्र व संस्कार आदरणीय है। दांदरपुर में ब्राह्मण समाज के नौजवानों का यह आचरण घोर आपत्तिजनक है। सर्वजन सुखाय पार्टी यादव समाज से भी पुरजोर अपील करती है कि आप उत्तेजना में आकर समाज में भाईचारा को बिगाड़ने का कोई व्यवहार न करें। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि सभी कथावाचकों का रजिस्ट्रेशन कराया जाये। उनके योग्यता, सामाजिक प्रतिष्ठा व अपराधिक पृष्ठभूमि की जांच कराकर उन्हें लाइसेन्स निर्गत किया जाये, जिसके पास लाइसेन्स हो वही व्यास कथावाचन कर सके ऐसी व्यवस्था की जाये। उन्होंने कहा कि जो पक्ष सामाजिक भाईचारे का नुकसान करने का प्रयास करे उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाये।

# पोल से बाइक टकराने से युवक की गई जान

संवाददाता ताखा इटावा

**अमृत विचार ।** बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर गुरुवार रात एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 293 सुजानपुर के पास हुई। इसमें बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पोल से टकरा गई। इससे उसकी मौत हो गई। शुक्रवार सुबह परिजनों को जानकारी मिली तब वे मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राजेश कुमार (46) निवासी कोठी बाजार थाना ऊसराहार के शव को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया । वहीं मृतक के बेटे अंश ने इस घटना को सामान्य हादसा मानने से इनकार किया है। अंश ने बताया कि उसके पिता की मौत हादसे से नहीं बल्कि किसी सोची-समझी साजिश के तहत की गई हत्या हो सकती है। मृतक के पुत्र अंश ने बताया कि उसके पिता के पास शाम को फोन आया उन्हें बुलाया और वह बाइक लेकर घर से चले गये देर रात तक घर नहीं लौटने पर वह फोन लगाता रहा लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। सुबह उसने फोन लगाया तो एक व्यक्ति ने फोन उठाया और घटना की जानकारी दी। इस संबंध में चौकी इंचार्ज मंगल सिंह ने बताया कि मामला दुर्घटना का है। जिसमें बाइक अनियंत्रित होकर पोल से टकरा गई है।

## महिला ने लगाई फांसी, भर्ती

**जसवंतनगर।** ससुरालवालों की प्रताड़ना और अतिरिक्त दहेज की मांग से परेशान होकर एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। गंभीर अवस्था में उसे परिजनों ने प्राइवेट अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

पीड़िता के पिता शिवबेष ने जसवंतनगर थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उन्होंने अपनी पुत्री शिवा की शादी सूरज सिंह पुत्र भोले सिंह के साथ की थी। ससुरालीजन उससे अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया। जिससे परेशान होकर उसने फांसी लगा ली। थाना प्रभारी निरीक्षक रामसहाय सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# परेशान किशोरी ने आग लगाई, गंभीर

कार्यालय संवाददाता इटावा

- एक युवक फोन पर बात करने को कई दिनों से धमका रहा था

**अमृत विचार।** थाना सहसों क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भदौरिया पुरा में एक युवक द्वारा जबरन फोन पर बात करने की धमकी देने से परेशान एक किशोरी ने आग लगाकर जान देने की कोशिश की। किशोरी आग से जलकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम भदौरिया पुरा निवासी अंजली 15 वर्ष पुत्री हरेंद्र कुमार ने युवक की धमकियों से तंग आकर आग लगा ली जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। परिजनों द्वारा उसे जिला अस्पताल लाया गया जहां इमरजेंसी वार्ड में प्राथमिक उपचार के बाद उसे पीजीआई सैफई रेफर कर दिया गया। डॉक्टर के अनुसार किशोरी लगभग 80 प्रतिशत जल गई है उसकी हालत गम्भीर है। किशोरी के पिता हरेंद्र कुमार ने बताया कि चार पांच दिन से एक युवक मेरी बेटी पर बात करने का दवाब डाल रहा था और धमकी दी कि अगर फोन पर बात नही की तो तुम्हारे पिता और भाई को जान से मार देंगे जिससे बेटी काफी परेशान थी और डिप्रेशन में आ गई थी और उसने आग लगी ली। उन्होने बताया कि युवक की धमकी के कारण आग लगाई है।

## संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए कसी कमर

**इटावा।** नगर पालिका परिषद सभागार में आगामी एक जुलाई से महीने भर चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत सफाई नायकों की बैठक का आयोजन किया गया। यूनिसेफ कोर्डिनेटर हाफिज अरफात अंसारी ने संचारी रोगों के संबंध में समस्त सफाई नायकों को अवगत कराया तथा उसके बचाव की जानकारी दी। नगर पालिका स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसडर आलोक दीक्षित ने बताया कि बरसात के मौसम में ज्यादातर डेंगू, दिमागी बुखार, खसरा मलेरिया, हैजा आदि फैलते हैं, इसलिए जलभराव वाले स्थानों पर एंटी लार्वा दवाई का छिड़काव किया जाये। नगर पालिका के मुख्य सफाई निरीक्षक राकेश कुमार ने सफाई नायकों को निर्देशित सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखें।

## सार-संक्षेप



कलश यात्रा में शामिल भक्त। अमृत विचार

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुई भागवत कथा

**इटावा।** शहर के लालपुरा स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर पर 27 जून से 3 जुलाई तक आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हो गया। कथा के आयोजक हरि प्रकाश नारायण शुक्ला ने भागवत जी व्यासपीठ पर विराजमान किया। कथा व्यास के रूप में नैमिष स्थित जगदाचार्य आश्रम से पधारे सरस कथावाचक पं. हरी कृष्ण पाण्डेय ने प्रथम दिवस की कथा में मंगलाचरण करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत भगवान श्री कृष्ण का साक्षात् विग्रह है, जिसे श्रवण करने से जीव मुक्त होकर परम पद प्राप्त कर लेता है। जो इस कथा को कराता है तथा जो भी इस कथा को सुनता है, वह कलिकाल के प्रभाव से बचते हुए भाव सागर से पार हो जाता है। इसके बाद आयोजक परिवार की ओर से हरि प्रकाश शुक्ला, विजय प्रकाश शुक्ला, गौरव शुक्ला, प्रीती शुक्ला, जितेंद्र तिवारी के अलावा मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार वाजपेई, सचिव राजीव कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष केके द्विवेदी ने भगवान की आरती की तथा भक्त श्रोताओं को प्रसाद वितरण किया।

### यूपी कैटेट/ जेई मेंस के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**इटावा ।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के अधीन संचालित कृषि इंजीनियरिंग, मत्स्य एवं डेरी कॉलेज में यू पी कैटेट के माध्यम से चार वर्षीय इंजीनियरिंग स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। यू पी कैटेट परीक्षा का परिणाम घोषित हो चुका है, वो अभ्यर्थी जिन्होंने यू पी कैटेट परीक्षा उत्तीर्ण की है वे इटावा के कृषि इंजीनियरिंग, डेरी इंजीनियरिंग व मत्स्य कॉलेज में दाखिला ले कर अपना उज्जवल भविष्य सुनिश्चित कर सकते है, रजिस्ट्रेशन जुलाई माह में प्रारंभ होगे । साथ ही जिन अभ्यर्थियों ने जे ई मेन्स की परीक्षा उत्तीर्ण की है वे अपना पंजीकरण ए के टी यू के पोर्टल पर कराकर इटावा के इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक पाठ्यक्रम के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग व मैकेनिकल इंजीनियरिंग में दाखिला लेने हेतु काउंसलिंग में भाग ले सकते है , पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 जून है । इटावा इंजीनियरिंग कॉलेज में पात्र विद्यार्थियों को शत प्रतिशत छात्रवृत्ति प्राप्त होती है साथ ही विद्यार्थियों को कुशल व अनुभवी शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित किया जाता है। गत वर्ष तथा वर्तमान वर्ष में इटावा इंजीनियरिंग कॉलेज के मैकेनिकल के सभी छात्रो को प्लेसमेंट प्राप्त हुआ है तथा कॉलेज में छात्रो को आकर्षक पैकेज के प्लेसमेंट प्राप्त हो रहे है। कॉलेज में छात्रो के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाता है, तथा छात्रो को एकल हॉस्टल रूम विथ वाईफाई की सुविधा भी उपलब्ध है | ये जानकारी अधिष्ठाता द्वारा दी गई है, अन्य किसी प्रवेश संबंधी जानकारी के लिए छात्र व अभिभावक अधिष्ठाता कार्यायल में संपर्क कर सकते है ।

### इलेक्ट्रानिक शोरूम का हुआ उद्घाटन

**इटावा।** राम लीला रोड पर स्थित बांके बिहारी गेस्ट हाउस के पास शुक्रवार को ग्रीस कंपनी के इटावा वितरक जय मां एजेंसी रामलीला रोड के नए शोरूम का उद्घाटन भाजपा जिला अध्यक्ष अन्नू गुप्ता डीजीसी शिवकुमार शुक्ला व कंपनी के डायरेक्टर सुरेश पाबा के द्वारा किया गया। उद्घाटन में घनश्याम किशोर बाजपेई, डॉ. प्रदीप भदौरिया, संजय दुबे, जय मां एजेंसी के प्रोपराइटर मनीष अग्रवाल, विकास अग्रवाल, प्रथम अग्रवाल, सभासद मंगू ठाकुर दिलीप जैन आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिलाअध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने मनीष अग्रवाल को नए शोरूम खोलने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इटावा में इलेक्ट्रिक उपकरण के क्षेत्र में मनीष का बड़ा योगदान है। मनीष अग्रवाल ने सभी आए लोगों का आभार व्यक्त किया।



भाजपा जिला अध्यक्ष अन्नू गुप्ता व डीजीसी शिव कुमार शुक्ला को प्रतीक चिह्न देते मनीष अग्रवाल।

### विद्यालय मर्जर के खिलाफ बीईओ को दिया ज्ञापन

**जसंवतनगर ।** शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में कम बच्चों वाले विद्यालयों के मर्जर (पेयरिंग) के विरोध में शुक्रवार को ब्लाक संसाधन केंद्र पर खंड शिक्षा अधिकारी गिरीश कुमार के माध्यम से मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन मंगेश यादव प्रांतीय उपाध्यक्ष/ जिलाध्यक्ष विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर एसोसिएशन एवं अजय यादव अटेवा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ो शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में दिया गया। इस मौके पर गिरिश कुमार ने कहा कि किसी भी विद्यालय को बिना विद्यालय प्रबन्ध समिति की सहमति के मर्ज नही किया जायेगा। कार्यक्रम में अटेवा के जिला पर्यवेक्षक राजेश जादौन ब्लाक अध्यक्ष अतुल यादव विवेक गुप्ता देवेश राना विवेकानंद भदौरिया अमरपाल यादव विनोद कुमार विनय यादव सूर्यप्रकाश मोहम्मद इदरीश आलेरजा कुसुम कुमारी विनीता मोहम्मद जफर आनंद यादव रवि सक्सेना ब्रजेन्द्र सिंह तिलक सिंह नीरज आदि शामिल रहे।

### उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की कमेटी का हुआ विस्तार

**इटावा।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उप्र के जिला अध्यक्ष आलोक दीक्षित ने जिला संगठन को मजबूती प्रदान के लिए जिले के प्रमुख व्यवसायी अभय टंडन को जिला महामंत्री का दायित्व सौंपा है। कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी सर्वेश सिंह चौहान की मौजूदगी में संगठन का विस्तार किया गया, जिसमें जिला महामंत्री सहित तीन उपाध्यक्ष भी बनाए गए, जिसमें प्रमुख रूप से दीपक यादव, गोविंद मिश्रा एवं पवन अग्रवाल शामिल हैं। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, जिला उपाध्यक्ष हाजी शेख आफताब, सरदार मनदीप सिंह, युवा जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासी, रेडीमेड ऐसोसिएशन के जिला अध्यक्ष देव गुप्ता ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।

## भारत विकास परिषद के संस्थापक की जयंती मनाई

**इटावा।** भारत विकास परिषद के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश की जयंती को परिषद् की मुख्य शाखा इटावा ने जिला क्षय चिकित्सालय में मरीजों के बीच पौष्टिक आहार व फल वितरित करके मनाया। कार्यक्रम के प्रारम्भमें क्षेत्रीय गतिविधि संयोजक सेवा विवेक कुलश्रेष्ठ और चिकित्सालय की सीनियर स्टाफ नर्स अन्शू बाजपेयी ने भारत माता, स्वामी विवेकानन्द और डा. सूरज प्रकाश के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया तथा वन्दे मातरम् राष्ट्र गीत का गायन किया। इन्द्र नारायण पाण्डेय प्रान्तीय अध्यक्ष पांचाल प्रान्त और शाखा अध्यक्ष हरी शंकर त्रिपाठी की देखरेख में परिषद की सदस्य इन्दु कुलश्रेष्ठ और शाखा गतिविधि संयोजक सेवा सौरभ कुमार सक्सेना के आर्थिक सहयोग से अस्पताल में भर्ती 25 मरीजों को फल वितरित किए गये। संजय मिश्रा पूर्व महासचिव पांचाल प्रान्त, अश्वनी कुमार मिश्रा प्रान्तीय गतिविधि संयोजक सम्पर्क, ओमप्रकाश तिवारी, गौरव पोरवाल, विवेक रंजन गुप्ता आदि रहे।

# इमाम हुसैन ने इंसानियत और हक पर चलने का संदेश दिया

कार्यालय संवाददाता इटावा

- पहली मोहर्रम को हुईं मजलिसें सजेरी का निकला जुलूस

**अमृत विचार।** मोहर्रम की पहली आगाजे मजलिस का आयोजन इमाम बारगाह अज़मत अली पर आदिल अख्तर गुड्डू की ओर से आयोजित की गई। इमाम बारगाह अज़मत अली सहित पक्की सराये स्थित बड़े इमामबाड़े में गुलामुस सैयदेन, सैदबाड़ा में राहत अक़ील की ओर से आयोजित मजलिसों को मौलाना अनवारुल हसन जैदी ने तक़रीर करते हुए कहा इमाम हुसैन ने इंसानियत और हक पर चलने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि मोहर्रम में इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि मेरे किसी अमल से दूसरों को तकलीफ न हो। इमाम हुसैन को मदीने में रहने नही दिया गया। इमाम हुसैन ने 72 साथियों के साथ अपना वतन मदीना छोड़ दिया और काबे में हज करने पहुंचे मगर वहां भी दुश्मनों ने कत्ल की साजिश रची आए हुसैन को दरबार में तलब किया गया, इमाम हुसैन दरबार मे पहुंचे तो जालिमों ने समझौते का प्रस्ताव रखा इमाम हुसैन ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया और कहा मेरे जैसा तेरे जैसे से कभी समझौता नहीं करेगा। इमाम हुसैन ने हज को उमरे में बदला और कर्बला की तरफ चल दिये और दो मोहर्रम को इमाम हुसैन का काफिला कर्बला पहुंचा। अंजुमन हैदरी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज़ नक़वी के अनुसार आलमपुरा इमामबाड़े में शारिक सगीर शानू की ओर से आयोजित मजलिस में मौलाना सज्जाद हैदर रब्बानी दिल्ली व इमामबाड़ा अज़मत अली पर मौलाना जौन दिल्ली ने तक़रीर की।



मजलिस में तकरीर करते मौलाना।

## सड़क हादसे में तीन युवक घायल

**इटावा।** थाना बढ़पुरा क्षेत्र के अंतर्गत उदी चौराहे से पहले अज्ञात वाहन और बाइक के बीच हुई भीषण भिड़ंत में बाइक सवार तीन युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई भेजा गया है। जानकारी के अनुसार कुलदीप पुत्र बंटी, राज पुत्र बंटी निवासी चन्द्रमणि नाका पहाड़ वाले अस्पताल के पास ग्वालियर व कुनाल पुत्र जितेंद्र निवासी दबुआ भिंड मध्य प्रदेश बरालोकपुर थाना चौबिया इटावा किसी काम से आये थे। बाइक से तीनों युवक अपने अपने घर जा रहे थे तभी उदी चौराहे से पहले अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे तीनों युवक घायल हो गए। घायलों को तत्काल सीएचसी उदी ले जाया गया लेकिन हालत गम्भीर देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। 108 एम्बुलेंस उदी उन्हें जिला अस्पताल लेकर आई। जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉक्टर ने हालत गम्भीर देख प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को पीजीआई सैफई रेफर कर दिया।

# समर कैंप में बच्चों ने जमकर की मस्ती



समर कैंप के समापन पर मौजूद कैलाश यादव व बच्चे। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल मानिकपुर मोड़, ग्वालियर बायपास पर चल रहे ग्रीष्मकालीन समर कैंप का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सदर तहसीलदार राजकुमार सिंह ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं सीबीएसई डीटीसी इटावा डॉ. कैलाश चंद्र यादव ने कहा यह शिविर बच्चों के कौशल विकास हेतु एक अभिनव प्रयोग था। इस शिविर में सिलाई, कढ़ाई, मिट्टी से मॉडल और बर्तन बनाना, वेस्ट मटेरियल से उपयोगी वस्तुएं तैयार करना, संगीत, नृत्य, ताइक्वांडो, शूटिंग, क्रिकेट, बैडमिंटन, खो-खो, वॉलीबॉल, कंप्यूटर शिक्षा एवं इंग्लिश स्पीकिंग जैसी गतिविधियों का संचालन किया गया। डॉ. यादव ने बताया कि 254 बच्चों ने इस समर कैंप में प्रतिभाग किया, जिनमें अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की भी भागीदारी रही। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल दिये गये।

भक्ति भावना

## शहर में गौर निताई परिवार ने निकाली जगन्नाथ जी की रथ यात्रा, शोभायात्रा का जगह–जगह हुआ स्वागत

# प्रभु जगन्नाथ का रथ खींचने को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** श्री श्री गौर निताई परिवार इटावा के तत्वावधान में शहर में शुक्रवार को सनातन धर्म प्रचारक पं. मनुपुत्र दास के मार्गदर्शन में भगवान श्री जगन्नाथजी की रथ यात्रा निकाली गई जिसमें भारी संख्या में भक्त श्रद्धालुओं ने रस्सी पकड़कर जगन्नाथ जी के रथ को खींचकर अपने जीवन को धन्य बनाया।

इस रथ यात्रा में भगवान माता लक्ष्मी के साथ श्री हरि विष्णु तथा राधा कृष्ण जी की मनोहर झांकियां भी थीं। यात्रा मार्ग में जगह जगह लोगों ने अपने घरों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के सामने भगवान की आरती की तथा पुष्प वर्षा कर प्रसाद वितरण किया।



भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा में शामिल भक्त । अमृत विचार

इससे एक दिन पूर्व भगवान जगन्नाथ के नेत्र दर्शन पूजा करके शुक्रवार को उन्हें नवीन वस्त्र पहनाकर , आरती पूजन अर्चन तथा छप्पन भोग लगाकर श्री जगन्नाथजी, बलभद्रजी एवं श्री सुभद्राजी को भव्य रथ पर विराजमान कर पुनः उनकी आरती करके जय जगन्नाथ का जयघोष करके यात्रा आरम्भ की गई जो बीकानेर एक्सप्रेस प्रतिष्ठान से आरम्भ होकर शास्त्री चौराहा, ईदगाह चौराहा, बलराम सिंह चौराहा, तिकोनिया, नौरंगाबाद चौराहा, वहां से नगर पालिका चौराहा, राजगंज चौराहा, पुरबिया टोला होते हुए पक्का तालाब पर स्थित श्री श्री गौर निताई परिवार आश्रम पर जाकर संपन्न हुई। जहां पर भक्तजनों को भोजन प्रसाद ग्रहण कराया गया। इस यात्रा में भगवान जगन्नाथ जी के रथ के अतिरिक्त दो विशेष रथ जिन पर भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी, राधा कृष्ण , एक ध्वनि विस्तारक यंत्र और एक बैंड चल रहा था, जो कि भजन संकीर्तन के साथ इस जगन्नाथ यात्रा की शोभा बढ़ा रहा था। इस यात्रा में बड़ी संख्या में गौर निताई परिवार के अलावा इटावा के भक्त श्रद्धालु पुरुष व महिलाएं शामिल रहीं।



शोभायात्रा में शामिल भक्तों को शरबत पिलाते लोग । अमृत विचार

इस आयोजन में मुख्य यजमान के रूप में अरविंद पोरवाल ने अपने प्रतिष्ठान पर भगवान जगन्नाथ, पं. मनुपुत्रदास एवं रथ यात्रा उत्सव में आए सभी भक्त श्रद्धालुओं का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण गुप्ता अन्नू, रघुराज शाक्य, अनंत अग्रवाल, जितेंद्र गौड़ आदि रहे।

## बिजली चोरी के दोषी को एक साल की सजा

**इटावा।** विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम ने बिजली चोरी के एक नौ साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को चोरी का दोषी पाया।दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे एक साल की सजा सुनाई।

बिजली विभाग की टीम ने वर्ष 2016 में चैकिंग के दौरान चौबिया थाना क्षेत्र के गांव खेडा हेलू निवासी छविनाथ सिंह पुत्र मोती लाल को बिजली की चोरी करते हुए पकडा था। बिजली विभाग ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने उसके खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए थे। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश बिजली अधिनियम की कोर्ट में हुई। सरकारी वकील के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने छविनाथ को दोषी पाया और उसे एक साल की सजा व पांच हजार रुपया के अर्थदंड से दंडित किया।

# जम्मू में तैनात आर्मी जवान की मौत, गांव में पसरा मातम

संवाददाता, अछल्दा, औरैया



रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार



संतोष यादव।

**अमृत विचार।** जम्मू में तैनात भारतीय सेना के जवान संतोष यादव (45) पुत्र टीकाराम यादव की ऑन ड्यूटी अचानक मौत हो गई। जवान की मौत की खबर जैसे ही उनके पैतृक गांव पहुंची, पूरे गांव में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बघईपुर के मजरा खुमानपुर निवासी संतोष यादव वर्ष 2002 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे और इन दिनों जम्मू में तैनात थे। देश सेवा में समर्पित संतोष यादव की ड्यूटी के दौरान अचानक मौत हो गई, सेना की ओर से सूचना दिए जाने के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने बताया कि संतोष यादव बेहद मिलनसार और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति थे। वह जल्द ही छुट्टी पर घर आने वाले थे, लेकिन यह दुःखद समाचार आ गया।

उनके सेवानिवृत्त होने में दो साल बचे थे। जवान अपने पीछे पत्नी मीना देवी, दो पुत्र शिवम और गोलू और माता शंकुतला देवी को छोड़ गए हैं। पूरे गांव के लोग उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन का इंतजार कर रहे हैं। कल तक पार्थिव शरीर गांव पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

# कोटा बैराज से छोड़ा गया 56 हजार क्यूसेक पानी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** मध्य प्रदेश और राजस्थान में लगातार हो रही बारिश के कारण कोटा बैराज से चंबल नदी में पानी छोड़ा गया है। बैराज से पांच-पांच फीट के दो दरवाजे खोलकर 56 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। यमुना नदी का जलस्तर गुरुवार दोपहर तक 113.57 मीटर तक पहुंच गया।

यह स्तर चेतावनी के निशान 119.80 मीटर से नीचे है। खतरे का निशान 120.80 मीटर निर्धारित है। चंबल के उफान के कारण यमुना नदी के जलस्तर में भी 24 घंटे में 4 मीटर की वृद्धि हुई है। इटावा के भरेह में चंबल नदी यमुना में मिलती है। इस कारण यमुना भी उफान पर है। प्रशासन ने बाढ़ से निपटने के लिए राहत चौकी स्थापित की है। बडेरा, सिकरोड़ी, गोहानी कला, गोहानी खुर्द, असेबटा, ततारपुर कलां, गूंज, जुहीखा, बीजलपुर और खेरा डंडा गांव बाढ़ से प्रभावित हो सकते हैं। तहसील प्रशासन ने नदी किनारे बसे लोगों को सतर्क कर दिया है। लोगों को नदी के पास न जाने की सलाह दी गई है।

एसडीएम अजीतमल ने अधिकारियों और कर्मचारियों को क्षेत्र में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।



यमुना नदी का बढ़ा जलस्तर। अमृत विचार

● यमुना का जलस्तर 113.57 मीटर पर पहुंचा, नदी किनारे के गांवों में अलर्ट

### बाढ़ से बचाव के लिए प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

**औरैया।** जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देशन में भारी वर्षा व बाढ़ से बचाव के लिए आपदा प्रबंधन प्राधिकरण औरैया द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। उन्होंने कहा कि ऊंचे स्थानों को पहले से चिह्नित करें। आवश्यकतानुसार खाद्य सामग्री जैसे बिस्कुट, लाई, भुना चना, गुड़ चूरा, नमक, चीनी व सत्तू इत्यादि एकत्र करें। जरूरी कागजात जैसे राशन कार्ड, पासबुक, मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड इत्यादि की वॉटरप्रूफ बैग में रखें। क्लोरीन, ओआरएस तथा आवश्यक दवाइयां प्राथमिक उपचार किट में रखें। सूखे अनाज व मवेशियों के चारे को किसी ऊंचे स्थान पर सुरक्षित रखें। पशुओं में होने वाली बीमारी की रोकथाम हेतु पशुओं का समय से टीकाकरण कराएं। बाढ़ की चेतावनी मिलते ही गर्भवती महिलाओं, बच्चों, वृद्ध, दिव्यांगजन एवं बीमार व्यक्तियों को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाएं। एडवाइजरी में कहा कि उबला हुआ या क्लोरीन युक्त पानी का उपयोग करें। बिजली के तार एवं ट्रान्सफार्मर से दूर रहें। विषैले जीव जैसे सांप, बिच्छु आदि से सतर्क रहें। बिजली का मुख्य स्विच व गैस रेगुलेटर को बंद रखें एवं शौचालय सीट को बालू से भरी बोरी से ढकें। सांप के काटने पर पीड़ित व्यक्ति को तुरंत स्वास्थ्य केन्द्र ले जाएं। महामारी की रोकथाम के लिए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों एवं घरों के आसपास ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करें। संक्रामक बीमारियों से बचाव हेतु मरे हुए पशुओं एवं मलबों को एक जगह एकत्र कर जमीन में दबाएं। मलेरिया से बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। बाढ़ के पानी के सम्पर्क में आयी खाद्य सामग्रियों का सेवन न करें। पानी की गहराई पता न होने पर उसे पार करने की कोशिश न करें। बाढ़ में डूबे हैंडपम्प के पानी का सेवन न करें। क्षमता से अधिक लोग नाव में न बैठें। बच्चों को बाढ़ के पानी में न खेलने दें। बाढ़ से क्षतिग्रस्त घरों एवं संरचनाओं में प्रवेश न करें। क्षतिग्रस्त बिजली के उपकरणों का प्रयोग न करें। क्षतिग्रस्त पुल या पुलिया को वाहन द्वारा पार करने की कोशिश न करें।

# नाले में उतराता मिला बच्चे का शव, हत्या की आशंका

## दस वर्षीय बच्चे के चेहरे पर चोट के निशान, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता, एरवाकटरा, औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में 10 वर्षीय बालक का 15 फीट गहरे में नाले उतराता हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया। जब ग्रामीणों ने उसका शव उतराता देखा तो सूचना पुलिस को दी। नाले में मिले शव की पहचान मनोज कुमार के 10 वर्षीय पुत्र पियूष यादव के रूप में हुई है।बच्चे के चेहरे पर चोट के कई निशान मिले हैं। परिजनों ने हत्याकर शव फेंकने का आरोप लगाया है।

पियूष गुरुवार को दोपहर 3 बजे अपनी बड़ी बहन रश्मि के साथ भैंस चराने गया था। भैंसों के ऊसर की तरफ जाने पर रश्मि डंडा लेने घर आ गई। वापस लौटने पर उसे पियूष नहीं मिला। रश्मि को लगा कि वह घर लौट गया होगा। शाम 6 बजे जब रश्मि घर पहुंची तो पता चला कि पियूष घर नहीं आया है। परिजनों ने आसपास के खेतों में तलाश की और थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। अगले दिन शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों को घर से करीब 400 मीटर दूर बरसाती नाले में शव उतराता मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के चाचा शरद यादव ने बताया कि पियूष के चेहरे पर चोट के निशान हैं। उन्होंने हत्या की आशंका जताई है। उनके अनुसार जहां शव मिला, वह बरसाती नाला है जिसे जेसीबी मशीन से खोदकर गहरा कर दिया गया है। बरसात में यह तालाब जैसा दिखता है। घटना से परिवार में शोक की लहर है। पियूष के पिता, भाई आयुष और बहन रश्मि का रो-रोकर बुरा हाल है। अभी तक परिजनों की ओर से थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।



पियूष।

# 24 घंटे बीते, लापता बच्चे का नहीं लग सका पता

संवाददाता, बेला/बिधूना

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव मटेरा निवासी मोहम्मद शकील पुत्र मोहम्मद शाहबुद्दीन का तीन वर्षीय बेटा एजान गुरुवार दोपहर करीब एक बजे अपनी मां व अन्य बच्चों के साथ घर के बाहर खेल रहा था। तभी वहां ठेले पर पानीपूरी वाला आ गया। वह अन्य बच्चों के साथ उसके पीछे भागने लगे। वहां उसकी मां व अन्य लोग पानीपूरी खाने लगे। इस दौरान एजान कही लापता हो गया। 24 घंटे बाद भी बच्चे का पता नहीं चल सका। सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार बिधूना रूचि मिश्रा, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार, थानाध्यक्ष गंगादास गौतम चौकी इंचार्ज सुजान पुर्वा संतोष कुमार मौके पर पहुंच गये और जांच पड़ताल शुरू की। उन्होंने गोताखोरों को बुलाकर देर शाम तक नहर में खोजबीन की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया की नहर में खोजबीन की जा रही हैं एनडीआरएफ टीम को बुलाया गया है। घटना के दूसरे दिन भी टीम का बच्चे को खोजने का अभियान जारी रहा। शुक्रवार की शाम तक गायब हुए बच्चे का कोई पता नहीं चल सका।



नहर में बच्चे की तलाश करती टीम।

# 27 वर्षों से दो कमरों में चल रहा अस्पताल

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** क्षेत्र के केशमपुर गांव का चार बेड का यूनानी अस्पताल पंचायत भवन के पास बने दो कमरे में चल रहा है। शासन द्वारा नए अस्पताल की स्वीकृति मिलने के दो साल बीतने के बाद भी ग्राम प्रधान अस्पताल के लिए जगह नहीं ढूंढ पाए। जबकि ग्रामीणों का कहना है की ग्राम पंचायत में बीस बीघा से अधिक बेशकीमती जमीन पर अवैध कब्जा है जिस पर काफी बड़ा अस्पताल बन सकता है।

क्षेत्र के केशमपुर गांव में 26 मई 1998 से दो कमरों में चार बेड का यूनानी चिकित्सालय स्थापित है।अस्पताल में यूनानी चिकित्सा अधिकारी डाक्टर अनीस और वार्ड ब्वाय अफसर अली की तैनाती है।आयुष चिकित्सा के लिए बढ़ते रुझान से फफूंद कस्बे और आसपास के का बीस से ज्यादा गांव के मरीजों की भीड़ उमड़ती है और 20 से 25 मरीज रोजाना अस्पताल जाकर अपना इलाज कराते हैं।जगह की कमी होने से मरीजों को खड़े रहकर ही दवा लेना पड़ती है।केशमपुर निवासी ग्रामीण जॉली स्टार,अनुज कुमार, दीपचंद्र, झंझटी, हाशिम, सुनील और सुरेन्द्र आदि ने बताया कि ग्रामीणों की मांग पर दो वर्ष पहले जिले के लहरापुर, कुदरकोट के साथ ही केशमपुर गांव में भी नया अस्पताल बनाने की शासन से मंजूरी भी मिल गई है। लेकिन ग्राम प्रधान और क्षेत्र का लेखपाल इसके लिए जमीन उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। ग्रामीणों में आक्रोश है बताया कि ग्राम समाज की तमाम भूमि पर कब्जा है जिला प्रशासन कब्जा मुक्त करा दे तो कई बीघा जमीन अस्पताल के लिए उपलब्ध हो सकती है लेकिन बुराई के डर से प्रधान भी चुप्पी साधे हैं।




केशमपुर में संचालित यूनानी अस्पताल। अमृत विचार

**20** बीघा भूमि पर कब्जा अस्पताल के लिए नहीं मिल रही जगह

# स्थानांतरण के बाद भी रिलीव नहीं हुए वीडीओ

संवाददाता, अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** जनपद में कई विकास खंडों में कार्यरत ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों के स्थानांतरण होने के एक सप्ताह बाद भी उनको रिलीव नहीं किया जा रहा है।

स्थानांतरित ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अपनी राज नेताओं के साथ ऊंची पहुंच का फायदा उठकर स्थानांतरण रुकवाने का प्रयास कर रहे है। जबकि स्थानान्तरण आदेश में प्रतिस्थानी की प्रतीक्षा किए बिना तत्काल एडीओ पंचायत को संबंधित ग्राम पंचायतों का चार्ज सौंपकर नवीन तैनाती वाले ब्लाक में योगदान आख्या प्रस्तुत करने के स्पष्ट आदेश दिए गए हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी एस के यादव ने बीते 13 जून को औरैया विकास खंड में तैनात ग्राम पंचायत विकास अधिकारी का विकास खंड बिधूना के लिए स्थानांतरण किया था। लेकिन चौबीस घंटे के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी ने अपना आदेश बदल दिया और ग्राम पंचायत विकास अधिकारी का बिधूना स्थानांतरण आदेश को निरस्त कर दिया और उनका स्थानांतरण अजीतमल विकास खंड कर दिया।

सूत्रों की माने तो राजनीतिक दबाव के चलते स्थानांतरण निरस्त कर स्थान परिवर्तन किया गया है। वहीं अजीतमल विकास खंड में तैनात कई कर्मचारियों के लगभग बारह दिन पहले स्थानांतरण आदेश जारी किए गए थे। लेकिन उन कर्मचारियों का अजीतमल से मोह नहीं हट रहा है। स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद वह पंचायतों में भुगतान लगाने में लगे है। ऐसे में उच्च अधिकारियों द्वारा स्थानांतरण के बाद लगाए गए भुगतान की जांच करना जरूरी है।

● ग्राम पंचायत विकास अधिकारी नेताओं से मिलकर तबादला रुकवाने का कर रहे प्रयास

# नशीली दवाओं के बारे में दी जानकारी

**औरैया।** जनपद न्यायाधीश मयंक चौहान के आदेशानुसार 26 जून को तारकेश्वरी प्रसाद सिंह प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण औरैया के निर्देशन पर तहसील के ब्लॉक औरैया में नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अन्तरराष्ट्रीय दिवस के सबंध में एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित नालसा डॉन-ड्रग जागरूकता और कल्याण नेविगेशन 2025 के बारे तथा नशे से होने वाली हानियों तथा बचाव के संबंध में जानकारी दी गयी।

पीएलवी लालता प्रसाद द्वारा नीशीली दवाओं के विरूद्ध लोंगो को जागरूक किया गया तथा ऐसी दवाओं को लेने से बचने को कहा गया। एडीओ इंन्द्रेश कुमार भदौरिया द्वारा लोगों को नालसा द्वारा वीडियो दिखाकर नशे से बचने की अपील की गई। उक्त जागरूकता शिविर में एडीओ इन्द्रेश कुमार के साथ पीएलवी लालता प्रसाद, राजकुमार, आलेहसन, किरन एवं फरियादी मौजूद रहे।

# स्कूल समायोजन में रुचि न लेने पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में शासन के निर्देशों के अनुपालन में विद्यालय युग्मन प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा बैठक की।

बैठक में अपर्याप्त नामांकन वाले विद्यालयों के युग्मन के निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे सभी विद्यालयों का गहन विश्लेषण करते हुए यथाशीघ्र युग्मन की कार्रवाई पूर्ण की जाए, ताकि शिक्षण संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी इंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि यह युग्मन प्रक्रिया गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, संसाधनों का समुचित दोहन एवं प्रशासनिक सुगमता हेतु अत्यंत आवश्यक है। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रत्येक विद्यालय का भौतिक सत्यापन कर युग्मन के लिए ठोस प्रस्ताव प्रस्तुत करें, साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि शासन की मंशानुरूप उक्त कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए शीघ्र प्रस्ताव प्रेषित करें। जिससे अग्रिम कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि किये जा रहे बदलाव के संबंध में ग्राम प्रधानों व अभिभावकों से संवाद करें जिससे वह प्रक्रिया को समझ सकें और किसी प्रकार की असहमति की स्थिति उत्पन्न न करें। बैठक में उपस्थित अधिकारियों से जिलाधिकारी ने सुझाव भी आमंत्रित किए। बैठक में उप जिलाधिकारी बिधूना गरिमा सोनकिया, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार सहित समस्त खंड शिक्षा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान निर्देश देते डीएम डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

■ नई शिक्षा नीति के संबंध में ग्राम प्रधानों व अभिभावकों के साथ बैठक कर इससे होने वाले लाभ से कराएं अवगत

## सार-संक्षेप

### स्विमिंग पूल मालिक और मैनेजर को दबंगों ने पीटा

**बिधूना औरैया।** कुदरकोट में स्थित स्विमिंग पूल पर 26 जून की पूल मैनेजर और मालिक को दबंगों ने पीट दिया। पूल मालिक पंकज शाक्य की शिकायत पर पुलिस ने 8 नामजद और 3 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूल मालिक के अनुसार अलाईनगर निवासी सनी यादव उर्फ जवर, बाझरहार निवासी सत्येंद्र, सराय शीशगरान के आमिर, राज, सानू, नौसाद, वारिस और गोकुलपुर निवासी संजय समेत तीन अज्ञात लोग पूल पर आए। आरोपियों ने पहले पूल मैनेजर धर्मेंद्र कुमार से गाली-गलौज की। फिर उन्होंने धर्मेंद्र के सिर पर प्रहार कर घायल कर दिया। जब पूल मालिक पंकज बीच-बचाव करने पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घायलों को सीएचसी ऐरवाकटरा में भर्ती कराया गया। धर्मेंद्र की स्थिति गंभीर होने पर उन्हें रेफर कर दिया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी बिधूना ने बताया कि तीन आरोपियों सानू, राज और सत्येन्द्र को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई हैं। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### अधिक रक्तस्राव के कारण हुई थी किसान की मौत

**रुरुगंज।** 25 जून की रात रुरुगंज निवासी 40 वर्षीय कमलेश प्रजापति का शव रुरुगंज स्थित एक पेट्रोल पंप के पास मिला था। स्वजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अधिक रक्तस्राव से मौत की पुष्टि हुई है। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा, तो स्वजन गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। पुलिस द्वारा कार्रवाई के आश्वासन के बाद गुरुवार शाम अंतिम संस्कार किया गया था। एसपी के निर्देश पर घटना के राजफाश के लिए तीन टीमों को लगाया गया है। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ भी की जा रही है, परंतु पुलिस को कोई प्रमुख साक्ष्य नहीं मिल पा रहा है। शुक्रवार को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अधिक रक्तस्राव से मौत की बात सामने आई है। बिधूना कोतवाल मुकेश चौहान ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अधिक रक्तस्राव एवं ब्लडप्रेशर लो की पुष्टि से मौत की बात सामने आई है। मृतक कमलेश के स्वजनों से पुलिस लगातार संपर्क बनाए हुए है। मामले के खुलासे में लगी टीमें साक्ष्य एकत्रित कर रही हैं। मृतक के स्वजनों द्वारा अभी तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

कार्यक्रम | वृंदावन के कलाकारों व नन्हे बच्चों की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

# नगर भ्रमण को निकले जग के नाथ, जगह-जगह पुष्प वर्षा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति की महिला शाखा तुलसी सखी ग्रुप द्वारा गत् वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रभु जगन्नाथ की भव्य शोभायात्रा शुक्रवार को निकाली गई।

कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य मनोज अवस्थी के मंत्रोचार के साथ हुई। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि एसपी अभिजीत आर शंकर रहे। सुसज्जित रथ पर विराजमान प्रभु जगन्नाथजी की मनोहारी झांकी की पूजा-अर्चना के उपरांत झंडी दिखाकर नगर भ्रमण हेतु रवाना हुई। समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि आज के दिन प्रभु जगन्नाथ जी की शोभा यात्रा उड़ीसा के जगन्नाथ पुरी के साथ ही समूचे भारत में धूमधाम से निकाली जाती है। श्रद्धालुओं को प्रभु जगन्नाथ के दर्शनों का बेसब्री से इंतजार रहता हैं। समिति के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू) ने बताया कि प्राचीन मान्यता है कि प्रभु जगन्नाथ की शोभायात्रा में जो भक्त सच्चे मन से कदमताल करते हैं उनके जीवन में सुख समृद्धि शांति और खुशहाली रहती है। वृंदावन के कलाकारों का नृत्य व प्रभु जगन्नाथजी के रथ पर विराजमान राधा कृष्ण के रूप में बच्चों की मनोहारी झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में मौजूद श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर झूम रहे थे, यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने झांकी की आरती उतार कर प्रभु का आशीर्वाद लिया जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। शोभायात्रा फूलमती मंदिर से प्रारंभ होकर शहीद पार्क रोड, सुभाष चौक, इटावा रोड, संजय गेट, गुरुहाई मुहाल, दिबियापुर रोड होते हुए फूलमती मंदिर कमेटी द्वारा प्रसाद वितरण के साथ फूलमती मंदिर पर ही समापन किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में अनूप कुमार गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, अखिल भारतीय पुरवार पोरवाल महासभा के जिलाध्यक्ष शिवकुमार पुरवार, गोपाल सेवा संस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष रमन पोरवाल व फूलमती मंदिर कमेटी के सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक लक्ष्मी बिश्नोई व भाजपा के नगर मंत्री कपिल गुप्ता द्वारा कार्यक्रम का सफल संयोजन किया गया। जबकि आयोजन में प्रमुख रूप से डॉ. एसएस. परिहर, शशि गुप्ता, मंगला शुक्ला आदि तीन सैकड़ा श्रद्धालु भक्त, महिलाएं, बच्चे व लोग मौजूद रहे।



शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

# मेधावियों को वितरित किए टैबलेट

संवाददाता,फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार की टैबलेट और मोबाइल वितरण की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत जिला मुख्यालय द्वारा प्राप्त टैबलेट आज महाविद्यालय में एक बड़े कार्यक्रम के माध्यम से मेधावियों को वितरित किए गए। टेबलेट वितरण का कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. जय गोपाल पांडेय व समाजसेवी राजेश दुबे के हाथों संपन्न हुआ।

कार्यक्रम को सफल संबोधित करते हुए डॉ. पांडेय जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है जो छात्र छात्राओं को टेबलेट के माध्यम से दुनिया से जोड़ने हेतु एक महत्वपूर्ण कदम है। जिसका उपयोग छात्र छात्राएं अपने आप को तकनीकी रूप से सक्षम बनाते हुए आज की दुनिया के कनेक्ट होते हुए अपने सुनहरे भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। टैबलेट पाने वाले छात्र छात्राओं के चेहरे की खुशी देखने लायक थी। टैबलेट पाने वाले छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय की समस्त व्यवस्थाओं को बहुत सराहा तथा महाविद्यालय प्रशासन को धन्यवाद देते हुए महाविद्यालय को ऊंचाइयों पर ले जाने में हर संभव सहयोग का वचन दिया। कार्यक्रम में आए समाजसेवी राजेश दुबे ने कहा कि आज की दुनिया में बिना टैबलेट और मोबाइल के कोई भी छात्र-छात्रा अपने ज्ञान को बढ़ा पाने में अपने आप को असमर्थ महसूस करेगा। इस कड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा छात्राओं को दिए जा रहे सहयोग के प्रति महाविद्यालय परिवार सहित समस्त छात्राएं स्वाभाविक रूप से कृतज्ञ हैं। अंत में कार्यक्रम की सफलता हेतु महाविद्यालय प्रशासन ने अपने समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।




टैबलेट वितरित करते समाजसेवी। अमृत विचार

## एक नजर

### तीन कंपनियों को दी जाएगी 169.60 करोड़ रुपये प्रोत्साहन राशि

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार की ओर से अलीगढ़, हरदोई और बाराबंकी की तीन कंपनियों को 169.60 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि सौंपी जाएगी। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शुक्रवार को औद्योगिक विकास विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। इस कड़ी में मेसर्स जेके सीमेंट लि. अलीगढ़ को 21 करोड़ 39 लाख 13 हजार 970 रुपये, मेसर्स वरूण बेवरेजेज लि. हरदोई को 66 करोड़ 34 लाख 22 हजार 136 रुपये और मेसर्स एसएलएमजी बेवरेजेज प्रा. लि. बाराबंकी को 81 करोड़ 87 लाख 03 हजार 25 रुपये की प्रोत्साहन प्रदान किए जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी है।

### बरेली में पशुपतिनाथ मंदिर का होगा पर्यटन विकास

**अमृत विचार, लखनऊ :** नाथ कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत बरेली के पशुपतिनाथ मंदिर का विकास कराया जाएगा। करीब 2.30 करोड़ रुपये से मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण के साथ ही आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा। श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसी प्रकार, बिजनौर में गोगा जाहरवीर मेला स्थल के पर्यटन विकास के लिए 38 लाख रुपये जारी किए गए हैं। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को दी।

### समाज कल्याण विकास संघ की कई मांगों पर सहमति

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाज कल्याण विकास संघ की कई मांगों पर विभागीय मंत्री असीम अरुण की सहमति मिली है। इससे पहले शुक्रवार को भागीदारी भवन में उत्तर प्रदेश समाज कल्याण विकास संघ के द्विवार्षिक अधिवेशन के दूसरे दिन संघ द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों से सम्बंधित मांग पत्र मंत्री को सौंपा गया। संघ पदाधिकारियों की मांगे और समस्याएं सुनने के बाद समाज कल्याण मंत्री ने मंच से ही कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण को निर्देश दिया कि इनकी मांगों को पूरा किया जाये।

# बेहतर कानून व्यवस्था और समान अवसर देने से अग्रणी बना यूपी : योगी

## मुख्यमंत्री ने की 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण की घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विश्व एमएसएमई दिवस के अवसर पर लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस वर्ष 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण की घोषणा की। कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था और सभी समुदायों को समान अवसर देने के कारण ही यूपी देश में अग्रणी बन रहा है।


लखनऊ के लोक भवन सभागार में उद्यमी को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में मंत्री राकेश सचान व अन्य। अमृत विचार

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 55 हजार युवाओं को 5 लाख रुपये का ब्याज-मुक्त ऋण और 10 प्रतिशत सरकारी अनुदान प्रदान किया गया है। बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 1 लाख से अधिक परंपरागत कारीगरों को टूलकिट और सस्ते ऋण प्रदान किए गए हैं।

योगी ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाला इंटरनेशनल ट्रेड शो यूपी के एमएसएमई उत्पादों को वैश्विक खरीदारों तक पहुंचाने का मंच प्रदान करेगा। बताया कि यूपी के 77 उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त हो चुका है और 75 नए आवेदनों पर कार्य चल रहा है। इस अवसर आयोजित होने जा रहे इंटरनेशनल ट्रेड शो से संबंधित एक लघु चलचित्र का प्रदर्शन किया गया।

### इन औद्योगिक इकाइयों को दिए आवंटन पत्र

मुख्यमंत्री ने औद्योगिक आख्यान खैमई अलीगढ़ की पांच औद्योगिक इकाइयों और उनके प्रतिनिधियों को आवंटन पत्र वितरित किया। इस दौरान मेसर्स मैक्स बोल्ट एनर्जी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सत्येन्द्र शुक्ला और विशाल गुप्ता, मेसर्स मानसरोवर इंगट प्राइवेट लिमिटेड की अदिति और अंशिका मित्तल, मेसर्स मैडवाई इंडिया के पवन ओझा, मेसर्स प्रभा इंटरनेशनल के अतुल शर्मा, मेसर्स गायत्री बिल्डिंग मैटेरियल के कुलदीप आर्य को आवंटन पत्र वितरित किया।

### प्रोत्साहन नीति के तहत लाभार्थियों को चेक वितरित

मुख्यमंत्री ने एमएसएमई प्रोत्साहन नीति के लाभार्थियों को चेक वितरित किया। इसमें मेसर्स स्किम ग्लासेज़ वाराणसी से प्रशांत लालवानी, जय मां दुर्गा प्लाईवुड इंडस्ट्रीज रायबरेली के जितेन्द्र बहादुर सिंह, मां अम्बे राइस मिल महाराजगंज के राजेश मधेशिया, सावित्री इंडस्ट्रीज गोरखपुर के गोविंद प्रसाद, तिरुपति बालाजी प्रिंट पैक प्रालि संत कबीर नगर के नमन वैश्य को डमी चेक वितरित किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार, प्रमुख सचिव एमएसएमई आलोक कुमार, एसएलवीसी के कोऑर्डिनेटर शैलेन्द्र कुमार सिंह आदि गणमान्य मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने लिया राष्ट्रपति के आगमन की तैयारी का जायजा

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार दोपहर बाद भटहट के पिपरी में राज्य के पहले आयुष विश्वविद्यालय में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के आगमन की तैयारियों हवाई सर्वेक्षण के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। बाद में समीक्षा बैठक निर्देश दिए कि कार्यक्रम में सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता की उत्कृष्ट व्यवस्था कर मिसाल प्रस्तुत करें। आयोजन ऐसा हो जो राष्ट्रपति की स्मृतियों में रच-बस जाए। पिपरी में बने महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु 1 जुलाई को करेंगी। राष्ट्रपति के आगमन से पूर्व योगी ने लोकार्पण समारोह की तैयारियों का जायजा लिया।

# अधिकतम चार घंटे में होगा पोस्टमार्टम

## संवेदनशील मामलों में डॉक्टर व अधिकारी बरतें सावधानी : ब्रजेश पाठक



राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पोस्टमार्टम के लिए पीड़ित परिवारों को अब अधिक इंतजार नहीं करना होगा। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दुःख की घड़ी में परिवारीजनों की पीड़ा कम करने के लिए पोस्टमार्टम को अधिकतम चार घंटे में करने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने पोस्टमार्टम की नई गाइड लाइन जारी कर दी है।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि जिन जिलों में अधिक संख्या में पोस्टमार्टम हो रहे हैं। वहां मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) दो या इससे अधिक डॉक्टरों की टीमें बनाकर इस संवेदनशील कार्य को संपन्न कराएं, ताकि परिवारीजनों को शव के लिए अधिक इंतजार न करना पड़े। सूर्यास्त के बाद नियमानुसार पोस्टमार्टम कराया जाए। जल्द से जल्द शव के साथ संबंधित अभिलेख भी पोस्टमार्टम हाउस भेजे जाएं। रात में पोस्टमार्टम की दशा में 1000 वॉट लाइट की कृत्रिम व्यवस्था की जाए। दूसरे जरूरी संसाधन भी पर्याप्त हों, ताकि 24 घंटे पोस्टमार्टम की कार्रवाई चलती रहे। उन्होंने बताया कि हत्या, आत्महत्या, यौन अपराध, क्षत-विक्षत शव व संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु संबंधी प्रकरणों में रात में पोस्टमार्टम न कराएं जाएं। हालांकि अपरिहार्य कारणों में जिला मजिस्ट्रेट व उनके अधिकृत अधिकारी की अनुमति पर रात में भी पोस्टमार्टम कराया जा सकता है।

### वीडियोग्राफी का पैसा परिवार से न लिया जाए

कानून व्यवस्था से जुड़े प्रकरण, एनकाउंटर, पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु, विवाह के प्रथम 10 वर्षों में हुई महिला की मृत्यु आदि में रात में होने वाले पोस्टमार्ट की वीडियोग्राफी कराई जाए। शासनादेश के मुताबिक, पैनल के तहत होने वाले पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी अवश्य कराई जाए। इसका पैसा पीड़ित परिवारीजनों से नहीं लिया जाए। वीडियोग्राफी का भुगतान रोगी कल्याण समिति व अन्य मदों से किया जाए।

### ऑनलाइन जारी की जाए पोस्टमार्टम रिपोर्ट

पोस्टमार्टम की रिपोर्ट ऑनलाइन जारी की जाए। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पोस्टमार्टम हाउस में एक कम्प्यूटर ऑपरेटर व दो डाटा इंट्री ऑपरेटर सीएमओ द्वारा तैनात किए जाएं। शव को अस्पताल से पोस्टमार्टम हाउस ले जाने के लिए वाहन का इंतजाम किया जाए। सीएमओ हर जिले में दो शव वाहन की व्यवस्था करें।

### पैनल में महिला डॉक्टर शामिल की जाएं

महिला अपराध, रेप, विवाह के प्रथम 10 वर्षों के भीतर महिला की मृत्यु की दशा में पोस्टमार्टम पैनल में महिला डॉक्टर अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। अज्ञात शव की पहचान के लिए डीएनए सैंपलिंग कराई जाए।

# बाल वाटिका कक्षा के लिए नियुक्त किए जाएंगे ईसीसीई एजुकेटर

- 8800 ईसीसीई एजुकेटर की जिला स्तर पर होगी नियुक्ति शासनादेश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** शहरों की तरह ग्रामीण क्षेत्रों में भी छोटे बच्चों (3 से 6 साल) के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों में बाल वाटिका (प्ले ग्रुप) संचालित होंगे। परिषदीय प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में बालवाटिका कक्षा चलेंगी, जिसमें छह साल तक के बच्चों को पूर्व माध्यमिक शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसके लिए प्रदेश के सभी 8800 परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में 'प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा' (ईसीसीई एजुकेटर) की नियुक्ति होगी। इसके लिए केंद्रांश के रूप में राज्य सरकार द्वारा एक अरब 13 करोड़ 62 लाख 44 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव आनन्द कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि बाल वाटिका कक्षा के लिए ईसीसीई एजुकेटर संविदा पर सेवा प्रदाता के माध्यम से आबद्ध किए जाएंगे। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उप्र. की अध्यक्षता में गठित आठ सदस्यीय समिति निगरानी करेगी। प्रत्येक जिले में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिव होंगे, जबकि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी व वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा बतौर सदस्य होंगे।

बालवाटिका कक्षा में तीन से छह साल की आयु के बच्चों को औपचारिक शिक्षा के लिए तैयार करना है, बच्चों के भौतिक, मानसिक, सामाजिक संवेगात्मक एवं अकादमिक विकास के लिए वातावरण सृजन करना होगा।

### आवेदक की अर्हता

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि ईसीसीई एजुकेटर की संविदा पर 11 माह के लिए नियुक्ति होगी, जिसे प्रतिमाह 10 हजार 313 रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा। आवेदक की अधिकतम आयु 40 वर्ष, गृह विज्ञान से 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक उत्तीर्ण होना जरूरी है, आरक्षित वर्ग को नियमानुसार अंकों में पांच प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके अलावा नर्सरी अध्यापक शिक्षा, सीटी आदि कम से कम दो वर्ष की अवधि का डिप्लोमा या समकक्ष योग्यता जरूरी है।

# फ्लैट में छाप रहे थे जाली नोट

- एटीएस ने हापुड़ के पिलखुआ में गिरोह को पकड़ा
- 3.9 लाख के जाली नोट समेत तीन गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** हापुड़ के पिलखुआ स्थित फरीदनगर रोड दिनेश नगर कालोनी में जाली नोट छापने का काला कारोबार चल रहा था। जानकारी होने पर गुरुवार देर शाम को एटीएफ (एंटी टेररिस्ट स्क्वाड) ने छापा मारकर सरगना समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया। फ्लैट के अंदर से 3.90 लाख रुपये जाली भारतीय मुद्रा बरामद की है। आरोपी जाली नोट छापकर प्रदेश के कई जिलों में फैले अपने नेटवर्क के जरिये खपा रहे थे। एटीएस की टीम गिरोह के नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा रही है।


गजेंद्र यादव

एटीएस अधिकारी के मुताबिक, जाली नोट खपाने वाले गिरोह के बारे में जानकारी मिली। टीम ने पिलखुआ के फरीदनगर, भोजपुर रोड के पास एक कार की घेराबंदी कर गजेंद्र यादव और सिद्धार्थ झा को पकड़ा। कार के अंदर काफी मात्रा में जाली भारतीय मुद्रा रखी थी। दोनों इस जाली नोट को एक पार्टी को देने जा रहे थे। दोनों की निशानदेही पर टीम ने दिनेश नगर स्थित एक फ्लैट पर छापा मारा। जहां से उनका साथी विजय वीर पकड़ा गया। फ्लैट में जाली नोट छापने के सामान व जाली नोट का जखीरा मिला। आरोपियों के खिलाफ एटीएस थाना लखनऊ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

एटीएस अधिकारी के मुताबिक पकड़े गये आरोपियों गिरोह का सरगना बुलंदशहर के जीवन गीत गजौरी का रहने वाला गजेंद्र यादव है। गजेंद्र लाखन रेलवे स्टेशन पिलखुआ पर प्वाइंट मैन के पद पर तैनात है। इसके अलावा नई दिल्ली गाजीपुर का सिद्धार्थ झा और बुलंदशहर के रसूलपुर का विजय वीर चौधरी गिरफ्तार किया गया है।

# 23 वन अफसरों के तबादले, डीएफओ पद पर नई नियुक्तियां

- पर्यावरण संरक्षण, वन प्रबंधन और क्षेत्रीय प्रशासनिक संतुलन को लेकर किया बदलाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने राज्य वन सेवा के 23 अफसरों के तबादले कर दिए हैं। गुरुवार देर शाम जारी शासनादेश के अनुसार इन तबादलों में कई जिलों में डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर (डीएफओ) के पदों पर नई नियुक्तियां की गई हैं, जबकि कुछ अफसरों को अन्य प्रशासनिक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

वन विभाग के सूत्रों के अनुसार, यह निर्णय पर्यावरण संरक्षण, वन प्रबंधन, और क्षेत्रीय प्रशासनिक संतुलन की नजर से लिया गया है। कुछ तबादले तत्काल प्रभाव से लागू होंगे, जबकि अन्य 1 जुलाई और 1 अगस्त से प्रभावी होंगे।

तबादलों के इस क्रम में संजय कुमार मल्ल को मैनपुरी का प्रभारी डीएफओ नियुक्त किया गया है। चंद्र प्रताप सिंह को औरैया का प्रभारी डीएफओ बनाया गया है। यह आदेश 1 जुलाई से प्रभावी होगा। राजीव कुमार को फर्रुखाबाद का डीएफओ नियुक्त किया गया है। विनीता सिंह को अमरोहा का डीएफओ बनाया गया है। उनका कार्यभार 1 अगस्त से प्रभावी होगा।

वहीं, संजीव कुमार को कासगंज में डीएफओ का पद सौंपा गया है। अमरकांत शुक्ला को प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष कार्यालय में तैनाती मिली है। तौफीक अहमद को उत्तर प्रदेश वन निगम में स्थानांतरित किया गया है। आशुतोष पांडेय को वानिकी प्रशिक्षण संस्थान, कानपुर भेजा गया है। प्रदीप कुमार वर्मा को बदायूं में डीएफओ के रूप में नियुक्त किया गया है।

अमित सिंह को सुल्तानपुर भेजा गया है। उमेश तिवारी को अंबेडकरनगर का डीएफओ नियुक्त किया गया है। दिलीप कुमार तिवारी को ओबरा में डीएफओ का कार्यभार दिया गया है। मानेंद्र सिंह को फिरोजाबाद का प्रभारी डीएफओ बनाया गया है। हरिकेश नारायण यादव को संतकबीरनगर भेजा गया है। राकेश कुमार को मिर्जापुर का डीएफओ बनाया गया है। यह आदेश 1 जुलाई से लागू होगा।

इसी क्रम में प्रोमिला को जौनपुर में डीएफओ का पद सौंपा गया है। प्रीति यादव को संभल का प्रभारी डीएफओ बनाया गया है। अर्शी मलिक को हापुड़ भेजा गया है। शिरीन को बस्ती का डीएफओ नियुक्त किया गया है। हरेंद्र सिंह को बुलंदशहर में डीएफओ पद पर तैनात किया गया है। यह आदेश 1 अगस्त से प्रभावी होगा। राकेश चंद्र यादव को हाथरस भेजा गया है। कमल कुमार को रेनुकूट तो वहीं विनोद कुमार को शाहजहांपुर का डीएफओ बनाया गया है।

# छह शहरों की संवरेगी सूरत, 71 करोड़ से बनेगा रीजनल प्लान

- लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर हरदोई, उन्नाव व रायबरेली का होगा विकास
- एलडीए में हाईलेवल कमेटी के चेयरमैन केशव वर्मा के समक्ष किया गया प्रस्तुतिकरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ जल्द दिल्ली-एनसीआर की राह पकड़ेगा। स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) के अंतर्गत लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव व रायबरेली में नियोजित रूप से विकास व अवस्थापना के कार्य कराए जाएंगे। इससे इन जनपदों में लोगों को निवास के लिए बेहतर माहौल मिलेगा और रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे। आर्थिक विकास को भी रफ्तार मिलेगी।

शुक्रवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के पारिजात सभागार में शुक्रवार को हुई एक अहम बैठक में हाईलेवल कमेटी के चेयरमैन केशव वर्मा के समक्ष इस योजना का प्रेजेन्टेशन दिया गया। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि यूपी एससीआर के लिए जीआईएस आधारित क्षेत्रीय महायोजना तैयार करने के लिए कंसल्टेंट के रूप में एईकॉम इंडिया प्रालि एवं एजीस इंडिया कन्सल्टिंग इंजीनियर्स प्रालि के कंसोर्टियम का चयन किया गया है। 71 करोड़ की लागत से कंसल्टेंट कंपनी द्वारा एक वर्ष में रीजनल प्लान तैयार किया जाएगा। साथ ही अगले पांच वर्ष में रीजनल प्लान के मुताबिक परियोजनाओं को चिन्हित करते हुए उनका डीपीआर तैयार करेंगी। स्थल पर परियोजनाओं को क्रियान्वित कराने का काम कराएंगी। उपाध्यक्ष ने बताया कि एससीआर का क्षेत्रफल लगभग 26,700 वर्ग किमी होगा। आधारभूत सुविधाओं को उच्चीकृत किया जाएगा। जनपदों के बीच हाई स्पीड कनेक्टिविटी का प्रावधान किया जाएगा। इसके तहत मिसिंग रोड नेटवर्क को पूर्ण किया जाएगा, रैपिड रेल, रिंग रोड व एक्सप्रेस-वे का काम कराया जाएगा। आवागमन तेज और सुगम होने से औद्योगिक व व्यावसायिक विकास को बल मिलेगा।

### एससीआर के लिए वर्ल्ड बैंक करेगा मदद


बैठक में वर्ल्ड बैंक की टीम भी मौजूद रही। इनके सदस्यों ने बताया गया कि वर्ल्ड बैंक की सहभागिता से कई विकसित देशों के शहरों में इस तरह का नियोजित विकास किया गया है। वह एससीआर को बेहतर ढंग से विकसित करने के लिए इस तरह की सफल परियोजनाओं की सूचनाएं साझा करेंगे। एससीआर के रीजनल प्लान में हेरिटेज व सांस्कृतिक विरासत को भी सहेजा जाएगा।

## वर्ग पहेली-15

**बाएं से दाएं**

1. 1. बाण चलाने का एक अस्त्र, बांस या धातु आदि के छड़ को निर्धारित मात्रा में झुकाकर उसके दोनों सिरों के बीच डोरी बाँधकर बनाया हुआ विशेष अस्त्र 2. धनुष, धनु, कमान, चाप, कोदंड, शरायुध।
3. सिर पर पहनने का एक आभूषण, सिरबंदी।
5. 1. रुपए-पैसे का लेन-देन करने वाला व्यक्ति, साहुकार 2. अमीर व्यक्ति 3. श्रेष्ठ व्यक्ति 4. जनसमूह
6. दांतों की तरह उभरी कंघी
7. 1. दुर्घटना 2. वृत्तांत, हाल 3. समाचार, ख़बर।
8. शव ले जाने का लकड़ी का बनाया गया चौकोर ढांचा, अरथी।
9. दुहिता, पुत्री, बेटी।

**ऊपर से नीचे**



2. 1. पवित्र, शुद्ध, पाक 2. पवित्र तथा अच्छे आचरण वाली स्त्री।
3. 1. दीन-दयालु 2. बंदों पर अनुग्रह करने वाला 3. नौकरों और आश्रितों पर कृपा करने वाला 4. भक्तवत्सल।
4. 1. काम या बात को पूरा न करने के लिए कहा जाने वाला झूठ 2. हीला, टालमटोल, बनावटी बात 3. अपना बचाव या किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए कही गई झूठी बात 4. कारण, हेतु, वजह, निमित 5. नाममात्र का कारण।
5. 1. दौरा करने का रास्ता, भ्रमणमार्ग 2. आधार, आश्रय 3. निर्भरता 4. ग्रहों का भ्रमण मार्ग, कक्षा।

### वर्ग पहेली -14 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वै | ■ | 2 अ | 3 प | क | र् | ष |
| शा | ■ | ■ | रि | ■ | ■ | ■ |
| 4 ख | ट | रा | ग | ■ | ■ | 5 ना |
| ■ | ■ | ■ | ण | ■ | 6 घं | ट |
| 7 अ | खु | ट | ना | ■ | ■ | क |
| श | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | घ |
| 8 नि | शा | ने | बा | ज़ी | ■ | र |

## सुडोकू -22

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | 1 | | | | 6 | |
| 7 | | | | | 6 | | | |
| | | 9 | | 8 | 5 | | 4 | 3 |
| | 5 | | | | 9 | 3 | | 7 |
| 9 | 2 | | | | | | 8 | 1 |
| 1 | | 3 | 8 | | | | 5 | |
| 3 | 9 | | 5 | 4 | | 6 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |
| | 8 | | | | 7 | 2 | | |

### सुडोकू - 21 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 4 | 3 | 6 | 9 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 | 9 |
| 1 | 9 | 5 | 8 | 2 | 4 | 6 | 3 | 7 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 1 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 4 | 3 | 6 | 5 | 2 | 1 | 9 | 8 |
| 5 | 1 | 6 | 4 | 9 | 8 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 4 | 7 | 5 | 8 | 1 |
| 4 | 2 | 1 | 9 | 8 | 5 | 7 | 6 | 3 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 3 | 6 | 9 | 2 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 जून, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तृतीया-09.53 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 06.35 तक तत्पश्चात अश्लेषा।

**मेष** — आज पुरानी उधारी चुकाने का दबाव रहेगा। विवेक और चतुराई से काम करें। अपनी कमियों से सीखने का प्रयास करें। छोटी-मोटी बातों को तूल न दें। आज स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही बिल्कुल भी न करें। जीवनसाथी आपसे प्रसन्न रहेंगे। मित्रों के लिए उपहार खरीद सकते हैं।

**वृष** — आज दांपत्य संबंधों में प्रेमभाव बढ़ेगा। बच्चों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। धर्म-कर्म में आपकी स्वाभाविक रुचि और बढ़ेगी। धन को लेकर अपने रिश्ते खराब न करें। जॉब में बदलाव करने का प्रयास कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — आज आपकी दिनचर्या अत्यन्त अस्त-व्यस्त रहेगी। घर वालों के साथ समय बिताने का प्रयास करेंगे। फाइनेंस से जुड़े मामलों में हानि हो सकती है। मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में लाभ मिलेगा। प्रेम संबंधों को लेकर मन में कुछ शंका न होने दें। परोपकार में मन लगायेंगे।

**कर्क** — आज मन में उमंग-उत्साह की भावना रहेगी। कुछ नया सीखने को प्राप्त होगा। फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहें। कार्यक्षेत्र की राजनीति से स्वयं को दूर रखें। नई योजना बनाने के लिए समय उत्तम है।

**सिंह** — आज कार्यक्षेत्र में अपयश जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। सिरदर्द और थकान जैसी स्थिति बन सकती है। जॉब को लेकर यात्रा करनी पड़ सकती है। राजनीति से जुड़े लोगों को कठिनाई होगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं तो बजट का ध्यान अवश्य रखें।

**कन्या** — आज शेयर मार्केट से काफी अच्छा लाभ कमा सकते हैं। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। संतान को लेकर समस्या दूर होगी। भाग्य का साथ मिलने से अचानक महत्वपूर्ण मौके मिल सकते हैं। निवेश के मामले में आज दिन बहुत शुभ है।

**तुला** — आज आर्थिक मामलों में किसी पर विश्वास न करें। अपनी योग्यता और क्षमता का विस्तार कर सकते हैं। व्यापार में नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। नये लोगों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे। करियर में अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**वृश्चिक** — आज विदेश यात्रा में आ रही बाधा दूर होगी। विरोधी पक्ष आपके प्रति परेशानी खड़ी करने का प्रयास करेंगे। मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। शाम को परिजनों के साथ विशिष्ट विषयों पर चिन्तन-विमर्श करेंगे। समय का भरपूर लाभ उठायेंगे।

**धनु** — आज जीवनसाथी आपसे शिकायत कर सकता है। जोड़ों में दर्द की समस्या हो सकती है। आलस्य में आपको समय व्यर्थ नहीं करना चाहिए। बुरी संगति से दूर रहें। विरोधियों से आपको सावधान रहना चाहिए।

**मकर** — आज व्यापार में आपको उत्तम धन लाभ प्राप्त होगा। परिवार का खर्च बढ़ सकता है। दांपत्य जीवन में रोमांस का आनन्द उठायेंगे। विरोधियों के ऊपर हावी रहेंगे। सभी काम शान्तिपूर्वक पूर्ण होंगे। छात्र करियर को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे।

**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र में आपके व्यवहार की प्रशंसा होगी। जॉब में उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। परिवार के साथ शॉपिंग करने के लिये जा सकते हैं। नये प्रेम संबंध विकसित हो सकते हैं।

**मीन** — आज कार्यक्षेत्र में टीमवर्क के साथ काम करने से लाभ मिलेगा। अत्यधिक आदर्शवाद से आपको बचना चाहिए। आज आप भौतिक सुख-सुविधाओं पर धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ बहसबाजी में न पड़ें। व्यापार को लेकर कुछ चिन्तित रहेंगे।

अनिर्वेदः श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्णः सुखं चानन्त्यमश्नुते॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

## संपादकीय

# महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत दिया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ एक बहुत बड़ा व्यापार समझौता करने जा रहा है। जिसके तहत हम भारत के लिए दरवाजे खोलने जा रहे हैं। इसे भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों के लिए एक अच्छा संकेत भी माना जा सकता है। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका के साथ अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए भारतीय दल वाशिंगटन में है। भारतीय दल की अमेरिका यात्रा महत्वपूर्ण है क्योंकि दोनों देश अंतरिम व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहे हैं और 9 जुलाई से पहले समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। 2 अप्रैल को अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त पारस्परिक शुल्क लगाया, लेकिन इसे 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया था। हालांकि अमेरिका द्वारा लगाया गया 10 प्रतिशत बेसलाइन शुल्क अभी भी लागू है। भारत अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क से पूरी छूट चाहता है। इस समझौते का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 191 बिलियन अमेरिकी डॉलर से दोगुना करके 2030 तक 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना है।

गौरतलब है कि दोनों देश एक बड़े व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, जिसमें भारत के लिए अमेरिकी बाजार में और अधिक पहुंच की उम्मीद है। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन इसमें कुछ चुनौतियां भी हैं। कृषि और डेयरी क्षेत्र भारत के लिए अमेरिका को शुल्क रियायतें देने के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। भारत ने अब तक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में डेयरी को नहीं खोला है। अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, ऑटोमोबाइल-विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोकेमिकल उत्पादों, डेयरी तथा कृषि उत्पादों जैसे सेब, वृक्ष गिरी तथा आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है। 2030 तक भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार के महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। इसे हासिल करने के लिए अगले पांच साल में 250 से 270 अरब डॉलर के अतिरिक्त व्यापार की आवश्यकता होगी। अगर दोनों देशों को ये लक्ष्य पाना है तो विशिष्ट क्षेत्रों के लिए एक स्पष्ट नीति तैयार करनी होगी। दोनों देशों को एक दूसरे की चिंताओं को दूर करने और एक पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते पर पहुंचने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

# अग्निशमन हेतु स्पेस टेक्नोलॉजीज का व्यावसायीकरण जरूरी



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

अग्निशमन कर्मियों को प्रशिक्षण के दौरान यह सिखाया जाता है कि आग लगने पर ज्वलनशील पदार्थों के बारे में जानकारी ले ली जाए अन्यथा फोम टाइप अग्निशमन कारकों का इस्तेमाल किया जा सकता है।

दिल्ली के रिठाला गांव में एक तंग गली के चार मंजिला मकान में प्लास्टिक प्रोसेसिंग फैक्ट्री में गत बुधवार शाम भयानक आग धधकने से चार लोग जिंदा जल गए। इस घर में फायर सेफ्टी के लिए कोई इंतजाम नहीं थे। हिंदुस्तान में गैर वाजिब तरीके से लाखों कार्य-स्थलों पर इंडस्ट्रियल वर्क्स या प्रोसेसिंग यूनिट्स स्थापित हैं जिन्हें अनाधिकारिक तरीके से स्थापित किया और चालू रखा जाता है। म्युनिसिपल कमेटियों और कारपोरेशन के अधीन काम करने वाले अग्निशमन विभाग किसी रिहायशी या इंडस्ट्रियल एरिया में एक्सपर्ट्स को भेजकर सर्वेक्षण रिपोर्ट्स कभी तैयार नहीं करवातीं। कैसे करें? स्टाफ और इक्विपमेंट ही पूरा नहीं है।

बरसों पहले नयी दिल्ली में कनाट प्लेस के निकट बाराखंबा मार्ग पर एक बहुमंजिला इमारत में लगी आग को मैंने खुद देखा था। कुछेक लोग आग की तीव्रता से बचने के लिए खिड़कियों में खड़े हो गए थे और बचाव के लिए हड़बड़ी में आठवीं मंजिल से नीचे कूद गए या संलग्न भवन की दूसरी खिड़की पर पाइप लगाकर बन्दर की तरह उसे पकड़ कर दूसरी ओर जाने के प्रयास में हाथ छूटने से नीचे गिर कर मर गए थे। दिल्ली का कनाट प्लेस स्थित फायर स्टेशन हाई राइज बिल्डिंग्स में आग लगने पर बचाव कार्य के लिए मैनपावर और तकनीकी तौर से क्षमतावान है, लेकिन गुड़गांव की सैंकड़ों की संख्या में बनाई गई बहुमंजिला इमारतें ज्यादातर मामलों को लेकर असुरक्षित है। भारत के अन्य महानगरों को छोड़िए, नोएडा व मयूर विहारजैसे उभरे इलाकों में भी 10-12 मंजिल ऊंची इमारतों में आग लगने के बाद स्थानीय म्युनिसिपल कारपोरेशन बचाव के लिए उन्नत और सक्षम टेक्नोलॉजी और इक्विपमेंट के मामले में ज्यादातर कमजोर है।

हम अभी तक फायर रिटार्डेंट्स और फ्लेम एक्स्टिंग्विशर के लिए परंपरागत तरीके ही इस्तेमाल करते हैं हालांकि मेट्रो कोच और वायुयानों में अंदरूनी पेंट करने से पहले इसमें अग्निशामक रेजिन मिलाया जाता है। कुछ भवनों में अंदरूनी वाल फिटिंग्स और फर्नीचर पेंट के लिए भी इसका इस्तेमाल अब हो रहा है। लेकिन बड़ी आग को बुझाने के लिए ब्यूरो ऑफ़ इंडियन स्टैंडर्ड्स की सिफारिशों के अनुसार ही रसायन युक्त घोल का इस्तेमाल करना उचित है।

एक अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना विभिन्न मॉड्यूलों को बिजली देने और संचालित करते समय प्राकृतिक संवहन या वेंटिलेशन में कमी होने के बाद असामान्य ओवरहीटिंग से होती है। पिछले दशकों में लागू किए गए कड़े उपायों के कारण इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन या अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना काफी कम की गई है।

अग्निशमन कर्मियों को प्रशिक्षण के दौरान यह सिखाया जाता है कि आग लगने पर ज्वलनशील पदार्थों के बारे में जानकारी ले ली जाए अन्यथा फोम टाइप अग्निशमन कारकों का इस्तेमाल किया जा सकता है। अग्निशमन कारकों के मानक ब्यूरो ऑफ़ इंडियन स्टैंडर्ड्स की साइट पर उपलब्ध हैं। लेकिन कोई तब भी नहीं देखता कि जिस भवन में वह रहता है वहां कैसे आग्नेय पदार्थ हैं और आग लगने पर इनके शमन के लिए उचित प्रकार का मानक अग्निशामक उपलब्ध है या नहीं।

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में 14 दिन बिताने और कुछ तजुर्बे करने के लिए भारत की ओर से शुभांशु शुक्ला ने फाल्कन रॉकेट में लगे एक्सिओम स्पेस कैप्सूल में बैठ कर गत बुधवार की आधी रात के कुछ मिनट बाद उड़ान भरी और वे आईएसएस से अपने यान को जोड़ने के बाद अंदर प्रवेश करेंगे। आईएसएस की स्थापना से पहले इसके डिजाइन में यह ध्यान रखा जाता है कि किसी भी समय, किसी कारण से या अंदरूनी इलेक्ट्रिकल सिस्टम के खराब या शॉर्ट सर्किट होने से आग लग जाएगी तो कैसे इसे कंट्रोल करेंगे और आग से हुई क्षति के बाद किस पद्धति अर्थात स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर से सफाई करेंगे। अंत में बीस साल पहले उपलब्ध टेक्नोलॉजी के ज्ञान के अनुसार जितना संभव हुआ उतना उन्नत एक एनवायरनमेंट कंट्रोल एंड लाइफ सपोर्ट सिस्टम स्थापित किया गया जो पूरी तरह से आटोमेटिक, लेकिन मैन्युअली कंट्रोल्ड भी है।

पृथ्वी के निकट की कक्षा या लो-अर्थ ऑर्बिट या एलईओ में स्थापित किए गए अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर बीस वर्षों की निरंतर मानवीय उपस्थिति की वजह से इसमें स्थापित की गई ईसीएलएसएस अथवा स्थायी पर्यावरण नियंत्रण और जीवन समर्थन प्रणाली में निरंतर सुधार किया गया है, जो बाहरी अंतरिक्ष के खतरनाक वातावरण में जीवित रहने के लिए आवश्यक सभी तत्वों को कवर करता है। आईएसएस में कार्बन डाइऑक्साइड से ऑक्सीजन को पुनर्प्राप्त करने के लिए एयर रिवाइटलाइज़ेशन सिस्टम (एआरएस) की दक्षता किसी भी मिशन की अवधि के लिए एक थ्रेशहोल्ड या ऊपरी सीमा निर्धारित करती है। एआरएस द्वारा प्रदत्त समय सीमा से अधिक अवधि तक मिशन चलाने के कारण खतरे की नियति से बचना असंभव है। अंतरिक्ष यान में ऑक्सीजन की मात्रा एक निश्चित स्तर से नीचे गिर जाती है, तो चालक दल जीवित नहीं रह सकता है। खतरा केवल निगरानी उपकरण के स्वचालन या ऑटोमोटिव सिस्टम की तकनीकी खराबी या स्थायी विफलता के कारण उत्पन्न होता है। नतीजतन, एयर रिवाइटलाइज़ेशन सिस्टम को प्रमाणित दक्षता के साथ डिज़ाइन किया जाता है और मिशन की योजना उसी के अनुसार बनाई जाती रही है। सही परिरक्षण प्रौद्योगिकियों की अनुपस्थिति के परिणामस्वरूप ताप स्रोतों, ऑक्सीजन और ईंधन की उपस्थिति में, अंतरिक्ष यान या जमीन पर आग लगने का जोखिम निश्चित है, और अगर रोकथाम की अनदेखी की जाती है, तो आग लग जाएगी।

एक अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना विभिन्न मॉड्यूलों को बिजली देने और संचालित करते समय प्राकृतिक संवहन या वेंटिलेशन में कमी होने के बाद असामान्य ओवरहीटिंग से होती है। पिछले दशकों में लागू किए गए कड़े उपायों के कारण इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन या अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना काफी कम की गई है। उक्त परिदृश्य में भारत द्वारा खुद के स्पेस स्टेशन के डिजाईन में सभी बातों का ध्यान रखा जाएगा और हो सकता है इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन और चीन के स्पेस स्टेशन से उन्नत टेक्नोलॉजी हम इसमें लगा पाएं। स्पेस टेक्नोलॉजीज में निरंतर सुधार और उन्नत प्रणालियों के विकास से ऐसा संभव है।


अगर स्पेस स्टेशनों में आग लगने से बचने और अग्नि लगने के बाद इसके त्वरित रूप से फैलने से रोके जाने की नियंत्रण प्रणालियों का विकास संभव है तो इन्हें सिविलियन इस्तेमाल के लिए व्यावसायिक तरीके से बाज़ार में उपलब्ध करवाने की तत्परता क्यों नहीं दिखाई जाती? इस समय मार्किट में जो भी फायर अलार्म या आग बुझाने की ऑटोमैटिक प्रणालियां उपलब्ध हैं वे खर्चीली हैं और सालभर की अवधि में कम से कम दो बार परिरक्षण या मेंटेनेंस की मांग करती हैं। इसे केवल सरकार के बड़े और महत्वपूर्ण दफ्तर, सिक्योर वॉल्ट्स, पानी के अन्दर या जमीन पर चलाने वाले और हवा में उड़ने वाले ट्रांसपोर्ट व्हीकल्स या अत्यंत ऊंचे स्तर की सुरक्षा की मांग करने वाले स्थल या एन्क्लोजर्स जैसे कि अंतरिक्ष कार्यक्रमों या डिफेन्स कार्रवाई के संचालन के लिए बनाए गए कमांड एंड कंट्रोल रूम्स और गलियारे हों, या फिर बहुत जोखिम वाली इंडस्ट्रीज और धनाढ्य वर्ग अथवा हाई राइज बिल्डिंग्स बनाने वाले ही इन्हें इस्तेमाल करने के लिए भारी खर्च वहन करने में सक्षम हैं। यह देख कर ताज्जुब होता है कि सोलर पॉवर लगाने के लिए सरकार बहुत सब्सिडी देती है, लेकिन जोखिम वाले उद्योगों के लिए एक प्रभावी और कारगर फायर फाइटिंग सिस्टम इंस्टाल करने के लिए उन्नत तकनीकों के लिए एक पैसा भी सब्सिडी के तौर से दिए जाने की सोच मौजूद नहीं है। हमने स्पेस ट्रेवल और स्पेस स्टेशन जैसी टेक्नोलॉजिकल मार्वेल्स को तो बना दिया लेकिन धरती पर जहां उन्नत टेक्नोलॉजी की करोड़ों इंडस्ट्रियल यूनिट्स में उन्नत अग्निशमन यंत्र प्रणालियों और गैजेट्स की जरूरत है, उसके बारे में नहीं सोचा। अंतरिक्ष की तरफ सर उठाकर देखने के बाद हमें पृथ्वी पर मानव सुरक्षा को भी देखने की जरूरत है।

## प्रसंगवश

# इतनी चर्चा में क्यों हैं जोहरान ममदानी

मंगलवार के दिन न्यूयॉर्क सिटी के मेयर के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की 'प्राइमरी' हुई थी। प्राइमरी अमरीकी लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण आयोजन होता है। भारत में किसी चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार को पार्टी का शीर्ष नेतृत्व चुनता है। अमेरिका में नहीं। वहां पार्टी के स्थानीय सदस्य मतदान कर अपने उम्मीदवार को चुनते हैं। मंगलवार को हुए डेमोक्रेटिक प्राइमरी में ज़ोहरान ममदानी विजयी रहे। यानी न्यू यॉर्क के मेयर के चुनाव में ममदानी डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार रहेंगे।

महत्वपूर्ण चुनाव है। वित्तीय वर्ष 2025 का न्यूयॉर्क सिटी का बजट 111.62 बिलियन डॉलर यानी करीब 9.15 लाख करोड़ रुपये का है; तुलना के लिए वित्तीय वर्ष 2025 का महाराष्ट्र का बजट 7 लाख करोड़ से कुछ अधिक का है। अमेरिकन शहरों की पुलिस भी वहां के मेयर के अधीन काम करती है, और ममदानी ने घोषणा कर रखी है कि यदि वे मेयर बने और इज़राइल के बेन्यामिन नेतन्याहू उनके कार्यकाल में न्यूयॉर्क आए तो वे नेतन्याहू को गिरफ्तार कर लेंगे। वे इतने भारत विरोधी हैं कि कांग्रेस के अभिषेक मनु संघवी ने भी कहा है कि जिस दिन ममदानी भारत पर बोलते हैं उस दिन पाकिस्तान के पीआर विभाग को छुट्टी ले लेनी चाहिए। ज़ोहरान ममदानी भारतीय मूल के हैं। उनके पिता महमूद ममदानी का जन्म मुंबई में हुआ था। उनकी माता विख्यात फिल्म निर्माता मीरा नायर हैं, जिनका जन्म राउरकेला में हुआ था, जहां मीरा के पिता एक आईएएस अधिकारी थे। ज़ोहरान के पिता गुजराती मुसलमान हैं और माता पंजाबी हिन्दू परिवार से आती हैं। ज़ोहरान अभी न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली के सदस्य हैं। प्राइमरी में उनका मुकाबला एंड्रू क्वोमो के साथ था जो हाल तक न्यूयॉर्क स्टेट के गवर्नर रहे थे। क्वोमो कुछ बेआबरू होकर महफ़िल से निकले हैं। उनके ऊपर सेक्सुअल मिसकंडक्ट के अनेक आरोप लगे, कुछ स्थापित भी हुए। मजे की बात है कि न्यूयॉर्क की अटॉर्नी जनरल टिश जेम्स ने गवर्नर क्वोमो के ऊपर लगे आरोपों की पूरी जांच कराई थी। औपचारिक रूप में प्राइमरी के नतीजे शायद पहली जुलाई को घोषित हों किन्तु मंगलवार के ही दिन क्वोमो ने अपनी पराजय स्वीकार कर ली थी। न्यूयॉर्क के वर्तमान मेयर एरिक एडम्स ने प्राइमरी में भाग नहीं लिया था। उन्होंने अप्रैल में ही घोषणा कर दी थी कि अगला चुनाव वे बतौर एक स्वतंत्र उम्मीदवार लड़ेंगे। मंगलवार के ही दिन हुए रिपब्लिकन पार्टी की प्राइमरी में कर्टिस स्लीवा विजयी रहे। नवम्बर में हो रहे मेयर के चुनाव में तिकोनिया संघर्ष देखने को मिलेगा - रिपब्लिकन स्लीवा, डेमोक्रैट ममदानी और स्वतंत्र एरिक एडम्स। न्यूयॉर्क शहर डेमोक्रैट गढ़ माना जाता है। बीसवीं सदी की शुरुआत से आज तक यानी पिछले 125 वर्षों में बस 36 वर्ष न्यूयॉर्क के मेयर रिपब्लिकन रहे हैं। दो तीन बार स्वतंत्र मेयर भी रहे हैं यानी जो किसी दल से संबद्ध नहीं थे। ममदानी फिलिस्तीनों के पक्षधर हैं और नेतन्याहू को गिरफ्तार करने की बात करते हैं फिर भी प्राइमरी जीत गए इससे विश्लेषकों को पूरा विश्वास हो गया है कि न्यूयॉर्क में (शायद पूरे यूएसए में) यहूदी दो खेमों में बंट चुके हैं, एक इज़राएल के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित है और दूसरा नहीं। अमरीकी चुनावों में बहुत पैसे खर्च होते हैं। कितने डेमोक्रैट धनकुबेर ममदानी के साथ रहेंगे यह स्पष्ट नहीं है। एक डेमोक्रैट वित्तपोषक, हेज फण्ड मैनेजर, अरबपति बिल ऐकमैन स्वतंत्र उम्मीदवार एरिक एडम्स के साथ हैं। ममदानी लोकप्रिय हैं। उनका मुद्दा शहर को 'अफोर्डेबल' बनाना है। वे कहते हैं, आज कोई पांच लाख बच्चे न्यूयॉर्क में भूखे सोते हैं। वे शहर की सरकार द्वारा संचालित खाने पीने के सामान बेचने वाली दुकानों की योजना ला रहे हैं। घरों के किराए वे नहीं बढ़ने देना चाहते हैं और अगले तीन वर्षों में दो लाख 'अफोर्डेबल' घर बनाना चाहते हैं। (मेयर का कार्यकाल चार वर्षों का होता है।) वे पांच साल तक के बच्चों के लिए 'यूनिवर्सल चाइल्डकेयर' का प्रस्ताव ला रहे हैं और सरकारी कॉलेजों में ट्यूशन फी माफ़ करना चाहते हैं। यदि भारत से तुलना की जाए तो उनकी योजनाएं आप पार्टी की याद दिलाती है। कुछ वर्षों से एक यहूदी विरोधी नारा, "ग्लोबलाइज़ द इन्तिफ़ादा", अमेरिका में सुना जा रहा है। ममदानी भी इससे संबद्ध बताए जाते हैं और पूछने पर भी उन्होने अपने को इस नारे से विलग नहीं बताया। चुनाव महत्वपूर्ण है और तैतीस वर्ष के ममदानी के लिए बहुत अधिक महत्वपूर्ण।



सचिदानंद सिंह
मुंबई

# एससीओ के मंच से भारत का सख्त संदेश



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

अच्छी बात है कि भारत ने एससीओ की सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत हर सम्मेलन में यूरेशियाई धरती के लोगों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहरायी।

चीन में आयोजित संघाई को-ऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) सम्मेलन में भारत ने कड़ा संदेश दिया है कि आतंकवाद के मसले पर दोहरा रवैया बर्दाश्त नहीं है। आतंकवाद पर दोहरे मानदंड को खत्म करना बेहद जरुरी है और एससीओ जैसे मंच को ऐसी ताकतों की खुलेआम आलोचना करनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि एससीओ के संयुक्त बयान में पहलगाम आतंकी हमले को जगह नहीं दी गई जबकि इसी संयुक्त बयान में पाकिस्तान में जाफर एक्सप्रेस पर हुए हमले को भरपूर तवज्जो दी मिली है। मतलब साफ है कि यह कारस्तानी चीन और पाकिस्तान की मिलीभगत से हुआ है। ऐसे में अगर भारत ड्राफ्ट के मौजूदा स्वरुप पर ऐतराज जताता है तो यह उचित ही है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने चीन और पाकिस्तान दोनों को सुना दिया कि जब तक संयुक्त बयान में आतंकवाद पर चिंता का जिक्र नहीं होगा तब तक भारत को यह ड्राफ्ट स्वीकार नहीं होगा। गौर करें तो यह पहली बार नहीं है जब भारत एससीओ के मंच से आतंकवाद के मसले पर चीन-पाकिस्तान की कड़ी घेराबंदी की है। याद होगा वर्ष 2024 में भी पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में आयोजित एससीओ सम्मेलन में भारतीय विदेशमंत्री एस जयशंकर ने बिना नाम लिए मेजबान देश पाकिस्तान को जमकर लताड़ा था। उन्होंने पाकिस्तान और चीन पर तंज कसते हुए कहा था कि एक अच्छे पड़ोसी के धर्म निभाए जाने की कमी है तो खुद के भीतर झांकने की जरुरत है। तब विदेशमंत्री जयशंकर ने चीन की महत्वकांक्षी 'वन बेल्ट वन रोड' पहल का समर्थन करने से भी इंकार कर दिया था। उन्होंने भारत का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में उसकी इजाजत के बिना किसी भी तरह का निर्माण उसकी संप्रभुता का उलंघन है और चीन ऐसा ही कर रहा है।

फिलहाल चीन एससीओ की मेजबानी से बहुत उत्साहित है। लेकिन जिस तरह भारत ने संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया है उससे चीन-पाकिस्तान दोनों के नापाक मंसूबे पर पानी फिर गया है। चीन को समझना होगा कि जब तक वह आतंकवादी देश पाकिस्तान को प्रश्रय देना बंद नहीं करेगा तब तक वह आतंकवाद के मसले पर फजीहत झेलता रहेगा। रही बात एससीओ के भविष्य की तो यह काफी कुछ इस पर निर्भर रहेगा कि आतंकवाद और क्षेत्रीय संप्रभुता के मसले पर इस संगठन का रवैया क्या रहता है। वैसे हर बार की तरह इस बार भी सम्मेलन में क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा समेत कई मसलों पर चर्चा हुई। लेकिन आतंकवाद पर जिम्मेदार देशों के दोहरे आचरण से उनका असली चेहरा सामने आ गया। इस सम्मेलन के जरिए भारत एक बार फिर जिम्मेदार वैश्विक भूमिका में दिखा जिसकी चतुर्दिक सराहना हो रही है। यह भारत के पक्ष मं जाता है और यही कारण है कि उसकी भूमिका बढ़ रही है। अगर एससीओ की भूमिका सकारात्मक रहती है तो भारत की प्रभावी भूमिका से इस क्षेत्र में उभर रही आतंकी गतिविधियों अंतर्राष्ट्रीय खतरों, अवैध ड्रग कारोबार, जैसी चुनौतियों से निपटने और सदस्य देशों को गोलबंद करना आसान होगा।

गौर करें तो अभी तक एससीओ पर चीन का वर्चस्व रहा है। लेकिन अब भारत की अर्थव्यवस्था चीन के मुकाबले तेजी से आगे बढ़ रही है ऐसे में संगठन में भारत की भूमिका और स्वीकार्यता दोनों बढ़ी है। इस कारण चीन के व्यापक प्रभाव में कमी और दृष्टिकोण में बदलाव आ रहा है। एससीओ के दबाव के कारण चीन आतंकिस्तान बन चुके पाकिस्तान को प्रश्रय तो दे रहा है लेकिन उसे शर्मसार भी होना पड़ रहा है। चूंकि एससीओ के सदस्य देशों का भारत से अति निकटता है ऐसे में उम्मीद किया जा रहा है कि संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता को लेकर चीन के रुख में बदलाव आ सकता है।

ऐसा इसलिए कि संघाई सहयोग संगठन के सभी सदस्य देश मसलन रुस, कजाखिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन कर चुके हैं। अगर चीन समर्थन करता है तो भारत को स्थायी सदस्यता मिल सकती है। लेकिन सच्चाई यह है कि चीन कभी नहीं चाहेगा कि भारत को स्थाई सदस्यता मिले। अच्छी बात है कि भारत ने एससीओ की सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत हर सम्मेलन में यूरेशियाई धरती के लोगों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहरायी। किंगदाओ सम्मेलन में भी भारत ने आतंकवाद पर सख्त संदेश देकर अपनी भावी-प्रभावी भूमिका स्पष्ट कर दी है।

## सोशल फोरम

# शुभांशु की अंतरिक्ष यात्रा

शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर अपनी टीम (क्रू) के साथ पहुंच गए हैं। 41 वर्षों बाद भारत को यह गौरव मिला है जब राकेश शर्मा के बाद एक और अंतरिक्ष यात्री ने अंतरिक्ष में तिरंगा फहराया है। मगर इसरो को इसके लिए भारी कीमत चुकानी पड़ी है। 548 करोड़ उड़ान प्रायोजक एक्सिओम स्पेस को देना पड़ा है। यह एक साझा कार्यक्रम (नासा, इसरो, स्पेस एक्स, एक्जियम सम्मिलित) होने के बावजूद एक व्यावसायिक उड़ान है।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक


विचारणीय यह है कि इतनी भारी राशि भारत को मात्र एक अंतरिक्ष यात्री के प्रशिक्षण पर खर्च करना क्या उचित था? हमारे पड़ोसी चीन ने धेला भर किसी को नहीं दिया और अपना समानान्तर अंतरिक्ष स्टेशन टियागांग स्थापित ही नहीं किया बल्कि वहां नियमित अंतरिक्ष यात्रियों की आवाजाही होती है।

भारत भी ऐसा कर सकता था मगर हम इस क्षेत्र में अपेक्षानुसार बढ़त नहीं बना पाए। हालांकि आश्चर्यजनक रुप से हमने मंगल तक गैर मानव यात्रा अत्यल्प बजट में करके एक कीर्तिमान बना दिया। मगर समानव अंतरिक्ष यात्रा की तैयारी में पिछड़ते गए। आज वैश्विक शक्तियों के लिए अंतरिक्ष मे आवागमन एक आम बात हो गई है। अमेरिका की ब्लू ओरिजिन जैसी कई निजी व्यावसायिक कंपनियों ने अंतरिक्ष में मौज मस्ती के लुभावने प्रस्ताव शुरु कर दिए हैं। अगले वर्ष भारत का गगनयान अंतरिक्ष यान उड़ने वाला है। जाहिर है शुभांशु शुक्ला को उसी के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। अब वैश्विक प्राथमिकता केवल अंतरिक्ष भ्रमण की ही नहीं है। अमेरिका रुस और चीन मंगल और चांद तक की समानव यात्राओं की तैयारी में जुटे हैं। एलॉन मस्क एलान कर चुके हैं कि अगले कुछ वर्षों में वे मंगल पर समानव आरोहण के साथ ही बस्तियां बनाएंगे।

आज पूरे भारत में सुखानुभूति की लहर है। संवेदना और भारतीयता के आधार पर यह ठीक है मगर भारत को अपने समानव अंतरिक्ष यात्रा को अपने दम पर नियोजित करने के लिए कमर कसना होगा अन्यथा 'आत्मनिर्भर भारत' का लक्ष्य अधूरा ही रहेगा।

-फेसबुक वॉल से

# असंभव प्रतीत होता है जलवायु परिवर्तन को रोक पाना



तनवीर जाफरी
स्तंभकार

उदाहरण के तौर पर संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के तहत हुआ पेरिस समझौता एक ऐसा महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो विश्व को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक साथ लाने की कोशिश करता है।

इस समय पूरी पृथ्वी ग्लोबल वार्मिंग के संकट से बुरी तरह जूझ रही है। मानवजनित इस समस्या के चलते इसी पृथ्वी के किसी न किसी भूभाग से कोई न कोई दिल दहलाने वाली ख़बरें अक्सर आती रहती हैं। ज़ाहिर है दुनिया में बढ़ता जा रहा वायु प्रदूषण ही जलवायु परिवर्तन व ग्लोबल वार्मिंग का मुख्य कारक है। और यही ग्लोबल वार्मिंग और इसके कारण होने वाला जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के सबसे बुद्धिमान समझे जाने वाले मानव रुपी प्राणी की ही देन है।

इन समस्याओं से जूझने के लिए स्वयं को विश्व के ज़िम्मेदार समझने वाले नेता व शासकगण वातनुकूलित वातावरण में दुनिया में कहीं न कहीं इकठ्ठा होते रहते हैं और पृथ्वी के इन दिन प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हालात पर चिंता व्यक्त करने की औपचारिकता पूरी करते दिखाई देते हैं। इसके लिए विश्व स्तर पर कई सम्मेलन और समझौते भी हो चुके हैं और भविष्य में भी प्रस्तावित हैं। संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन एक ऐसा ही प्रमुख मंच है जहां विश्व के नेता जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए क़दम उठाने पर सहमत होने की औपचारिकता पूरी करते दिखाई देते हैं। प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाला यह सम्मेलन दुनिया के देशों को जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई करने के लिए एक साथ लाने का प्रयास करते भी नज़र आता है। इस सम्मेलन में शामिल देश ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने की कोशिश करते भी दिखाई देते हैं।

उदाहरण के तौर पर संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के तहत हुआ पेरिस समझौता एक ऐसा महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो विश्व को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक साथ लाने की कोशिश करता है। इस समझौते का उद्देश्य वैश्विक औसत तापमान वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखना है। इसी तरह पृथ्वी शिखर सम्मेलन है जोकि पर्यावरण और विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। रियो डी जनेरियो में आयोजित पृथ्वी शिखर सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज की स्थापना की गई थी। इसी तरह कभी दुनिया के प्रमुख विकसित और विकासशील देशों का एक समूह जी 20 शिखर सम्मेलन भी जलवायु परिवर्तन पर चर्चा का मंच बन जाता है। निकट भविष्य में भी ब्राज़ील के ऐमेज़ॉन क्षेत्र में स्थित बेलेम शहर में 10-21 नवंबर 2025 तक संयुक्त राष्ट्र का वार्षिक जलवायु सम्मेलन आयोजित होने वाला है। इसी तरह मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए एक संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन सऊदी अपरन्तु इन सभी वैश्विक प्रयासों के बावजूद सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि 50 वर्षों से भी अधिक समय से ग्लोबल वार्मिंग से पृथ्वी को बचाने व जलवायु संरक्षण के नाम पर होने वाले वैश्विक प्रयासों का आख़िर अब तक नतीजा क्या निकला है? सिवाय इसके कि स्वयं को विकसित कहने वाले देश विकास के नाम पर स्वयं को तो ग्लोबल वार्मिंग का बड़ा ज़िम्मेदार बनने से रोक नहीं पा रहे जबकि अन्य विकाशील व ग़रीब देशों को फ़ंड देकर उनसे यह उम्मीद करते हैं कि वही देश इस पर नियंत्रण करें? विकासशील देशों से वृक्षारोपण अभियान चलाने की उम्मीद की जाती है जबकि विकसित देश हथियारों की होड़ व गगनचुम्बी इमारतों को बनाने की प्रतिस्पर्धा में जुटे रहते हैं। विकासशील देश नित नये उद्योग, वाहन व यातायात के अन्य प्रदूषण फैलाने वाले वाहन बनाने में मशग़ूल रहते हैं जबकि अन्य देशों को प्रवचन देते हैं कि ईंधन की खपत करने वाले 10-15 वर्ष पुराने वाहनों को चलन से बाहर करने के क़ानून बनाएं? आम लोगों को सलाह दी जाती है कि वे हवाई यात्रा कम से कम करें, कारों का इस्तेमाल न करें या इलेक्ट्रिक वाहन का प्रयोग करें, मांस व डेयरी प्रोडक्ट का इस्तेमाल कम से कम करें, घरेलू व औद्योगिक ज़रूरतों में ऊर्जा खपत में कटौती करें, कम से कम ऊर्जा ख़पत वाले उपकरण ख़रीदें, अपने घरों को तापावरोधी बनायें तथा गैस सिस्टम से इलेक्ट्रिक हीट पंपों पर स्विच करें, आदि आदि। यानी जलवायु सम्मेलनों के नाम पर इकठ्ठा होने वाले देशों में भी 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे' वाली कहावत चरितार्थ होते दिखाई देती है।

आश्चर्य की बात तो यह है कि जिस ब्राज़ील के ऐमेज़ॉन क्षेत्र में नवंबर 2025 में संयुक्त राष्ट्र का वार्षिक जलवायु सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है और जिस ऐमेज़ॉन क्षेत्र के वर्षावन पृथ्वी को लगभग बीस प्रतिशत ऑक्सीजन प्रदान करते थे उसी ऐमेज़ॉन क्षेत्र के सैकड़ों किलोमीटर के जंगल कुछ वर्ष पूर्व ही विकास की भेंट चढ़ गए? इन परिस्थितियों को देखते हुए यह कहना ग़लत नहीं होगा कि ग्लोबल वार्मिंग व इसके कारण हो रहे जलवायु परिवर्तन को रोक पाना लगभग असंभव सा प्रतीत होता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# जिले के 40 हेक्टेयर क्षेत्रफल में होगी बागवानी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- बुंदेलखंड एवं विंध्य क्षेत्र योजना में शासन से दिया गया लक्ष्य
- किसानों को प्रति हेक्टेयर 3 वर्ष तक हर माह मिलेंगे 3 हजार

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड एवं विंध्य क्षेत्र में औद्यानिक विकास की योजना शुरू की गई है। शासन की ओर से जिले में 40 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बागवानी का लक्ष्य दिया गया है। बागवानी करने में पौध जीवित रहने पर संबंधित किसानों को उद्यान विभाग की ओर से प्रति हेक्टेयर तीन हजार रुपये प्रतिमाह अनुदान दिया जाएगा।

जनपद में संचालित बुंदेलखंड एवं विंध्य क्षेत्र में औद्यानिक विकास योजना के अन्तर्गत कृषक प्रक्षेत्रों पर कलमी फलदार पौधों (अमरूद, आम, आंवला, नींबू वर्गीय फल, बेर, बेल एवं अनार आदि) का रोपण कराया जाएगा। इस योजना का लाभ उन किसानों को मिलेगा, जिनके पास कंटीले तार (बारवेड वायर) से फेंसिंग हो और सिंचाई के लिए ड्रिप पद्धति की सुविधा हो। ड्रिप सिंचाई प्रणाली की स्थापना के लिए विभाग से संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में आवेदन कर 80-90 प्रतिशत अनुदान का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।



जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने बताया कि योजना का लाभ न्यूनतम दो हेक्टेयर तक मिलेगा। एक हेक्टेयर जमीन पर नवीन उद्यान रोपण कार्य करने पर समस्त व्यय भार (पौध, सिंचाई, सुरक्षा, अन्तरावर्ती फसल लागत आदि) कृषक स्वयं वहन करेगा। एक हेक्टेयर क्षेत्रफल में बागवानी करने पर उसे तीन हजार रुपये प्रतिमाह मिलेंगे। तीन वर्ष अर्थात् 36 माह में 108000 रुपये पौध जीवित रहने पर ही मिलेंगे। उन्होंने बताया कि बागवानी के लिए राजकीय पौधशाला या एक्रीडेटिड पौधशाला से कृषक पौध खरीद सकेंगे।

कृषकों का चयन आनलाइन पंजीकरण की वरीयता के आधार पर 'प्रथम आवक प्रथम पावक' की तर्ज पर लक्ष्य की उपलब्धता के अनुसार किया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को उद्यान विभाग के पोर्टल http://dbt.uphorticulture.in/ पर पंजीकरण कराते हुए आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भू-अभिलेख की छायाप्रति तथा पंजीकरण पावती सहित पूर्ण आवेदन कार्यालय में जमा करना होगा। किसान योजना से संबंधित जानकारी कंपनी बाग स्थित उद्यान कार्यालय पहुंचकर ले सकते हैं।

## कीटनाशक खरीदने पर दुकानदार रसीद जरूर लें

**हमीरपुर।** निजी कीटनाशक विक्रेता कीटनाशी अधिनियम प्राविधानों के तहत ही अपने प्रतिष्ठानों पर बिक्री कर सकेंगे। उन्हें रसायनों का स्टाक रजिस्टर, लेखा व बिक्री रजिस्टर, रेट बोर्ड, निर्माता कंपनियों द्वारा निर्गत प्राधिकार पत्र रखना होगा। जिला कृषि रक्षा अधिकारी डा इंद्रेषु कुमार गौतम ने बताया कि किसान रसायन खरीदने के साथ कैशमेमो/ रसीद (जिस पर रसायन का बैच नम्बर, उत्पादन तिथि, अवसान तिथि अंकित रहे) अनिवार्य रूप से लें। रसायन की रसीद प्राप्त करना ग्राहक अथवा कृषक का अधिकार है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण में यह प्रकाश में आ रहा है कि विक्रेता किसानों को कैशमैमो/ रसीद नहीं दे रहे हैं, जो कीटनाशी नियमों का उल्लंघन तथा दंडनीय अपराध है। निरीक्षण के समय किसी भी विक्रय प्रतिष्ठान पर स्टॉक / बिकी रजिस्टर, कैश मैमों/ रसीद ग्रो सेफ फूड अभियान पोस्टर/रेट बोर्ड न पाए जाने पर संबंधित विक्रेता का लाइसेंस निरस्तीकरण के साथ विधिक कार्यवाही की जाएगी। कृषकों से अपेक्षा है कि बिना कैशमैमो/ रसीद, रसायनों के पैक पर अंकित उत्पादन एवं अवसान तिथि को बिना देखे कोई कृषि रक्षा रसायन न लें और यदि कोई विक्रेता कैशमेमो देने से इंकार करें अथवा उपलब्ध नहीं कराए तो तत्काल इसकी सूचना मोबाइल नंबर 7310273933 पर दें।

## ग्राम चौपाल में उठा वृद्धा पेंशन का मुद्दा

**कुरारा।** विकास खंड क्षेत्र के दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें पेंशन का मुद्दा छाया रहा। चौपाल में तीन शिकायतें आने पर मौके पर ही निस्तारण कराया गया।

विकास खंड क्षेत्र के टोडरपुर में एमआई के जूनियर इंजीनियर राजेंद्र बाबू की अध्यक्षता में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। चौपाल में गांव के मुन्नी बाबू, रामकली ने वृद्धावस्था पेंशन न मिलने की शिकायत की। जिनका मौके पर ही निस्तारण कराया गया। देवीगंज ग्राम पंचायत में सुशील कुमार की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल आयोजन किया गया। जिसमें गांव के श्याम बाबू ने राशन कार्ड न बनने की शिकायत की। जिसको ऑनलाइन कराया गया। बैठक में ग्राम प्रधान, सचिव, कोटेदार, आंगनबाड़ी आदि मौजूद रहे।

# स्टेशन पर मोबाइल के लिए भिड़े पति-पत्नी

संवाददाता, मौदहा

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित रागौल रेलवे स्टेशन पर पति-पत्नी के बीच मारपीट का वीडियो सामने आया है। घटना में पत्नी ने अपने पति से मोबाइल फोन मांगा। पति के मना करने पर दोनों के बीच हाथापाई शुरू हो गई।

पत्नी को संदेह था कि उसका पति किसी अन्य महिला से फोन पर बातचीत करता है। वह कॉल डिटेल चेक करना चाहती थी। पति द्वारा मोबाइल देने से इनकार करने पर पत्नी ने फोन छीनने का प्रयास किया। इस दौरान दोनों ने एक-दूसरे पर हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पत्नी की मां भी मौके पर पहुंच गईं। उन्होंने अपने दामाद को रोकने का प्रयास किया। स्टेशन पर मौजूद लोग मारपीट देखते रहे। किसी ने झगड़ा रुकवाने का प्रयास नहीं किया।

### राठ में शराबी शौहर ने बीवी को बेरहमी से पीटा

**राठ।** कस्बे के महबूबनगर नई बस्ती की महक तहरीर देकर बताया कि उसका पति अनीफ अहमद शराब का लती है। नशे में आए दिन मारपीट करता है। उसकी एक बच्ची है। पति अनीफ अहमद भरण-पोषण के लिए कोई प्रबंध नहीं करता है। वह कठिनाई में जीवन जीने के लिए मजबूर है। गुरुवार की दोपहर करीब 3 बजे पति शराब के नशे में धुत होकर घर आया और उसके साथ गालीगलौज करने लगा। जब उसने गाली देने से मना किया तो पति ने उसे मारा-पीटा। कोतवाल रामासरे सरोज ने कहा कि जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### हाईवे पर बाइक से गिरी महिला की हालत नाजुक

**कुरारा।** पड़ोसी जालौन जिले के कदौरा थाना क्षेत्र के चतेला गांव निवासी संतोष कुमार बाइक से पत्नी उमा देवी (22) के साथ कुरारा आ रहे थे, तभी हमीरपुर कालपी हाईवे पर बागी उदनपुर के बीच बाइक उमा बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। लोगों ने कुरारा सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### मुस्करा कस्बे में खेत पर नवजात का शव मिला

**मौदहा।** मुस्करा के खेत पर नवजात शिशु का शव बरामद हुआ। लोगों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने ग्रामीणों से पूछताछ की। पुलिस नवजात को सीएचसी ले गई। प्रारंभिक जांच में भ्रूण हत्या कर शव खेत में फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### युवक से मारपीट के मामले में पुलिस ने पकड़ी कार

**सुमेरपुर।** कुरारा थाने की क्राइम इंस्पेक्टर रामकुमार यादव ने बताया कि पिछले दिनों सुमेरपुर कस्बे के कुछ युवक कार से कुरारा आए और कुछ लोगों के साथ मारपीट की थी। बाद में कार लेकर भाग खड़े हुए थे। कार नंबर के आधार पर पीड़ित ने शिकायत की थी। जांच में कार फैक्ट्री एरिया के रेस्टोरेंट संचालक की निकली। गुरुवार रात पुलिस ने रेस्टोरेंट में छापा मारकर कार को बरामद कर साथ ले गई। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### पड़ोसी ने भैंस को खिलाया जहरीला पदार्थ, हुई मौत

**बिवांर।** छानी खुर्द गांव के मेघराज ने तहरीर देकर बताया कि रंजिश में पड़ोस के राजकुमार गुप्ता ने भैंस को जहरीला पदार्थ खिला दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। उसने भैंस का पोस्टमार्टम कराया है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर पर पड़ोसी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। बिसरा को सुरक्षित रख कर जांच कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### कार की टक्कर से दो युवक गंभीर, हमीरपुर रेफर

**मौदहा।** सजेती क्षेत्र के महुआपुर गांव के दिनेश और जगभान बाइक से बड़ा चौराहा की ओर जा रहे थे। वंश नाला के पास सामने से कार ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# पिता-पुत्र की हत्या के प्रयास में 10 वर्ष सजा

## राठ कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ले में 2014 में हुई थी वारदात

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- दोनों अभियुक्तों पर 25-25 हजार रुपये का अर्थदंड लगा
- दो आरोपियों की पत्रावली अलग, गैरजमानती वारंट

**अमृत विचार।** राठ कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ले में पिता-पुत्र की हत्या के प्रयास के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम प्रहलाद सिंह ने दो अभियुक्तों को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर 25-25 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। इस मामले में दो आरोपियों की पत्रावली अलग कर दी गई है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता महेशचंद्र द्विवेदी ने बताया कि राठ कस्बे के सिकंदरपुरा निवासी अमर सिंह ने कोतवाली में 18 अप्रैल 2014 को तहरीर देकर बताया था कि उसके पड़ोस के उदय पुत्र सुरेश, उनका साला सोनू पुत्र गोपाल निवासी ग्वालटोली कानपुर, अरविंद पुत्र हीरालाल, अमन पुत्र भूरे ने सुबह 10 बजे उसके चचेरे भाई मनीष, बीरू और बड़े पापा कैलाश के साथ मारपीट करने लगे। इसी बीच सोनू ने तमंचा निकालकर अरविंद को दिया और कहा कि इनको गोली मार दो। इसके बाद अरविंद ने तमंचा से फायर कर दिया, जिसमें गोली लगने से बीरू और उसके बड़े पापा कैलाश घायल हो गए। इसके बाद सभी रामलीला की तरफ भाग निकले।



उसने अपने चचेरे भाई और बड़े पापा को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने चारों के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कर उदय को गिरफ्तार किया था। अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम प्रहलाद सिंह ने मुकदमे की सुनवाई करते हुए उदय और अरविंद को जानलेवा हमले का दोषी मानते हुए दस-दस वर्ष का कठोर कारावास और 25-25 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई। जबकि सोनू व अमन के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी करते हुए पत्रावली अलग की गई।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराएं

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक

**अमृत विचार।** जिला पोषण समिति एवं कन्वर्जेंस विभागों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि गर्भवती एवं धात्री महिलाओं, कुपोषित बच्चों के पोषण सुधार संबंधी वीएचएसएनडी सेशन अत्यंत महत्वपूर्ण है। अतः इस सेशन को सभी संबंधित केंद्रों पर निर्धारित समय में संचालित किया जाए तथा इस सेशन में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व संबंधित लाभार्थियों लोगों की अनिवार्य रूप से सहभागिता सुनिश्चित किया जाए। पोषण ट्रैकर ऐप में 100 प्रतिशत लाभार्थियों का सत्यापन किया जाए।

उन्होंने कहा कि संभव अभियान के अंतर्गत जिन बच्चों में मेडिकल कॉम्प्लिकेशंस है उनका स्वास्थ्य चेकअप कर एनआरसी आदि में भर्ती कराकर उन्हें सुपोषित करने के लिए प्रभावी कार्रवाई करें। नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया जाए। इस मौके पर सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.आशुतोष निरंजन, पीडी साधना दीक्षित, जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी, समस्त सीडीपीओ तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



जिला पोषण समिति की बैठक लेते डीएम।

## सार-संक्षेप

### आकाशीय बिजली गिरने से चरवाहे की चली गई जान

**राठ।** बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई। सरीला तहसील के इंदरपूरा गांव निवासी किसान मुन्ना कोटेदार (50) और राम सहोदर (52) खेत में बकरिया चराने के लिए गए थे। उसी दौरान बारिश होने लगी। आकाशीय बिजली गिरने से दोनों चपेट में आ गए। मुन्ना कोटेदार की मौके पर ही मौत हो गई। राम सहोदर को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर जरिया थाने की पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मुन्ना के तीन बेटे राकेश, राजकांत और राजनरेश के साथ पत्नी कैलाशरानी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार में मातम का माहौल है।



टैबलेट पाने वाले छात्रों के साथ प्रबंधक प्रियंका सिंह। अमृत विचार

### टैबलेट पाकर खिल उठे आईटीआई छात्रों के चेहरे

**हमीरपुर।** रघुनन्दन सिंह आईटीआई में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत द्वितीय वर्ष में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 65 छात्रों को टैबलेट बांटे गए। संस्थान की प्रबंधक प्रियंका सिंह ने छात्रों से टैबलेट का सदुपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि तकनीकी ज्ञान रखने वालों के लिए रोजगार की कमी नहीं है। आईटीआई के छात्र स्वरोजगार से अपना भविष्य बेहतर बना सकते हैं। प्रधानाचार्य द्रवेश कुमार ने बताया कि नए सत्र से इलेक्ट्रीशियन व फिटर में प्रवेश प्रारम्भ हैं।



सदर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक करते सीओ सिटी। अमृत विचार

### 12 फीट से अधिक नहीं होनी चाहिए ताजियों की ऊंचाई

**हमीरपुर।** शुक्रवार को सदर कोतवाली में मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक में सीओ सिटी राजेश कमल ने कहा कि ताजियों की ज्यादा उंचाई होने से बिजली लाइन से टकराकर हादसा हो सकता है, इसलिए ताजियों की उंचाई 12 फीट से ज्यादा न रखी जाए। बैठक में ताजियों के रास्ते के साथ ही इमामबाड़ों के आसपास सफाई और बिजली सप्लाई की मांग की गई। बैठक में इमामबाड़ा कमेटी के सदर वली अहमद साबरी सहित सभी इमामबाड़ों के मुखिया, नगर पालिका के प्रभारी अधिशासी अधिकारी जगपाल, बिजली विभाग के एसडीओ शहजाद, कोतवाली इंस्पेक्टर राकेश कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर देवेन्द्र मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

### मोहर्रम शुरू होते ही गूंजने लगीं हुसैन की सदाएं

**मौदहा।** गुरुवार शाम मोहर्रम का चांद दिखने के साथ ही इस्लामिक नया साल शुरू हो गया और चारों ओर मातमी धुनों और हुसैन की सदाएं गूंजने लगीं। कस्बे में कुछ स्थानों पर लंगर का आयोजन किया गया। मोहर्रम के पहले दिन कस्बे में कई स्थानों पर लंगर का आयोजन किया गया। कस्बे के अधिकांश ई रिक्शा में भी हुसैनी सदाएं सुनने को मिल रही हैं, जो आगामी दस दिन तक चलेंगी। मोहर्रम की दसवीं तारीख को कर्बला के मैदान पर पैगम्बर मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन को शहीद किया गया था, जिसके चलते शिया और सुन्नी दोनों मोहर्रम मनाते हैं।

### बेटे के सिर पर ईंट से हमला, बहू ने लिखाई एफआईआर

**कुरारा।** क्षेत्र के बचरौली गांव की कामिनी सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके पति विक्रम सिंह गुरुवार को गांव के राजकुमार की दुकान के सामने चारपाई पर बैठे थे, तभी ससुर चंद्रभान सिंह ने गालीगलौज करते हुए पति के सिर पर ईंट से हमला कर दिया, जिससे लहूलुहान होने के साथ बेहोश होकर गिर गए। यूपी 112 के आने पर एंबुलेंस से कुरारा सीएचसी भेजा गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने चंद्रभान सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पंचायतों में मशीनों से होगा दवा छिड़काव

संवाददाता, मौदहा

- ब्लाक सभागार में ग्राम प्रधानों पंचायत सहायकों की बैठक
- एक जुलाई से गांवों में चलेगा विशेष सफाई अभियान

**अमृत विचार।** संचारी रोग नियंत्रण को लेकर शुक्रवार को ब्लाक सभागार में एडीओ पंचायत की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में विकास खंड के प्रधानों व पंचायत सहायकों को बताया गया कि संचारी रोग नियंत्रण के लिए सरकार ने ब्लाक की आठ ग्राम पंचायतों को फागिंग मशीन उपलब्ध करा दी है। जिसमें न्याय पंचायत स्तर पर बारी बारी से सभी ग्राम पंचायतों में फागिंग कराई जाएगी।

एडीओ पंचायत अमर सिंह ने कहा कि एंटीलार्वा, चूना, कलई, ब्लीचिंग सहित संचारी रोग नियंत्रण का सामान सभी ग्राम पंचायतों में पहुंचाया जा चुका है। एक से 31 जुलाई तक कार्य किया जाएगा। सभी सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि गांवों में कहीं भी कूड़ा कचरा इकट्ठा न होने पाए। इसके लिए गांवों का औचक निरीक्षण भी किया जाएगा और दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर अब्दुल सफीक, प्रधान असरार अहमद, रामभरोसे सिंह, विजय कुमार, कामता प्रसाद, सियाराम विश्वकर्मा, गंगादीन वर्मा, माहेश्वरीदीन, विजय शंकर, पंचायत सहायक और सफाई कर्मी आदि मौजूद रहे।



ब्लाक सभागार में बैठक करते एडीओ।



भगवान जगन्नाथ की झांकी।



भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

# धूमधाम से निकली जगन्नाथ रथ यात्रा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- ओमर-उमर वैश्य की ओर से पहली बार हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** दक्षिण में भगवान जगन्नाथ पुरी की रथ यात्रा की तर्ज पर जिले में पहली बार भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यात्रा मुख्यालय की विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान लोगों ने यात्रा का जगह जगह स्वागत सत्कार के साथ यात्रा में फूल बरसाए।

ओमर-उमर वैश्य के सौजन्य से भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन किया गया। रथ यात्रा का शुभारंभ संतों ने विधिवत पूजा अर्चना करने के साथ किया। यह यात्रा मुख्यालय के सुभाष बाजार स्थित महावीर मंदिर से शुरू होकर अस्पताल तिराहा, कोतवाली, नौबस्ता, रहुनियां धर्मशाला होते हुए हाथी दरवाजा मोहल्ले के पास समाप्त हुई। जिसमें सैकड़ों भक्तजनों ने हिस्सा लिया। जगनाथ रथ यात्रा में महिला भक्तों ने डीजे की धुन में बजे भक्ति गीतों में जमकर ठुमके लगाए। इस दौरान ओमर-उमर वैश्य के अध्यक्ष सचिन गुप्ता, प्रखर ओमर, वासू ओमर, मुकेश ओमर, जय किशोर गुप्ता, अंजनी गुप्ता, संजय गुप्ता, वंदना ओमर, रजनी ओमर, मिताली ओमर, शाश्वत ओमर सहित सैकड़ों श्रदालु मौजूद रहे।

## खेती-किसानी

सिंचाई संसाधनों के अभाव में खरीफ की अन्य फसलों से किसानों का कम हो रहा रुझान

# जनपद में दलहन का रकबा घटा, तिल का रकबा बढ़ा

संवाददाता, सुमेरपुर

- कभी दलहन और तिलहन का हब माना जाता था बुंदेलखंड
- सिंचाई के अभाव में धान की फसल से कतराते हैं किसान

**अमृत विचार।** खरीफ में किसानों का रुझान अन्य फसलों की बजाय तिल फसल की ओर बढ़ा है। किसान तिल एवं धान की फसल को ज्यादा तवज्जो दे रहे हैं। जहां पर सिंचाई के संसाधनों का अभाव है, वहां तिल की फसल पर अधिक बोई जा रही है।

बुंदेलखंड सदियों से दलहन एवं तिलहन का हब रहा है। रबी में चना, मटर, मसूर एवं खरीफ में अरहर, उड़द, मूंग फसल प्रमुखता के साथ होती है। इसी तरह खरीफ अभियान में तिलहन में तिल का उत्पादन प्रमुखता से किया जाता है। अन्य वर्षों की तुलना में इस वर्ष तिल का रकबा बढ़ा है। किसान सुरेश कुमार, उदयभान, मानसिंह भदौरिया, सत्यम सिंह, चंद्रपाल, देवीदीन, महेश कुमार, संतोष कुमार, घसीटा प्रसाद, प्रदीप कुमार ने बताया कि तिल की फसल कम बारिश में बगैर किसी लागत के तैयार हो जाती है।



खरीफ की फसल की तैयारी में जुट गए किसान। अमृत विचार

अरहर के अलावा मूंग, उड़द की पैदावार के कम अवसर रहते हैं। इससे किसान उड़द, मूंग से बचता है। धान की फसल के लिए पानी की जरूरत होती है। इसलिए यह महज निजी नलकूप वाले किसान ही फसल उगाते हैं। बाकी किसान तिल की फसल को अधिक तवज्जो देते हैं। यही कारण है कि इसका रकबा प्रतिवर्ष बढ़ रहा है। इस वर्ष भी किसान तिल की फसल दबाकर बो रहा है। राजकीय बीज भंडार के प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि शुक्रवार को 80 हेक्टेयर में बोने के लिए तिल का बीज किसान लेकर गए हैं। कृषि रक्षा इकाई के तकनीकी सहायक अजित शुक्ला बताते हैं कि तिल कम लागत में अधिक उत्पादन देने वाली फसल है। बोने के बाद इसमें किसी तरह की लागत नहीं आती है। इस वजह से किसान बुंदेलखंड में तिल का उत्पादन प्रमुखता के साथ करता है।

### उड़द, मूंग और सोयाबीन की फसल में नुकसान

खरीफ की फसल में जनपद के कुछ हिस्सों में उड़द, मूंग और सोयाबीन को प्रमुखता दी जाती है, लेकिन इन फसलों में किसानों को ज्यादा खतरा नजर आता है। दरअसल, अधिक बारिश, बाढ़ और सूखा इनके लिए जहर के समान है। इससे किसान इन फसलों को बोने से अब कतराने लगे हैं और धान एवं तिल की फसल को ही ज्यादा तवज्जो देते हैं। यही कारण है कि प्रतिवर्ष ज्वार, अरहर, मूंग, उड़द और सोयाबीन का रकबा खुद ब खुद कम होता जा रहा है। इन फसलों का रकबा घटना चिंता का विषय है। प्रशासन की ओर से कोई उपाय नहीं किए जाने से किसान निराश हैं।

# आखिर दुरुस्त हुई मशीन, शुरू हुआ किसानों को बीज वितरण

### खबर का असर

संवाददाता, सुमेरपुर

**अमृत विचार।** राजकीय बीज भंडार की मशीन खराब होने की खबर प्रकाशित होने के बाद शुक्रवार को मशीन ठीक हो गई। इसके बाद किसानों के अंगूठा लगवाकर बीज का वितरण शुरू कर दिया गया। आधा सैकड़ा से अधिक किसानों को तिल, उड़द, ढेंचा, मूंग आदि का करीब चार क्विंटल बीज वितरित किया गया।

राजकीय बीज भंडार के वितरण मशीन में तकनीकी खराबी के चलते बंद थी। इस वजह से बीज का वितरण नहीं हो पा रहा था। किसान मजबूर होकर घटिया किस्म के बीज बाजार से खरीद कर बोने को मजबूर हो रहा था। इस खबर को 27 जून के अंक में प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया। खबर छपने के बाद शुक्रवार को मशीन की तकनीकी खराबी को दूर करके बीज वितरण शुरू किया गया। बीज भंडार के प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि शुक्रवार को मशीन की तकनीकी खराबी दूर होने पर आधा सैकड़ा से ज्यादा किसानों के मध्य तिल का तीन क्विंटल, ढेंचा का 80 किलो, उड़द का 20 किलो, मूंग 20 किलो बीज का वितरण किया गया है। शनिवार से बीज वितरण में तेजी आने की उम्मीद है।

- आधा सैकड़ा से अधिक किसानों को बांटा बीज



राजकीय बीज भंडार में शुक्रवार को बीज खरीदते किसान। अमृत विचार

# मुठभेड़ के बाद पुलिस ने लूट के तीन आरोपियों को पकड़ा

## लूट के 3.10 लाख रुपये, तमंचा, बाइक बरामद, सीगोन के जंगल में हुई मुठभेड़

कार्यालय संवाददाता, महोबा





पुलिस गिरफ्त में लूट के आरोपी। जिला अस्पताल में घायल से पूछताछ करते एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना अजनर में करीब 17 दिन पूर्व शराब ठेकेदार से अज्ञात गिरोह ने 5.65 लाख रुपये की लूट की थी। पुलिस टीम ने सीगोन गांव के जंगल में मुठभेड़ के बाद गिरोह के सरगना सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सरगना का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 3.10 लाख रुपये, एक तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं।

10 जून को थाना अजनर क्षेत्र में शराब ठेकेदार सुधांशु दीक्षित प्रतिदिन की तरह ग्राम बघौरा और चमरुआ के शराब ठेकों से वसूली करके बाइक से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बदमाशों ने उन पर हमला कर 5 लाख 65 हजार रुपये लूट लिए और फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस टीम बदमाशों की तलाश करने में जुट गई, अजनर थाना प्रभारी को गश्त के दौरान सीगोंन के जंगल में संदिग्धों होने की सूचना मिली। पुलिस के पहुंचते ही बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की, जिससे गिरोह के सरगना राकेश प्रजापति उर्फ रक्कू के पैर में गोली लगी।

पुलिस ने घेराबंदी करते हुए लक्ष्मण कुशवाहा और मदन कुशवाहा को भी पकड़ लिया। गिरफ्तार तीनों आरोपी मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के नौगांव थाना क्षेत्र के दौरिया गांव के हैं। पुलिस ने आरोपियों से 3.10 लाख रुपये नकद, एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, बिना नंबर की काली पल्सर बाइक और लूट की रकम से खरीदे गए दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। घायल राकेश का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस अब आरोपियों के अपराधिक इतिहास खंगालते हुए शेष रकम की बरामदगी के प्रयास में जुट गई है। सरगना राकेश प्रजापति के खिलाफ मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के जालौन में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली। उन्होंने अजनर पुलिस टीम को सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी।

## त्योहारों को लेकर शहर में रूटमार्च

**महोबा।** आगामी त्योहारों को लेकर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने दंगा नियंत्रण मॉक ड्रिल, रिहर्सल व रूटमार्च किया गया।

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में पुलिस बल ने आपात स्थितियों से निपटने के लिए अभ्यास किया। रिहर्सल के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त बल को दंगा नियंत्रण की रणनीति से अवगत कराते हुए उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। बताया कि मॉक ड्रिल विशेष रूप से त्योहारों के दृष्टिगत की जा रही है ताकि जनपद में शांति व्यवस्था को बनाए रखा जा सके तथा किसी भी असामाजिक तत्व की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके। कोतवाली नगर क्षेत्र को 2 जोन एवं 04 सेक्टरों में विभाजित किया गया है और प्रत्येक प्वाइंट पर सुरक्षा ड्यूटी सुनिश्चित की गई है। संवेदनशील स्थलों पर एरिया डोमिनेशन एवं बैरियर ड्यूटी की व्यवस्था भी की गई है। पुलिस अधीक्षक ने दंगा नियंत्रण बल के साथ पैदल गश्त करते हुए सभी सुरक्षा प्वाइंट्स का निरीक्षण किया।

# कम नामांकन वाले विद्यालयों को मर्ज करने का विरोध शुरू

संवाददाता कार्यालय, महोबा



एबीएसए को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। अमृत विचार

- राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने अपर मुख्य सचिव के नाम का ज्ञापन एबीएसए को सौंपा

**अमृत विचार।** कम नामांकन वाले परिषदीय विद्यालयों को अन्य विद्यालयों में मर्ज करने का विरोध शुरू हो गया है। शुक्रवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद महोबा ने एबीएसए कार्यालय में प्रदर्शन कर अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार को सौंपा।

एबीएसए को सौंपे गए ज्ञापन में कम नामाकंन वाले विद्यालायों को नजदीक के विद्यालयों में विलय किया जा रहा है। इससे बच्चों को अब नजदीक के विद्यालयों में मिलने वाली शिक्षा से वंचित होना पड़ेगा। उन्हें शिक्षा ग्रहण करने के लिए अब दूर दराज कें विद्यालयों में जाना पड़ेगा, इससे विद्यालयों में छात्र संख्या घटेगी। ज्ञापन में बताया कि 16 जून 2025 का आदेश निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 एंव उत्तर प्रदेश निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2011 की आत्मा पर सीधा प्रहार करता है। शिक्षा का अधिकारी अधिनियम कोई आदेश मात्र नही बल्कि संविधान की वह अभिव्यक्ति है जो एनईपी 2020 प्रत्येक बच्चे को उसकी पहुंच में जहां वह है उसे शिक्षा का अधिकार प्रदान करती है।

ज्ञापन में बताया कि घटती प्रजनन दर एंव शहरों की ओर पलायन भी परिषदीय विद्यालयों में नामांकन की कमी का एक कारण है। कम नामाकंन के कारणों पर संवेदनशीलता के साथ विचार कर उनका निदान किया जाना चाहिए। ज्ञापन मे बताया कि आज का बच्चा देश का भविष्य है। इसलिए विद्यालयों के बंद करने के स्थान पर बेसिक शिक्षा में सुधार संकल्प के रूप में अपनाए जाने की आवश्यकता है। विद्यालयों को आर्थिक घाटे के रूप में प्रदर्शित करने की नियत के स्थान पर भारतीय सभ्यता संस्कृति और भारतीय जीवन मूल्यों को विकसित करने वाले केन्द्र के रूप में देखना होगा। ज्ञापन महासंघ के अध्यक्ष मुकेश श्रीवास, ब्लाक अध्यक्ष शेवपाल प्रजापति,महामंत्री अनूप राठौर, संगठन मंत्री रामदास, कोषा अध्यक्ष धीरज कुमार आदि मौजूद रहे।



शवों का पंचनामा करती पुलिस। अमृत विचार

# डंपर और पिकअप की टक्कर से दो की मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में कबरई तिराहा के पास डंपर और पिकअप की टक्कर हो जाने से पिकअप सवार दो लोगों की मौत हो गई।

डंपर चालक दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गया। शुक्रवार को पिकअप टमाटर लेकर बांदा की तरफ जा रही थी, तभी सामने से आ रहे डंपर से भिड़ंत हो गई। पिकअप में सवार संजय राठौर 40 और पिकअप चालक ब्रजेश लोधी 23 निवासी शाहगढ़ मध्य प्रदेश की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद भारी भीड़ को आता देख डंपर चालक फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया। शवों का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डंपर चालक की तलाश की जा रही है। घटना की खबर मिलते ही मृतकों के घर में कोहराम मच गया। चालक की मां कोमल देवी ने बताया बेटे की शादी को सिर्फ एक महीना ही हुआ है।

## 369 लोगों को मिलेगा शादी अनुदान का लाभ

**महोबा।** अनुसूचित जाति, जनजाति एवं सामान्य वर्ग के गरीब लोगों की पुत्रियों की शादी के लिए शादी अनुदान योजना पूर्व की तरह आनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रारंभ की गयी है। निदेशालय समाज कल्याण विभाग लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जिले की अनुसूचित जाति की 266, सामान्य वर्ग के लिए 103 कुल 369 व्यक्तियों को शादी अनुदान योजनान्तर्गत लाभान्वित कराने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

जिला स्तरीय स्वीकृति समिति एवं जनपद स्तरीय अनुश्रवण समिति की संयुक्त बैठक जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने शासनादेश में निर्धारित शर्तों के अनुरूप पात्रता के अनुसार लाभार्थियों को लाभ देने एवं अपात्र लोगों की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

# तीन बार से ज्यादा खाद्य तेल का प्रयोग करने पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, महोबा



निरीक्षण करते खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार मिश्र। अमृत विचार

- जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दुकानों का निरीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश

**अमृत विचार।** सहायक आयुक्त खाद्य जय प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार मिश्र ने जिले के नमकीन, बूंदी, चिप्स, पापड़ निर्माण ईकाइयों का निरीक्षण कर उसमें प्रयुक्त खाद्य तेल की गुणवत्ता की जांच की।

चार निर्माण ईकाइयों का निरीक्षण कर कुल तीन खाद्य तेल के नमूनें संग्रहित किये। साथ ही उन्हें यह भी हिदायत दी कि प्रयोग में लाया जा चुका गरम खाद्य तेल का उपयोग तीन बार से अधिक नहीं करना चाहिये। यदि तीन बार से अधिक तेल का उपयोग किया गया तो कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान दिए गए आदेश का अनुपालन नहीं किया गया तो विधिक कार्रवाई की जायेगी, जिसकी समस्त जबाबदेही निर्माता की होगी। अभियान के दौरान समोसा, जलेबी तथा ठेलों आदि पर फास्ट फूड बेचने वालों पर भी अभियान चला। अभियान के दौरान फास्टफूड और चार पहिया ठेलों में खाद्या सामग्री बेचने वालों पर भी यह नियम जारी रहेगा।

निरीक्षण दौरान जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने छोटे-छोटे दुकानदारों से भी रजिस्टर रखने की अपील की। रजिस्टर में पिछली बार खाद्य तेल को कब बदला था, इसे अंकित करना होगा। निरीक्षण के दौरान रजिस्टर चेक किया जाएगा। इसमें किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# हरी खाद का प्रयोग करके बढ़ाएं फसल का उत्पादन

संवाददाता, जैतपुर

- पशुपालन से मिलने वाले गोबर की खाद की कमी को पूरा करती है हरी खाद

**अमृत विचार।** किसान खेतों में हरी खाद का प्रयोग कर उपत्पादन बढ़ा सकते हैं। राजकीय कृषि बीज भंडार के प्रभारी जगदीश पटेल ने कहा कि गोबर की खाद की कमी दूर करने के लिए शासन से भेजी गई ढेंचा हरी खाद के बीज की बुवाई कर खेतों में हरी खाद उगाने की सलाह दी है। इस खाद का प्रयोग करने से खेतों की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी, और किसानों की फसल का उत्पादन भी काफी हद तक बढ़ सकेगा। उन्होंने किसानों को ढेंचा बीज से हरी खाद बनाने का महत्व बताकर लाभ लेने को कहा।

बीज भंडार के प्रभारी ने कहा कि आज जब पशुपालन से मिलने वाला गोबर व गोबर की खाद की उपलब्धता कम हो गई है। पहले जैसा फसल चक्र बुन्देलखंड में अब नहीं है। पहले के समय वर्ष भर में एक ही फसल की पैदावार की जाती थी, लेकिन संसाधनों के बढ़ जाने से अब किसान मूंगफली, गन्ना जैसी तमाम नकद भाव की फसलें भी पैदा कर रहा है। इससे खेतों में फसल चक्र दलहनी के बाद तिलहनी गहरी जड़ की फसल के बाद उथली जड़ वाली फसल दलहनी तिलहनी के बाद अनाज की फसलें उगाने को फसल चक्र कहते है।

उन्होंने कहा कि इसी तरह फसल न उगने वाली भूमि को परती कहते है, जो फसल चक्र का हिस्सा है। लेकिन यदि परती खेत न करके हरी खाद के लिए बुवाई कर फूल आने में जुताई करदें, जिससे वह हरी घास खेत में सड़ जाती है। जिससे खेत की भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने का काम करती है। मिट्टी की संरचना ठीक हो जाती है। मिट्टी में पर्याप्त मात्रा में नाइट्रोजन स्थिर हो जाता है। जो आगामी फसल में यूरिया का काम करती है। फसल की मात्रा गुणवत्ता में सुधार होता है।

# मोहर्रम रसूल की आल पर मुसीबतों का माह

कार्यालय संवाददाता, महोबा



तकरीर करते मौलाना। अमृत विचार

**अमृत विचार।** माहे मोहर्रम हुजूर पाक आल पर मुसीबतों का माह है। ये माह कोई खुशियां मनाने या मुबाकरबाद देने का नहीं है। मोहर्रम की पहली तारीख से 13 तारीख तक चलने वाली मजलिस के दौरान खिताब करते हुए शिया समुदाय के मौलाना सैयद मोहम्मद अली जैदी ने व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि अगर किसी के घर में ईद के रोज मौत हो जाए तो लोग ईद नहीं मनाते बल्कि मौत का गम मनाते हैं। यह माह हुजूर की आल पर मुसीबतों का माह है जिसमें 6 माह के अली असगर से लेकर 56 साल के इमाम हुसैन तक को शहीद किया गया था इसलिए इसमें मुबारकबाद नहीं गम मनाया जाता है। मजलिश के पहले दिन कुरान की आयतों से शुरुआत करते हुए कुरआन की अहमियत पर अपने विचार रखे। कहा कि कस्बा चरखारी में सिया व सुन्नी दोनों ही समुदायों द्वारा मजलिश, तकरीर, विभिन्न प्रकार के आयोजन, जुलूस का आयोजन होता है। जिसकी शुरुआत शुक्रवार को गोलाघाट स्थित सिराज महमूद के आवास पर मजलिश से हुई। लखनऊ से आए मौलाना ने कुरान और हदीश की रोशनी में मोहर्रम के पहले दिन हुए वाकयात बयान किए। मोहर्रम की पहली तारीख को ही सिया समुदाय ने जरी का जुलूस निकाला। पहले दिन के आयोजनों के अलावा मोहर्रम की तीन तारीख को सिया समुदाय का ताजिया व अलम, पांच तारीख सुन्नी समुदाय का शेर का जलसा, सात तारीख को हजरत इमाम हुसैन की सवारी का जुलूस, नौ तारीख को ताजिया व अलाव, नौ तारीख को ही सिया समुदाय की दुलदुल तथा दस तारीख को सिया व सुन्नी समुदाय के ताजियो का जलसा होता है।

# मछुआ समुदाय के हितों के लिए काम किया जाएगा

संवाददाता, जैतपुर (महोबा)

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत बिहार में मछुआ समुदाय की एक बैठक वनमाली रैकवार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी न्याय पंचायत के सदस्य कार्यकारिणी में शामिल किए गए। बैठक में वनमाली को मछुआ समुदाय का अध्यक्ष और तुलसीदास रैकवार को सभी की सहमती से सचिव चुना गया।

नई कार्यकारिणी में उमेश, बलराम, ललती बाई, अनिल कुमार, धर्मेंद्र, विजय, देव करन, मालती, खुशबू, दिनेश कुमार, लोकेंद्र कुमार, राज कुमार, आरती, चत्ती, अखिलेश सहित 27 सदस्य शामिल रहे। बैठक मं् चुने गए अध्यक्ष ने कहा कि मछुआ समुदाय के हितों के लिए संघर्ष किया जाएगा। शासन से मछुआ समुदाय को मिलने वाली योजनाओं के लिए आगे आकर लाभ दिलाने का काम किया जाएगा।

सचिव ने कहा कि पूर्व में मछुआ समुदाय के नाम से अन्य वर्ग के लोगों ने समुदाय के ठेकेदारों से सांठ गांठ कर उसका लाभ लिया है। लेकिन अब समुदाय के लोग जागरूक हो चुके है। जिससे अब कोई भी उन्हे भ्रमित नहीं कर सकता है।


## कार्यालय नगर पंचायत कुरारा हमीरपुर

पत्रांकः 145/न0पं0 कु0/ गौवंश/2025–26 दिनांक – 27/06/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण एवं समस्त भूसा विक्रेताओं/फर्मो को सूचित किया जाता है कि कान्हा गोशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना अन्तर्गत प्राप्त अनुदान धनराशि / रा0वि0आ0 अन्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि के तहत नगर पंचायत कुरारा द्वारा संचालित कान्हा गौशाला/अस्थायी गौशाला में सरक्षित गौवंशों/जानवरों के भरण–पोषण हेतु गेहूँ भूसा की निर्धारित आपूर्ति दर, हरा चारा आदि की आपूर्ति प्राप्त किये जाने हेतु प्रति क्विन्टल आपूर्ति की, दरे प्राप्त किये जाने हेतु निविदा की बिक्री कार्यालय नगर पंचायत कुरारा–हमीरपुर में दिनांक 28.06.2025 10:00 बजे से दिनांक 14.07.2025 12.00 बजे अपरान्ह तक की जाएगी। सीलबन्द निविदायें दिनांक 28.06.2025 10:00 बजे से दिनांक 14.07.2025 12:00 बजे तक कार्यालय समय पर कार्यालय नगर पंचायत कुरारा में रखे टेण्डर बाक्स में डाली जायेंगी। जो दिनाक 14.07.2025 समय अपरान्ह 2:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी। कार्य की निविदा के साथ निर्धारित जमानत धनराशि RTGS / नगद के रूप में जमा कर जमा रसीद सलग्न करना अनिवार्य है। जिस निविदा के साथ जमानत राशि संलग्न नहीं होगी उस पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। बिना कारण बताये एक अथवा सम्पूर्ण निविदाये स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष महोदय में निहित है। अन्य सम्बन्धित जानकारी हेतु कार्य दिवस में कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

| क्र0 सं0 | आपूर्ति का विवरण | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य (जी0एस0टी0 सहित) | कार्य आदेश पश्चात् आपूर्ति का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भूसा गेहूँ प्रति क्विन्टल | 50,000 | 600.00 | 01 सप्ताह |
| 2 | हरा चारा प्रति क्विन्टल | | | |
| 3 | सरसों–खली प्रति क्विन्टल | | | |
| 4 | कपिला पशु आहार प्रति क्विन्टल | | | |
| 5 | चूनी बोकर प्रति क्विन्टल | | | |

नोट– किसान भाई, स्वयं सेवी सस्थायें, फर्म, पशु प्रेमी एस0पी0सी0ए0 एवं सम्मानित नागरिक जो भी भूसा/चारा आदि दान में देना चाहे, दे सकते हैं।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर

अध्यक्ष
नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर


मोहर्रम | इमामबाड़ों की साफ-सफाई कर ताजिये बनाने का काम शुरू

# चांद नजर आते ही निकलने लगे अलम के जुलूस

संवाददाता कार्यालय, महोबा



अलम जुलूस में मरसिये पढ़ते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मोहर्रम माह का चांद नजर आते ही इमाबाड़ों की साफ सफाई का कार्य शुरू हो गया है। मोहर्रम की पहली तारीख को शहर के मोहल्ला चौसियापुरा से अलम जुलूस निकाला गया, जिसमें भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी। अलम शहर के परंपरागत मार्गों से होता पठाऊपुरा के इमामबाड़े पहुंचा। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग हजरत इमाम हुसैन की याद में मरसिये पढ़ते हुए चल रहे थे। मरसिये सुनकर लोगों की आंखें नम हो गईं।

गौरतलब है कि मोहर्रम शुरू होते ही घर-घर में मरसिये पढ़े जा रहे हैं। वहीं चौकों में भी मरसिये पढ़े जा रहे हैं, इससे मुस्लिम बाहुल इलाकों में खासी चहल पहल शुरू हो गई है। इतना ही नहीं इमामबाड़ों में भी साफ सफाई के बाद ताजिया बनने का काम शुरू हो गया है। ताजिये बनाने के कारीगर अब्रक की महीन कारीगरी के साथ ताजिये बना रहे हैं। तमाम लोगों द्वारा बाहर से भी ताजिये तैयार कराए जा रहे हैं। शाम होते ही इमामबाड़ों और इमाम चौकों पर मरसियों की आवाजे गूंजने लगी है। उधर महिलाएं भी अपने अपने घरों में मरसिये पढ़ रही हैं।

मोहर्रम का चांद नजर आते ही इस्लामिक साल का आगाज होता है और शहर में मोहर्रम पर्व को लेकर तमाम धार्मिक कार्यक्रमों की भी शुरुआत हो जाती है। इसी क्रम में शुक्रवार को मगरिब अजान के साथ मोहर्रम की पहली तारीख को मोहल्ला चौसियापुरा की मस्जिद के पास स्थित इमामचौक से सैयद सिद्दीक अली के नेतृत्व में अलम जुलूस निकाला गया। जो सब्जी मंडी, तमराई बाजार होते हुए पठाऊपुरा की इमाम चौक पर पहुंचकर समाप्त हुआ। अलम जुलूस में आधा सैकड़ा से ज्यादा मुस्लिम समुदाय के लोग हजरत इमाम आली की शान में मरसिये पढ़ते चल रहे थे। अलम जुलूस का जगह-जगह स्वागत कर मिठाई व अन्य खानपान की वस्तुओं का वितरण किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस के जवान मौजूद रहे।

### मोहर्रम की 9 तारीख को होगा अलाव

- मोहर्रम में शहर के आधा दर्जन से ज्यादा स्थानों पर होने वाले अलाव की भी तैयारियां तेज हो गई हैं। अलाव मैदानों को साफ सुथरा किया जा रहा है। अलाव खेलने वाले लोगों ने मोहर्रम का चांद देखते ही पैरों में जूते चप्पल पहनना बंद कर दिया है और अलाव नियमों के अनुसार काम कर रहे हैं। मोहर्रम की 9 तारिख को दहकते अंगारों में अलाव खेला जाता है। उधर अलाव कमेटी ने अलाव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है।

### इमाम हुसैन की याद में घर-घर होती फातिहा

- मोहर्रम शुरू होते ही जिले में प्रतिदिन हलीम, बिरयानी की फातिहा कराई जा रही है। मोहर्रम की एक तारीख से लेकर 12 तारीख तक प्रतिदिन शहर में अलग अलग स्थानों पर लंगर कराया जाता है। कहीं लड्डू और बूंदी वितरित की जाती है तो कहीं पर लोग नारियल के गोले वितरित करते हैं। यह सिलसिला मोहर्रम की 12 तारीख तक चलता रहता है। कर्बला के मैदान में शहीद हुए हजरत इमाम हुसैन की याद में मोहर्रम का त्योहार मनाया जाता है। मुस्लिम कैलेंडर के मुताबिक मोहर्रम की एक तारीख को नया साल शुरू होता है।

## एक नजर

### थाना पहाड़ी में पीस कमेटी की बैठक

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** थानाध्यक्ष पंकज तिवारी ने शुक्रवार को मोहर्रम व सावन मास के संबंध में संभ्रांत नागरिकों, धर्म गुरुओं, ग्राम प्रधानों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की। इसमें लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण का आश्वासन किया। दोनों समुदायों से भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की तथा शासन के दिशा निर्देशों के संबंध में बताया।

### व्यापारी कल्याण दिवस में करदाता होंगे सम्मानित

**चित्रकूट।** उपायुक्त राज्य कर विक्रम अजीत ने बताया कि प्रदेश सरकार दानवीर भामाशाह की जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाएगी। इसके तहत 28 जून की शाम चार बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम किया जाएगा। इसमें जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान जिले के पांच बड़े करदाताओं को सम्मानित किया जाएगा।



कार्यशाला में पैकेजिंग संबंधी जानकारी देते विशेषज्ञ। अमृत विचार

# उद्यमियों को बताया पैकेजिंग का महत्व

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** सीतापुर वुडन ट्वायज़ कलस्टर में शुक्रवार को ओडीओपी परियोजना के अंतर्गत दो दिवसीय पैकेजिंग कार्यशाला की शुरुआत हुई।

कार्यशाला में भारतीय पैकेजिंग संस्थान के विशेषज्ञ सौरभ त्रिपाठी ने आधुनिक एवं टिकाऊ पैकेजिंग तकनीकों, ब्रांडिंग के महत्त्व और बाजार के प्रतिस्पर्धात्मक लाभ के बारे में बताया। बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य स्थानीय उद्यमियों को वैश्विक स्तर की पैकेजिंग तकनीकों से अवगत कराना एवं उनके उत्पादों को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय बाजारों के लिए अधिक उपयुक्त बनाना है। शिल्पकारों ने भी अनुभव साझा किए।

# बच्चे पढ़ेंगे तो परिवार भी आगे बढ़ेगा : जिलाधिकारी

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान केंद्र गनीवां के परमानंद आश्रम पद्धति विद्यालय सभागार में शुक्रवार को जन चौपाल लगी। इस मौके पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने ग्रामीणों को अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया।

चौपाल की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण विभागों की सरकारी योजनाओं का लाभ लें। एक जुलाई से स्कूल चलो अभियान चलाया जाएगा। सभी लोग अपने बच्चों को स्कूल पढ़ने अवश्य भेजें। समस्याएं का निस्तारण विभागीय स्टालों से करा लें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्याओं का समय से निस्तारण कर समस्या ग्रस्त व्यक्ति को जानकारी भी दें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, उप जिलाधिकारी राजापुर आरआर रमन, जिला विकास अधिकारी सत्यराम यादव, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्रा, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा. वैभव त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा , ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, खंड विकास अधिकारी पहाड़ी संजय कुमार पांडेय ,ग्राम प्रधान सत्येंद्र सिंह, सचिव नरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

**विद्यालय के इतिहास की दी जानकारी :** दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने विद्यालय के संबंध में जानकारी दी। बताया कि परमानंद आश्रम पद्धति विद्यालय 1998- 99 में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह ने नानाजी देशमुख के आग्रह पर अनुदान देकर बनवाया था। इसको दसवीं कक्षा तक किया जा रहा है।





चौपाल में ग्रामीणों को जानकारी देते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन। अमृत विचार

● गनीवां में लगी चौपाल में ग्रामीणों को दी प्रेरणा

### फीडिंग कराएं, तभी मिलेगा पोषाहार

मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत महिलाएं व बच्चे पोषण ट्रैकर एप पर फीडिंग अवश्य करा लें नहीं तो आप लोगों को पोषाहार प्राप्त नहीं होगा। उन्होंने ग्रामीणों को फैमिली आईडी, भूलेख अंकन आदि कराने की भी सलाह दी।

# 11 और विद्यालय होंगे युग्मित, संख्या 61 हुई

## 30 या कम विद्यार्थी संख्या वाले परिषदीय स्कूलों की भी पेयरिंग, पहले 25 या इससे कम का था मानक

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** सरकार की कम छात्रों वाले स्कूलों को दूसरे स्कूलों से पेयरिंग (युग्मन) के तहत जिले में 11 और परिषदीय विद्यालय चुने गए हैं। इनमें 30 या इससे कम छात्र संख्या है। इस प्रकार अब पेयरिंग किए जाने वाले स्कूलों की कुल संख्या 61 हो गई है।

गौरतलब है कि इसके पूर्व विभाग ने उन विद्यालयों के युग्मन की बात कही थी, जिनमें छात्र संख्या 25 या इससे कम है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने बताया कि अब उन स्कूलों का भी युग्मन किया जाएगा, जिनमें छात्र-छात्राओं की संख्या 30 या उससे कम है। इनमें चित्रकूट और मानिकपुर ब्लाकों के दो- दो, मऊ के तीन और पहाड़ी और रामनगर के दो-दो परिषदीय स्कूल हैं। चित्रकूट ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय खुम्हानीपुरवा का प्राइमरी स्कूल रामसजीवन का पुरवा में युग्मन किया जाएगा। इसी प्रकार पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिलखोरी की पेयरिंग उच्च प्राथमिक विद्यालय बंदरी से होगी। मानिकपुर के पीएस रुकमा बुजुर्ग को पीवी नयापुरवा से और पीएस बेलहा का पीवी खिचरी से युग्मन होगा। मऊ ब्लाक के पीवी गुरदवां का पुरवा का पीवी लसही से, पीवी बरहा का कंपोजिट स्कूल बरहा कोटरा से और पीवी पटपहरा का पीएस पियारा से युग्मन किया जाना है। पहाड़ी ब्लाक के पीएमवी गुरगौला की सीएस विहरवां, पीवी गुठऊपुर की पीवी रमपुरिया पटेरे से पेयरिंग की जाएगी। इसी प्रकार रामनगर विकास खंड के पीएस गोबरौल को सीएस गोबरौल से और यूपी नांदिन कुर्मियन -1 को कन्या यूपीएस -2 से युग्मित किया जाएगा। बीएसए ने बताया कि सभी खंड शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे एक जुलाई से पेयर किए गए विद्यालयों में शिक्षण कार्य सुनिश्चित कराएं। इसके बाद एक सप्ताह के अंदर अपनी रिपोर्ट भी उनको दें।



बीएसए बीके शर्मा।

**पचास से कम बच्चों की पेयरिंग से होगी दिक्कत :** बीएसए ने बताया कि अगर हम 50 से कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को चिह्नित करेंगे तो कुल 1261 विद्यालयों में से 273 ऐसे हैं। अगर इन स्कूलों को पेयरिंग किया जाएगा तो दूरी बढ़ जाएगी और बच्चों को दिक्कत होगी। इसलिए पहले उन 50 स्कूलों को चुना गया, जिनमें विद्यार्थियों की संख्या 25 या उनसे कम है। अब उन स्कूलों को भी पेयरिंग के लिए चुना गया है, जिनमें छात्र संख्या 30 या कम है।

### गैरहाजिर मिलीं शिक्षिका-शिक्षामित्र, वेतन रोकने के निर्देश

**चित्रकूट।** बीएसए बीके शर्मा ने गुरुवार को चार स्कूलों का औचक मुआयना किया। बताया कि प्राथमिक विद्यालय डाफाई में अनुपस्थित पाई गईं सहायक अध्यापिका और शिक्षामित्र का एक दिन का वेतन-मानदेय रोक दिया गया है। इनसे तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है। बीएसए ने बताया कि कंपोजिट विद्यालय नया बाजार नगर क्षेत्र में नामांकित छात्र-छात्राओं की संख्या 83 पाई गई। सीनियर कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय नगर क्षेत्र में प्रधानाध्यापिका ने बताया कि यहां 24 बच्चे हैं। इस पर विद्यालय के स्टाफ को नामांकन बढ़ाने के कड़े निर्देश दिए गए। प्राथमिक विद्यालय कपसेठी में छात्र-छात्राओं की संख्या 88 पाई गई। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय डाफाई में निरीक्षण के दौरान सहायक अध्यापिका पूजा पांडेय और शिक्षामित्र सुरभि शुक्ला गैरहाजिर मिली। दोनों का एक दिन का वेतन-मानदेय रोक दिया गया है। अगर तीन दिन के अंदर संतोषजनक जवाब न मिला तो आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया कि सभी स्कूलों के स्टाफ को घर घर जाकर बच्चों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

### स्कूलों का अस्तित्व खत्म नहीं होगा

बीएसए ने साफ किया कि इन स्कूलों का अस्तित्व खत्म नहीं होगा। इनका यू डायस कोड बरकरार रहेगा। संबंधित विद्यालयों के शिक्षक भी अपने बच्चों के साथ पेयरिंग वाले स्कूल जाएंगे। शिक्षक मेहनत कर अपने छात्र संख्या 50 कर लेंगे, उसी दिन उनको मूल विद्यालय भेज दिया जाएगा। जब तक ये विद्यालय बंद रहेंगे, भवनों का उपयोग बाल वाटिका, आंगनबाड़ी केंद्र के लिए होगा। पेयरिंग की प्रक्रिया को गलत न समझें। विद्यालय में बच्चों की छात्र संख्या बढ़ने पर स्कूल को मिलने वाली कंपोजिट ग्रांट भी बढ़ेगी और इसका लाभ बच्चों को मिलेगा।

## पेयरिंग के खिलाफ शिक्षकों ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**चित्रकूट।** परिषदीय विद्यालयों की पेयरिंग के खिलाफ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रशासन के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा है।

इसमें इस नीति को शिक्षा के अधिकार अधिनियम और बाल अधिकारों के विपरीत बताया। कहा कि छात्र संख्या कम होने का कारण परिषदीय विद्यालयों के निकट निजी विद्यालयों को मान्यता देना, गैर मान्यताप्राप्त विद्यालयों का निर्बाध चलना, भर्तियों के दौरान शिक्षकों का असमान वितरण, शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य कराना आदि है। पेयरिंग-मर्जर करने से बच्चे-बच्चियों को दिक्कत होगी। सभी विद्यालयों में छात्र संख्या के अनुरूप शिक्षकों की तैनाती, मान्यता प्रकरणों की जांच कराने, गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को बंद करने, छात्रों के आधार और जन्म प्रमाणपत्र बनाने की प्रक्रिया का सरलीकरण कराने की मांगें की हैं। ज्ञापन में जिलाध्यक्ष (कार्यकारी) ओमप्रकाश सिंह, जिला मंत्री संजय अवस्थी और कोषाध्यक्ष लवलेश कुशवाहा के हस्ताक्षर हैं।

## सार-संक्षेप

### सद्भावनापूर्ण माहौल में मनाए जाएं त्योहार : एसडीएम

**राजापुर (चित्रकूट)।** थाना परिसर में शुक्रवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें उप जिलाधिकारी राम ऋषि रमन और क्षेत्राधिकारी जयकरण सिंह ने लोगों से सद्भावनापूर्ण माहौल में पर्वों को संपन्न कराने की अपील की। उप जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पर्वों को शांतिपूर्ण रूप से मनाएं। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, दिक्कत होने पर बताएं, निदान कराया जाएगा। निर्देश दिए कि मुहर्रम में जुलूस शांतिपूर्वक निकाला जाए और ताजिए की ऊंचाई कम रखी जाए। बताया कि राजापुर, रायपुर, कलवलिया, छीबो गांव में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जाएगी। सीओ ने कहा कि सद्भावना व मैत्रीपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने की परंपरा का निर्वहन करना हम सब लोगों का कर्तव्य है। असामाजिक तत्वों के ऊपर पुलिस बराबर नजर बनाए हुए है। समाजसेवी सुनील मिश्रा ने सफाई, विद्युत व झूलती विद्युत तारो को ठीक कराने की बात कही। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अमित सोनी ने बताया कि त्यौहारों पर विशेष रूप से सफाईकर्मियों की टीम बनाकर काम कराया जाएगा। एसडीएम ने अवर अभियंता विद्युत दारा सिंह को कस्बे में लटकती तारों को ठीक करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सुनील मिश्रा, सतीश मिश्रा, मंगल पांडेय, विशाल मिश्रा, अशोक द्विवेदी, अतहर नईम, साबिर अली, मोहम्मद अली, साबिद अली, वसीम कुरैशी, वकीला, परवीन नूरी आदि मौजूद रहे।

### अभी तक गड्ढा न भर पाए जिम्मेदार

**मऊ (चित्रकूट)।** नगर पंचायत के मऊ महिला पुल की यमुना रोड एवं बियावल रोड को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने वाली सड़क पर बना गड्ढा दिक्कत का सबब बन गया है। बाशिंदों ने नाराजगी जताई कि इस संबंध में लगातार की जा रही शिकायतों को पीडब्ल्यूडी अनसुना कर रहा है। इसी गड्ढे पर शुक्रवार रात एक ई रिक्शा के पलट जाने से सात लोग घायल हो गए। रिक्शा चालक छेदीलाल को भी चोटें आईं। क्षेत्र के लोगों में इस संबंध में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अभिनव द्विवेदी कहते हैं कि लगता है विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है तभी इसकी कुंभकर्णी निद्रा टूटेगी। जबकि गिट्टी और डस्ट से इसे पूरा जा सकता है। पूर्व में इस संबंध में बात करने पर पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता नीरज सक्सेना ने आश्वस्त किया था कि इसे जल्द ही ठीक करवा दिया जाएगा लेकिन अब वह जल्द समय कब आएगा यह किसी को भी नहीं पता। इस संबंध में जब सहायक अभियंता सर्वेश गुप्ता एवं नीरज सक्सेना को फोन किया गया तो उन्होंने काल रिसीव नहीं की।

### लेखपाल पर जमीन कब्जवाने का आरोप

**संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)।** मऊ तहसील के एक लेखपाल पर एक ग्रामीण ने पैसा लेकर लगभग 12 बीघे सरकारी जमीन पर कब्जा कराने के आरोप लगाए हैं। उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर जांच कराने का अनुरोध किया है। भखरवार गांव निवासी ओमप्रकाश दुबे ने आरोप लगाया कि लेखपाल रावेंद्र सिंह ने ग्राम सभा की जमीन पर अवैध कब्जा करवा दिया है। उसने लेखपाल पर अवैध कमाई से लाखों की संपत्ति अर्जित करने के भी आरोप लगाए और कहा कि बिना रिश्वत वह कोई काम नहीं करते। ओमप्रकाश ने आरोप लगाया कि आसपास के काश्तकारों से साठगांठ कर उसकी जमीन से चकरोड निकाली जा रही है। उसने इस संबंध में उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भी भेजा है। उधर, उप जिलाधिकारी मऊ सौरभ यादव ने बताया कि ग्रामीण की शिकायत पर टीम गठित कर जांच कराई जाएगी। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई होगी। जब इस संबंध में लेखपाल रावेंद्र सिंह से बात की गई तो बताया कि उन्होंने ग्रामीण ओमप्रकाश से मिलकर पूरी बातें स्पष्ट कर दी हैं।

### हादसे में युवक की मौत, पत्नी और भाई घायल

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** पत्नी का इलाज कराकर घर जा रहे युवक की बाइक को ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। पत्नी और छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, मारकुंडी थानांतर्गत टिकरिया के मजरे जमुनिहाई निवासी राकेश (35) पुत्र श्यामलाल अपनी पत्नी राजकुमारी (32) व छोटे भाई राजेश (32) के साथ शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज कराने आया था। दोपहर में लौटते समय इनकी बाइक मारकुंडी से करीब पांच किमी दूरी पर जरेड़ा नाले के पास सतना की ओर से आ रहे ट्रक से भिड़ गई। इससे राकेश की मौके पर मौत हो गई। थाना प्रभारी श्रीप्रकाश यादव ने तीनों को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने राकेश को मृत घोषित कर दिया। राजेश एवं राजकुमारी को जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया।

### सड़क में धंसा टैंकर, हुई परेशानी

**मऊ (चित्रकूट)।** नगर पंचायत मऊ के यमुना रोड में पंचायत भवन के पास शुक्रवार को कौशांबी की ओर से आ रहा एक टैंकर सड़क में धंस गया। इससे आवागमन प्रभावित हुआ। लोगों ने नाराजगी जताई कि अभी ठीक से बारिश भी नहीं हुई है तो सड़क का यह हाल है। स्थानीय निवासी रोहित द्विवेदी ने आरोप लगाया कि कार्यदायी संस्था की लचर कार्यशैली से जनता ऊब चुकी है।

### जय जगन्नाथ



**बरगढ़ (चित्रकूट)** में शुक्रवार को धूमधाम के साथ भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। इसने परंपरागत तरीके से भ्रमण किया। जगह जगह लोगों ने पूजा की। इस मौके पर ग्राम प्रधान शैलेश शुक्ला, फूलचंद्र गर्ग, श्याम नारायण शुक्ल, सतीश शुक्ल, देवेश शुक्ल, रोहित द्विवेदी , मोनू केशरवानी आदि रहे। थाना प्रभारी शिवआसरे सुरक्षा व्यवस्था में रहे। ● अमृत विचार

## बिजली की चपेट से तीन ग्रामीण झुलसे

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** क्षेत्र में बारिश के बीच बिजली गिरने से तीन लोग झुलस गए। गढ़चपा ग्राम पंचायत के भौठी पुरवा में शुक्रवार को बारिश के दौरान बरगद के पेड़ के नीचे बैठे किसान कल्यान (45) पुत्र रामदास , उमाशंकर (60) पुत्र रामगोपाल व सूरजपाल (32) पुत्र जुरवन वज्रपात की चपेट में आने से झुलस गए।

उमाशंकर की गाय की मौके पर मौत हो गई । ग्रामीण घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। एसडीएम मो. जसीम ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना और उनको हर संभव सहायता का अश्वासन दिया।

# चंद्रप्रकाश प्रांतीय उपाध्यक्ष राजीव बने जिला अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद कुमार जौहरी और संयुक्त महामंत्री विपिन जौहरी ने शुक्रवार को बुंदेलखंड में संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने के लिए सिंचाई विभाग के डाक बंगले में बैठक की। इस मौके पर चंद्रप्रकाश खरे को प्रांतीय उपाध्यक्ष और राजीव श्रीवास्तव को जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिलाध्यक्ष को एक हफ्ते में कमेटी घोषित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सर्वसम्मति से समाज की ओर से समाज के बच्चों को निशुल्क कोचिंग शुरू करने की बात पर सहमति बनी। चित्रगुप्त मंदिर के महंत रामदास ने सभी को श्री चित्रगुप्त भगवान के बारे में बताया। नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष ने हर महीने के आखिरी रविवार को समाज की बैठक के संबंध में बताया। अपील की कि सभी लोग गुटबाजी को छोड़ते हुए समाज के उत्थान को आगे आएं। बैठक में सुशील श्रीवास्तव, राजू श्रीवास्तव, शैलेंद्र निगम, भरत श्रीवास्तव, भानू प्रताप श्रीवास्तव, नवनीत निगम, दयाशंकर श्रीवास्तव, प्रतीक श्रीवास्तव, रविंद्र खरे, मनोज श्रीवास्तव, दिलीप, अजीत, अनुज निगम, राजेंद्र श्रीवास्तव, रोहित खरे, अमरीश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद प्रदेश अध्यक्ष, संयुक्त महामंत्री और उपाध्यक्ष आदि। अमृत विचार

● अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक

### त्रैमासिक साइबर प्रशिक्षण की हुई शुरुआत

**चित्रकूट।** एडवांस्ड सर्टिफिकेट प्रोग्राम इन साइबर थ्रेट्स डिजिटल फॉरेंसिक एंड लीगल रिस्पांस का ऑनलाइन त्रैमासिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह की अध्यक्षता व क्षेत्राधिकारी यातायात फहद अली की उपस्थिति में शुक्रवार को पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस द्वारा संचालित एडवांस्ड सर्टिफिकेट प्रोग्राम इन साइबर थ्रेट्स डिजिटल फॉरेंसिक एंड लीगल रिस्पांस कार्यक्रम में जिले के 39 पुलिसकर्मी नामित किए गए। यह प्रशिक्षण 12 सप्ताह तक प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार को कराया जाएगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य साइबर क्राइम से बचाव के लिए पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित करना है।

# सेवा प्रदाता कंपनी पर रिपोर्ट दाखिल की गई चार्जशीट

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** कर्मचारियों के पीएफ का विवरण उपलब्ध न कराने पर सेवा प्रदाता कंपनी पर प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बाद अब न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। विवेचना कर रहे एसआई गजबे आलम ने बताया कि मामला कोर्ट में है।

जानकारी के अनुसार चित्रकूट जिले के सभी पांचों विकास खंडों में तकनीशियन, एपीओ व लिपिक सेवा प्रदाता कंपनी से अनुबंध पर संविदा में कार्यरत हैं। जिले में दो सेवा प्रदाता फर्म हैं, राजदीप इंटरप्राइजेज व सुपरफास्ट मल्टी सर्विस प्रालि.। बताया कि राजदीप इंटरप्राइजेज का अनुबंध डीपीआरओ कार्यालय से है। उधर सुपरफास्ट मल्टी सर्विस का अनुबंध खंड विकास कार्यालय से है। 13 मार्च को तत्कालीन उपायुक्त श्रम रोजगार धरमजीत सिंह ने एफआईआर दर्ज कराई थी। बताया था कि कंपनी ने विकास खंडों द्वारा अपने 1213 कर्मचारियों के पीएफ की धनराशि, सेवा कर और जीएसटी की धनराशि का भुगतान नियमित किए जाने के बाद भी कार्यालय को उपलब्ध नहीं कराया, जो वित्तीय अनियमितता है। इस पर कंपनी पर बीएनएस 314(4) आपराधिक विश्वासघात और बीएनएस 318 (3) धोखाधड़ी के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई। इस मामले में दरोगा गजबे आलम ने बताया कि मामले की विवेचना कर चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी गई है। मामला न्यायालय में प्रचलित है।

## एसपी ने ली परेड की सलामी, किया मुआयना

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइंस में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया गया।

इस दौरान आरक्षियों से व्यायाम कराया गया और दौड़ कराई गई। आर्मोरर ने शस्त्रों को खोलने जोड़ने व हैंडलिंग की जानकारी दी। बाद में एसपी ने परिवहन शाखा जाकर वाहनों को देखा और प्रभारी को इनकी मरम्मत के लिए निर्देशित किया। सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण को निर्देश दिए। विवेचकों के कामों की समीक्षा की। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा, आरटीसी प्रभारी प्रदीप यादव, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

समस्या | सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने सरकार पर साधा निशाना

# खुदी सड़क पर धंसी ट्रैक्टर-ट्राली, ग्रामीण परेशान

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज यादव ने सरकार के महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन पर सवालिया निशान लगाए हैं। उनका कहना है कि जिले में इस संबंध में कार्यदायी संस्था के कामों में घोर लापरवाही नजर आ रही है। सड़क न बनने से और बरसात में मिट्टी गीली होने से आयेदिन वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रह हैं।

कंठीपुर में भी शुक्रवार को इसी तरह की सड़क पर एक ट्राली धंस गई, जिससे लोगों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अनुज ने कहा कि सरकार की योजना से जहां लोगों को फायदा होना था, नुकसान ही हो रहा है। गांवों में पानी पहुंचाने के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। सिर्फ कागजी कोरम पूरा करके वाहवाही लूटी जा रही है।

वास्तविकता को नजरंदाज किया जा रहा है। पानी मिला नहीं, पाइपलाइन डालने के बाद सड़कें ठीक नहीं कराई गईं। इससे ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। बताया कि जिला मुख्यालय के पास के गांव कंठीपुर में बृहस्पतिवार को एक सड़क पर ट्रैक्टर ट्राली बुरी तरह से धंस गई, जिसे निकालने के लिए ग्रामीणों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन के तहत कार्यदायी संस्था ने सड़क खोद कर तो पाइप लाइन बिछा दी लेकिन इसकी मरम्मत नहीं कराई। इससे लोगों का निकलना तक दूभर हो गया है।



सड़क पर धंसी ट्राली को निकालने की कोशिश करते ग्रामीण। अमृत विचार

### गांव में हैं 349 कनेक्शन



समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज यादव ने कहा जल जीवन मिशन के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, कर्वी ब्लॉक की कंठीपुर ग्राम पंचायत में जनसंख्या 2154 है, जहां कुल 349 कनेक्शन दिए गए हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष सपा ने आरोप लगाया है कि लोगों को सही से पानी तक भी नहीं मिल रहा है। इस गांव में जलापूर्ति चांदी बांगर योजना के तहत है ,जिसकी जिम्मेदारी एलएंडटी कंपनी की है। आरोप लगाया कि कंपनी ने काम गुणवत्तापूर्ण नहीं किया है। इस संबंध में जब एलएंडटी के प्रोजेक्ट मैनेजर रोहित सहाय और जल जीवन मिशन के नोडल आशीष कुमार भारती को जानकारी मांगने की कोशिश की गई तो उन्होंने काल रिसीव नहीं की। सरकार की हर घर नल हर घर जल योजना पूरी तरीके से फेल है। तमाम गांवों में अभी पूर्ण रूप से पानी नहीं पहुंचा वहीं दूसरी ओर विभाग द्वारा गांव की सड़कों को खोदकर तहस-नहस कर दिया गया है। इस समय 90 फीसदी गांवों में ग्रामीणों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह योजना सिर्फ भ्रष्टाचार के उद्देश्य बनाई गई है।

# कर्ज वृद्धि बढ़ाएं, मुनाफा बनाए रखें बैंक

## वित्त मंत्री ने पीएसबी से कहा- आरबीआई की आधा प्रतिशत की ब्याज कटौती का उठाएं लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी



- सीतारमण ने समीक्षा बैठक में मुनाफे की रफ्तार बनाए रखने की कही बात

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) से कहा कि वे अर्थव्यवस्था के उत्पादक क्षेत्रों को अधिक ऋण देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की आधा प्रतिशत की बड़ी ब्याज कटौती का लाभ उठाएं। सूत्रों ने बताया कि पीएसबी के वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा बैठक के दौरान सीतारमण ने उनके प्रमुखों से वित्त वर्ष 2025-26 में मुनाफे की रफ्तार बनाए रखने को भी कहा।

वित्त वर्ष 2024-25 में 12 पीएसबी का कुल मुनाफा बढ़कर रिकॉर्ड 1.78 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो सालाना आधार पर 26% अधिक है। इस दौरान लाभ में सालाना आधार पर वृद्धि 37,100 करोड़ थी। सूत्रों के अनुसार वित्त मंत्री को उम्मीद है कि आरबीआई के आधा प्रतिशत की ब्याज दर कटौती के बाद पीएसबी की ऋण वृद्धि में सुधार होना चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वित्तीय समावेश को बढ़ाने के लिए बैंकों को सरकार की योजनाओं में अधिक से अधिक ग्राहकों को शामिल करना चाहिए।

बैठक के दौरान किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम मुद्रा और तीन सामाजिक सुरक्षा योजनाओं - प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) सहित विभिन्न खंडों और सरकारी योजनाओं की प्रगति की व्यापक समीक्षा की गई।

### विवाद समाधान पोर्टल से भुगतान मामलों की सुनवाई में तेजी : मुर्मू


**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि विवाद समाधान के लिए जारी ऑनलाइन पोर्टल सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को भुगतान में देरी से संबंधित मामलों में तेजी से सुनवाई और निर्णय लेने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। मुर्मू ने 'विश्व एमएसएमई दिवस' पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के समक्ष मौजूद चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि ऑनलाइन पोर्टल इस दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने एमएसएमई उद्यमों की वित्त तक पहुंच, बड़ी कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा और भुगतान में देरी जैसी चुनौतियों का भी उल्लेख किया। मुर्मू ने कहा कि सरकार के प्रयासों से पंजीकृत



एमएसएमई की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज पेश किया गया ऑनलाइन विवाद समाधान पोर्टल एमएसएमई को भुगतान में देरी से संबंधित मामलों में तेजी से सुनवाई और निर्णय लेने में महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने युवा महिलाओं से व्यवसाय स्थापित करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। राष्ट्रपति ने कहा कि आज की दुनिया जलवायु परिवर्तन और तेजी से विकसित हो रही प्रौद्योगिकी से उत्पन्न चुनौतियों से जूझ रही है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण से जुड़े लक्ष्यों के लिए भारत को प्रतिबद्ध बताते हुए कहा कि एमएसएमई में हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना समय की मांग है। मुर्मू ने कहा कि यह (हरित प्रौद्योगिकी) न केवल एमएसएमई को मजबूत बनाएगी, उनकी प्रतिस्पर्धी क्षमता में सुधार करेगी, बल्कि देश के जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी मदद करेगी।

## सॉफ्ट कमोडिटी: लाभ-जोखिम की समझ

सॉफ्ट कमोडिटी वे कृषि उत्पाद हैं जिन्हें उगाया जाता है, जैसे – गेहूं, कपास, कॉफी, सोया, और चीनी। यह निवेशकों के लिए विविध पोर्टफोलियो बनाने और महंगाई के प्रभाव से सुरक्षा देने का साधन है। कमोडिटी बाजार में इनका व्यापार फ्यूचर्स, एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) और कमोडिटी म्यूचुअल फंड के जरिए किया जा सकता है। इसमें मांग–आपूर्ति, मौसम, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नीतियां और मुद्रा विनिमय दरें कीमतों को प्रभावित करती हैं। निवेश से पहले इसके उतार–चढ़ाव और जोखिमों को समझना जरूरी होता है। अब विस्तार से इसके पहलुओं को समझते हैं।



### क्या है सॉफ्ट कमोडिटी

- सॉफ्ट कमोडिटीज़ वे कृषि आधारित उत्पाद हैं जो खेती से प्राप्त होते हैं। इनमें गेहूं, मक्का, चावल, कपास, जूट, कॉफी, चाय, कोको, चीनी, तिलहन (सोया, सरसों) आदि है। इनका उपयोग खाद्य, वस्त्र, पेय पदार्थ और तेल उद्योगों में होता है।

### कैसे करें निवेश

- **कमोडिटी फ्यूचर्स के माध्यम से :** एमसीएक्स (भारत में) पर फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स में ट्रेड करें।
- **कमोडिटी आधारित म्यूचुअल फंड या ईटीएफ :** जो इन कमोडिटी से जुड़े होते हैं।
- **एग्री–स्टॉक्स में निवेश :** कृषि उत्पादक कंपनियों के शेयर खरीदें।

### महत्वपूर्ण बातें

- शुरुआती निवेशक फिजिकल खरीदारी के बजाय ईटीएफ या म्यूचुअल फंड का चयन करें।
- निवेश से पूर्व बाज़ार विश्लेषण और ट्रेंड्स पर नजर रखें।
- दीर्घकालिक निवेश से अधिक स्थिर लाभ की संभावना होती है।

### निवेश के लाभ

- **विविधता :** इक्विटी व डेट के अलावा नया एसेट क्लास।
- **महंगाई से सुरक्षा :** जब मुद्रास्फीति बढ़ती है, कमोडिटी की कीमतें भी बढ़ती हैं।

### जोखिम और चुनौतियां

- **मौसम पर निर्भरता :** बारिश, सूखा या बाढ़ से उत्पादन प्रभावित होता है।
- **अस्थिरता :** वैश्विक मांग, सरकारी नीतियां और मौसम असर डाल ते हैं।
- **स्टोरेज और लॉजिस्टिक्स :** वास्तविक भंडारण और सप्लाई चेन की समस्याएं।

# देश का चालू खाता मार्च तिमाही में 13.5 अरब डॉलर के अधिशेष में : आरबीआई

मुंबई, एजेंसी

- रिजर्व बैंक ने चौथी तिमाही के दौरान भारत के भुगतान संतुलन के घटनाक्रम पर जारी की रिपोर्ट

देश का चालू खाता 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 13.5 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.3%) के अधिशेष में रहा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 4.6 अरब डॉलर (जीडीपी का 0.5%) था। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

किसी देश के चालू खाते से यह पता चलता है कि संबंधित देश ने निर्यात से कितना कमाया और आयात पर कितना खर्च किया। इसके अलावा निवेश से आय और हस्तांतरण से जुड़े लेन-देन भी इसमें शामिल होते हैं। देश का चालू खाता गत वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 11.3 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.1%) के घाटे में था। सालाना आधार पर चालू खाता घाटा 2024-25 के दौरान 23.3 अरब डॉलर (जीडीपी का 0.6%) रहा जो 2023-24 के दौरान रहे 26 अरब डॉलर (जीडीपी का 0.7%) के घाटे से कम है। इसका मुख्य कारण उच्च शुद्ध अदृश्य प्राप्तियां हैं।

रिजर्व बैंक की चौथी तिमाही के दौरान भारत के भुगतान संतुलन में घटनाक्रम रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च तिमाही में 59.5 अरब डॉलर का वस्तु व्यापार घाटा हुआ जबकि 2023-24 की चौथी तिमाही में यह 52 अरब डॉलर था। वस्तु व्यापार घाटा 2024-25 की तीसरी तिमाही के 79.3 अरब डॉलर के मुकाबले कम रहा। शुद्ध सेवा प्राप्तियां बढ़कर 2024-25 की चौथी तिमाही में 53.3 अरब डॉलर हो गईं जो एक साल पहले की समान अवधि में 42.7 अरब डॉलर थीं।

### रूस से कोयले का आयात दो साल में सबसे ज्यादा

**मॉस्को।** रूस से भारत को कोयले का आयात मई 2025 में मासिक आधार पर 52% बढ़कर 13 लाख टन के दो साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। रूस के कारोबारी अखबार ने सेंटर फॉर प्राइस इंडिसेज की कारोबारी समीक्षा का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। रूसी कोयला निर्यातकों की लचीली मूल्य निर्धारण रणनीतियों से ईंधन की गुणवत्ता से ये वृद्धि हुई। बढ़ते घरेलू उत्पादन व लॉजिस्टिक की उच्च लागत से भारत में रूस की बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि की संभावना नहीं है।

# बाजार में तेजी, सेंसेक्स फिर 84,000 के पार

मुंबई, एजेंसी

विदेशी पूंजी का प्रवाह बढ़ने और आईसीआईसीआई बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी से शुक्रवार को शेयर बाजार चौथे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 303 अंक जबकि निफ्टी में 89 अंक की तेजी रही। विश्लेषकों के मुताबिक, डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती रहने और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से भी निवेशकों का भरोसा बढ़ा।

बीएसई का सेंसेक्स 303.03 अंक चढ़कर 84,058.90 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई का निफ्टी भी 88.80 अंक बढ़कर 25,637.80 अंक पर पहुंच गया। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 1,650.73 अंक यानी 2% की तेजी रही, जबकि निफ्टी में भी 525.4 अंक 2% का उछाल आया।



बजाज ब्रोकिंग की शेयर बाजार पर जारी टिप्पणी के मुताबिक, सेंसेक्स एवं निफ्टी ने मजबूती से साप्ताहिक कारोबार का समापन किया।

ईरान-इजराइल युद्धविराम और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की उम्मीद से समर्थन मिला है। सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और सन फार्मा के शेयरों में तेजी रही। वहीं, ट्रेंट, इटर्नल, एक्सिस बैंक और टाइटन में गिरावट आई। बीएसई स्मालकैप 0.54% जबकि मिडकैप 0.38% चढ़ा। बीएसई पर सूचीबद्ध 2,251 शेयर बढ़े, 1,760 में गिरावट और 154 के भाव अपरिवर्तित रहे।

### चार सत्र में निवेशकों की संपत्ति 12.26 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी से निवेशकों की संपत्ति 12.26 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। पिछले चार दिन में सेंसेक्स 2,162.11 अंक चढ़ा है। इसके साथ कंपनियों की पूंजीकरण 4 सत्रों में 12,26,717.72 करोड़ रुपये बढ़कर 4,60,09,217.58 करोड़ रुपये (5.38 लाख करोड़ डॉलर) हो गया।



### एक नजर

#### जेल में बंद गैंगस्टर की मां समेत दो की हत्या

**चंडीगढ़।** पंजाब के बटाला में बाइक सवार लोगों ने जेल में बंद गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया की मां और उनके साथ मौजूद व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। शुक्रवार को बटाला के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुरुवार रात साढ़े नौ बजे हुई घटना के बाद घायल हरजीत कौर को अमृतसर के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी मौत हो गई। घटना सिविल लाइंस इलाके के कादियां रोड पर हुई। बटाला के पुलिस उपाधीक्षक परमवीर सिंह ने बताया, बाइक सवार लोगों ने उस समय गोलीबारी की, जब हरजीत कौर और करणवीर सिंह कार के अंदर थे।

#### छात्रा के यौन शोषण में दो शिक्षकों पर प्राथमिकी

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के बीड में 17 वर्षीय छात्रा के यौन शोषण के आरोप में कोचिंग सेंटर के दो शिक्षकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि पीड़िता द्वारा गुरुवार को शहर के शिवाजीनगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद दोनों शिक्षकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। दोनों आरोपी फरार हैं और उनकी तलाश जारी है।

#### छत्तीसगढ़ में 13 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में 22 लाख के इनामी 10 समेत 13 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि 13 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया। इसमें देवे मुचाकी ऊर्फ प्रमिला पर आठ लाख, एरिया कमेटी सदस्य कोसा ओयाम ऊर्फ राजेन्द्र पर पांच लाख, कोसी पोड़ियाम पर दो लाख का ईनाम था।

# बलभद्र, सुभद्रा संग रथ पर विराजे भगवान

## दो घंटे से अधिक समय तक चली 'पहांडी' रस्म के बाद शुरू हुई जगन्नाथ रथयात्रा, कई गणमान्य बने साक्षी

पुरी, एजेंसी

भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ शुक्रवार को दो घंटे चली 'पहांडी' रस्म के बाद अपने-अपने रथों पर विराजमान हुए। 'पहांडी' शब्द संस्कृत के 'पदमुंडनम' से आया है जिसका अर्थ है पैर फैलाकर धीमी गति से कदम उठाना। इस रस्म के तहत तीनों देवी-देवताओं की लकड़ी की मूर्तियों को 12वीं सदी के मंदिर से रथों तक लेकर जाया जाता है।

तीनों देवी-देवताओं का पहांडी चक्रराज सुदर्शन से शुरू हुआ, जिनके पीछे भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ थे। 'पहांडी' अनुष्ठान सुबह साढ़े नौ बजे के बजाय



पहांडी अनुष्ठान के दौरान जगन्नाथ मंदिर से बाहर आते भगवान जगन्नाथ।

एक घंटे की देरी से हुआ। तीनों देवी-देवताओं को मंदिर के सिंह द्वार के सामने खड़े रथों पर विराजमान किया गया जहां से उन्हें 2.6 किलोमीटर दूर श्री गुंडिचा मंदिर ले जाया जाएगा। सुदर्शन को सबसे पहले मंदिर से बाहर लाया गया व देवी सुभद्रा के 'दर्पदलन' रथ पर विराजमान किया गया।

### प्रधानमंत्री ने रथयात्रा पर लोगों को दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने 'एक्स' पर इस अवसर पर सभी के लिए सुख, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

पंडित सूर्यनारायण रथशर्मा ने बताया कि सुदर्शन भगवान विष्णु का चक्र है, जिनकी पूजा पुरी में भगवान जगन्नाथ के रूप में होती है। सुदर्शन के पीछे बलभद्र थे। बलभद्र को उनके 'तालध्वज' रथ पर विराजमान किया गया। देवी सुभद्रा को 'शून्य पहांडी' (रथ पर ले जाते समय देवी आकाश की ओर देखती हैं) नामक विशेष शोभायात्रा के माध्यम से उनके दर्पदलन रथ पर ले जाया गया। जब भगवान जगन्नाथ मंदिर से बाहर आए, तो ग्रैंड रोड पर भक्तों ने जय जगन्नाथ का नारा लगाया। गोवर्धन पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती तीन रथों पर देवताओं के विराजमान होने के बाद उनके दर्शन करने पहुंचे। ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, गजेंद्र सिंह शेखावत, पुरी के सांसद संबित पात्रा आदि पहांडी रस्म के साक्षी बने।

## गुजरात: रथयात्रा के दौरान हाथी के उत्पात से एक व्यक्ति घायल

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात के अहमदाबाद में शुक्रवार को रथयात्रा के दौरान एक हाथी अत्यधिक शोर से परेशान होने के बाद अवरोधक तोड़कर एक संकरी गली में घुस गया, जिससे मची अफरा-तफरी के दौरान एक व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

शहर के कांकरिया चिड़ियाघर के अधीक्षक आरके साहू ने बताया कि दो अन्य हथिनियों पर सवार महावतों ने हाथी का पीछा किया और उसे काबू में किया, ताकि यात्रा सुचारू रूप से आगे बढ़े। पुलिस उपायुक्त (नियंत्रण कक्ष) कोमल व्यास ने बताया कि खड़िया क्षेत्र में एक हाथी के परेशान होकर संकरी गली में घुसने से मची अफरा-तफरी में एक व्यक्ति घायल



रथयात्रा उत्सव के दौरान उत्पात मचाने वाला हाथी।

- अत्यधिक शोर से परेशान होकर अवरोधक तोड़ा, गली में घुसा

हो गया। घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यात्रा तय कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ रही है।

## हिंदी विरोधी नहीं है महाराष्ट्र, प्राथमिक छात्रों पर भाषा थोपना सही नहीं : शरद

कोल्हापुर, एजेंसी

राकांपा (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र के लोग हिंदी विरोधी नहीं हैं, लेकिन पहली कक्षा से चौथी तक के विद्यार्थियों पर यह भाषा थोपना उचित नहीं है। पवार ने कहा कि देश की 55 प्रतिशत आबादी हिंदी बोलती है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

पवार (80) की यह टिप्पणी महाराष्ट्र में भाषा विवाद के बीच आई है, जो पिछले सप्ताह राज्य सरकार द्वारा संशोधित आदेश जारी करने के बाद शुरू हुआ था। इसमें कहा गया था कि हिंदी को आम तौर पर कक्षा एक से पांच तक मराठी और



- पवार ने कहा- देश की 55% आबादी हिंदी बोलती है, इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता

अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में छात्रों को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाएगा। पवार ने कहा, पहली कक्षा से लेकर चौथी कक्षा के विद्यार्थियों पर हिंदी थोपना सही नहीं है। इस उम्र में मातृभाषा ज़्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पांचवी कक्षा के बाद ऐसा किया जाता है तो यह उनके हित में होगा, क्योंकि भारत में 55 प्रतिशत लोग हिंदी बोलते हैं।

### लहरों संग उत्सव



मुंबई के गिरगांव चौपाटी पर उच्च ज्वार के दौरान समुद्र की लहरों का आनंद लेते लोग। मानसून की फुहारों और तेज लहरों के बीच पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने प्रकृति के इस नज़ारे का रोमांचक अनुभव लिया। एजेंसी

## पेंट के कारखाने में लगी आग को 30 दमकल वाहनों ने बुझाया

**नोएडा।** शहर में पेंट बनाने के कारखाने में शुक्रवार सुबह आग लग गई और मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 30 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। एक अधिकारी ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप चौबे ने बताया कि थाना फेस-वन क्षेत्र के सेक्टर-2 में स्थित पेंट कारखाने में सुबह 6 बजे आग लग गई। घटना की सूचना पर दमकल की 7 गाड़ियां पहुंचीं। आग की विकरालता को देखते हुए आसपास के जनपदों से और कुछ निजी कंपनियों के दमकल वाहनों को बुलाया गया और 30 दमकल वाहनों की मदद से 3 घंटे के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पेंट्स तथा केमिकल निर्माण के चलते आग बुझाने में परेशानी आईं। चौबे के मुताबिक कारखाने में रखे पेंट के डिब्बे आग की चपेट में आकर फटने लगे, जिससे अन्य फैक्टरियों तक आग पहुंचने का खतरा पैदा हो गया था।

# होसबाले के बयान पर भाजपा-विपक्ष में तकरार

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्षी दलों ने संविधान की प्रस्तावना में शामिल समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा करने संबंधी आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के बयान पर दावा किया कि आरएसएस का नकाब फिर उतर गया है तथा उसे संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। वहीं, भाजपा ने होसबाले का समर्थन करते हुए कहा कि कोई भी सही सोच वाला नागरिक इसका समर्थन करेगा क्योंकि हर कोई जानता है ये शब्द डॉ. आंबेडकर द्वारा लिखे गए संविधान का हिस्सा नहीं थे।

आपातकाल पर आयोजित कार्यक्रम में होसबाले ने कहा था, आंबेडकर ने जो संविधान बनाया, उसकी प्रस्तावना में ये शब्द नहीं थे। आपातकाल के दौरान ये शब्द जोड़े गए। इस पर चर्चा हुई लेकिन उन्हें हटाने का प्रयास नहीं हुआ। होसबाले ने कहा, इसलिए उन्हें प्रस्तावना में रहना चाहिए या नहीं, इस पर विचार किया जाना चाहिए।

### सही सोच वाला इनका समर्थन करेगा

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा, कोई भी सही सोच वाला इनका समर्थन करेगा, हर कोई जानता है ये शब्द डॉ. आंबेडकर के संविधान का हिस्सा नहीं थे। भाजपा प्रस्तावना से धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्दों को हटाने का समर्थन करती है। सिंह ने कहा, जो लोग संविधान की किताब उठा रहे हैं वे इसके सबसे बड़े उल्लंघनकर्ता हैं। भाजपा प्रवक्ता अजय आलोक ने कहा कि होसबाले ने जो कहा है कि उसमें कोई दिक्कत नहीं है। अगर कोई संगठन समीक्षा की मांग उठा रहा है तो इसमें दिक्कत क्या है? आपातकाल के दौरान संविधान की आत्मा को कुचलकर और बाबासाहेब का अनादर करके धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द डाले गए। यह उस वक्त किया गया था, जब पूरा विपक्ष जेल में था।

### संविधान इन्हें चुभता है : राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'एक्स' पर कहा, संविधान इन्हें चुभता है क्योंकि वो समानता, धर्मनिरपेक्षता और न्याय की बात करता है। आरएसएस–भाजपा को संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर कहा, आरएसएस ने कभी भी संविधान को पूरी तरह स्वीकार नहीं किया। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद ने यादव ने कहा, सबसे बड़े जातिवादी और नफरत करने वाले संगठन आरएसएस ने संविधान बदलने की बात कही है। इनकी इतनी हिम्मत नहीं कि संविधान और आरक्षण की तरफ आंख उठाकर देख सकें। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने होसबाले के बयान की निंदा की।

## हिमाचल में बाढ़ : खोज और बचाव अभियान फिर से शुरू

**शिमला।** हिमाचल के कांगड़ा और कुल्लू जिलों में बुधवार को बादल फटने और अचानक आई बाढ़ के बाद लापता हुए 6 लोगों की तलाश के लिए राष्ट्रीय और राज्य आपदा मोचन बल, पुलिस और होम गार्ड के संयुक्त दल शुक्रवार सुबह फिर से अभियान में जुट गए।

अधिकारियों के अनुसार, अब तक कांगड़ा जिले में बाढ़ की चपेट में आए जलविद्युत परियोजना स्थल से पांच शव बरामद किए जा चुके हैं, वहीं तीन अन्य लापता लोगों की तलाश जारी है। इसके साथ ही कुल्लू जिले के रेहला बिहाल में बादल फटने के बाद लापता हुए तीन व्यक्तियों की भी तलाश की जा रही है। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (एडीएम) कांगड़ा शिल्पा बैक्टा ने बताया कि खनियारा गांव में मनुनी खड्ड के पास सुबह साढ़े छह बजे लापता तीन लोगों की तलाश शुरू कर दी गई। रात साढ़े नौ बजे अभियान स्थगित कर दिया गया। यह कार्य चुनौतीपूर्ण है क्योंकि मौसम खराब है, भौगोलिक स्थिति कठिन है।

## तीन राज्यों में चुनावों की निगरानी को भाजपा के चुनाव अधिकारी नियुक्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- महाराष्ट्र, उत्तराखंड और प. बंगाल में भाजपा के होने है संगठनात्मक चुनाव
- किरेन रीजीजू, हर्ष मल्होत्रा और रविशंकर प्रसाद को सौंपी गई जिम्मेदारी

भाजपा ने शुक्रवार को महाराष्ट्र, उत्तराखंड और प. बंगाल में संगठनात्मक चुनावों की देखरेख के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू, हर्ष मल्होत्रा तथा रविशंकर प्रसाद को क्रमशः महाराष्ट्र, उत्तराखंड और प. बंगाल के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पार्टी संगठन चुनावों के लिए राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण ने कहा कि तीनों सांसद इन राज्यों के अध्यक्षों और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के चुनावों के लिए केंद्रीय प्रभारी होंगे। इस नियुक्ति से पार्टी में संगठन के चुनावों के लिए पहले से जारी कवायद को पूरा करने के वास्ते एक नई गति मिलने की संभावना है, जो मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा की जगह नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के साथ समाप्त होगी। नड्डा केंद्रीय मंत्री भी हैं। संभावना है कि अगले महीने पार्टी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सहित कुछ राज्य इकाइयों के अध्यक्षों का चुनाव अगले सप्ताह होने की संभावना है और कुछ अन्य राज्य इकाइयां भी इसके तुरंत बाद ऐसा कर सकती हैं।

## एक नजर

### अल्काराज का सामना फोगनिनी से तो कोको भिड़ेंगी यास्त्रेमस्का से

**लंदन :** दूसरी रैंकिंग के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज सोमवार से यहां शुरू होने वाले विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे जिसमें उनकी निगाहें लगातार तीसरा खिताब अपनी झोली में डालने पर लगी होंगी। इस ग्रास कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए एकल ड्रॉ शुक्रवार को निकाला गया जिसमें शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिस सिनर का सामना लुका नार्डी से होगा। नोवाक जोकोविच (छठी रैंकिंग) पहले दौर में एलेक्जेंडर मुलर से भिड़ेंगे। जोकोविच ने 24 मेजर ट्रॉफियों में से सात आल इंग्लैंड क्लब में ही जीती हैं। वहीं महिलाओं के वर्ग में दूसरी नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ मंगलवार को डायना यास्त्रेमस्का के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी। फ्रेंच ओपन में अपना दूसरा मेजर खिताब जीतने वाली गॉफ का सामना दूसरे दौर में दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका से हो सकता है। तीसरे दौर में गॉफ को 28वीं वरीय सोफिया केनिन से भिड़ना पड़ सकता है जिन्होंने दो साल पहले विम्बलडन के पहले दौर में उन्हें बाहर कर दिया था।

### डब्ल्यूपीएल टीम यूपी वारियर्स ने मुख्य कोच लुईस से नाता तोड़ा

**नई दिल्ली :** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टीम यूपी वारियर्स ने मुख्य कोच जॉन लुईस से नाता तोड़ने का फैसला किया है जो 2023 से उनके साथ थे। डब्ल्यूपीएल 2025 में यूपी वारियर्स तालिका में निचले स्थान पर रही थी। टीम ने इंस्टाग्राम हैंडल पर कोच से अलग होने की जानकारी दी। फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा पहले दिन से ही आपने हम पर भरोसा किया। कोच जॉन लुइस दिल से, सयंम से और भरोसे से मार्गदर्शन करने के लिए आपका धन्यवाद। आप हमेशा वारियर्स परिवार का हिस्सा रहेंगे। इंग्लैंड के लिए एक टेस्ट, 13 वनडे और दो टी20 खेलने वाले लुईस के मार्गदर्शन में यूपी वारियर्स 2023 में टूर्नामेंट के शुरूआती सत्र में डब्ल्यूपीएल प्लेऑफ तक पहुंची थी।

### अविनाश साबले की निगाह विश्व चैंपियनशिप पर

**बेंगलुरु :** पिंडली की चोट के कारण एक साल तक परेशान रहे भारत के शीर्ष 3000 मीटर स्टीपलचेज़र अविनाश साबले अब पूरी तरह से फिट हैं और उनकी निगाहें सितंबर में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप सहित आगामी प्रतियोगिताओं में अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को बेहतर करने पर टिकी हैं। एशियाई खेलों के चैंपियन साबले इस सत्र में ऊटी में अभ्यास कर रहे हैं और भारतीय खेल प्राधिकरण के दक्षिणी केंद्र में अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने में जुटे हैं। साबले ने यहां चुनिंदा पत्रकारों से कहा पिछला साल अच्छा नहीं रहा, ऐसा भी नहीं लग रहा था कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर पाऊंगा। लेकिन इस साल मैं डायमंड लीग में भाग ले रहा हूं, इसलिए (विश्व चैम्पियनशिप के लिए) तैयारी अच्छी है। उन्होंने कहा मेरा लक्ष्य अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत समय हासिल करना है, जो आठ मिनट के करीब है।

### दीक्षा जर्मन मास्टर्स के दूसरे दौर के बाद शीर्ष 10 में

**हैम्बर्ग (जर्मनी) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने यहां अमुंडी जर्मन मास्टर्स के दूसरे दौर में इवन पार 73 का कार्ड खेला जिससे वह शीर्ष 10 में बनी हुई हैं। दीक्षा ने पहले दौर में 69 का कार्ड बनाया था और वह पहले दिन संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर थीं। लेकिन 36 होल में चार अंडर के स्कोर से वह संयुक्त छठे स्थान पर पहुंच गई। अन्य भारतीयों में वाणी कपूर दूसरे दौर में एक अंडर 72 के कार्ड से संयुक्त 24वें स्थान पर बनी हुई हैं। अवनि प्रशांत संयुक्त 39वें और त्वेसा मलिक संयुक्त 52वें स्थान पर हैं। इन दोनों को दीक्षा और वाणी के साथ कट हासिल करने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना होगा। स्नेहा सिंह और अमनदीप द्राल संयुक्त 106वें, हिताशी बख्शी संयुक्त 114वें, नेहा त्रिपाठी संयुक्त 129वें और विधात्री उर्स संयुक्त रूप से 131वें स्थान पर बनी हुई हैं।

### अनीश भानवाला ने रैपिड फायर पिस्टल ट्रायल जीता

**देहरादून :** ओलंपियन अनीश भानवाला ने ग्रुप ए राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के तीसरे और चौथे राष्ट्रीय चयन ट्रायल में पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में लगातार दूसरा ट्रायल जीता जबकि तमिलनाडु की नर्मदा नितिन ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में बाजी मारी। नर्मदा ने 24 शॉट के फाइनल में 253 .7 अंक बनाकर विश्व कप फाइनल रजत पदक विजेता सोनम उत्तम मस्कर को 1 .7 अंक से हराया। दिल्ली की राजश्री अनिल कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। क्वालीफिकेशन में नर्मदा छठे स्थान पर रही थीं। विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेत मेहुली घोष क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही थी।

### दूसरी श्रेणी में खिसकने से बचने की कोशिश करेगी महिला हॉकी टीम

**बर्लिन :** भारतीय महिला हॉकी टीम चीन के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में जीत हासिल करके लगातार छह हार के सिलसिले को तोड़कर एफआईएच प्रो लीग से बाहर होने से बचना चाहेगी। भारतीय महिला टीम वर्तमान में 14 मैचों में 10 अंकों के साथ नौ टीमों की तालिका में सबसे निचली पायदान पर है और उस पर 2026 में दूसरी श्रेणी के एफआईएच नेशंस कप में खिसकने का खतरा मंडरा रहा है। हॉकी इंडिया ने जब हरेंद्र सिंह को फिर से टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया था तब किसी ने भी नहीं सोचा था कि टीम इस स्थिति में पहुंच जाएगी। लेकिन इस साल के शुरू में घरेलू चरण में अपेक्षाकृत अच्छा प्रदर्शन करने वाली भारतीय महिला टीम टूर्नामेंट के यूरोपीय चरण में ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना और बेल्जियम के खिलाफ लगातार छह मैच हार गई।

# सिर पर चोट लगने से खिलाड़ी सात दिन रहेगा बाहर

## अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सभी प्रारूपों में नये नियमों की घोषणा की, वाइड-बाल का बदला नियम गेंदबाजों की करेगा मदद

**दुबई, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को सभी प्रारूपों में खेलने के लिए नए नियमों की घोषणा करी दी। इसमें 'कनकशन' से चोटिल होने वाले खिलाड़ियों के लिए न्यूनतम सात दिन का 'स्टैंड डाउन' समय, सीमित ओवरों के क्रिकेट में वाइड गेंद के नए नियम का ट्रायल और बाउंड्री पर कैच के संबंध में बदलाव शामिल हैं। क्रिकेट की वैश्विक संचालन संस्था ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि टेस्ट के लिए नए नियम 2025-2027 डब्ल्यूटीसी चक्र से लागू होंगे जिसकी शुरुआत श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में पहले टेस्ट के साथ हुई थी।

इन दोनों देशों के बीच आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला वनडे और टी20 अंतर्राष्ट्रीय के लिए नए खेलने के नियमों की शुरुआत करेगी। श्रीलंका और बांग्लादेश दो जुलाई से तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला खेलेंगे, जिसके बाद 10 जुलाई से तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला शुरू होगी।

**'कनकशन' पर दो नियम :** 'कनकशन' (सिर पर चोट) प्रोटोकॉल के संदर्भ में आईसीसी ने कहा कि इसमें दो बदलाव किए गए हैं। पहला तो टीमों को अब हर मैच के लिए 'कनकशन' स्थानापन्न खिलाड़ी को नामांकित करना होगा। आईसीसी ने साथ ही घोषणा की कि किसी भी खिलाड़ी को 'कनकशन' होने की स्थिति में न्यूनतम सात दिन तक खेल से बाहर (स्टैंड डाउन) रहना होगा। आईसीसी ने कहा मैच के दौरान कनकशन होने की स्थिति में खिलाड़ी को खेलने के लिए वापस आने से पहले कम से कम सात दिन की न्यूनतम 'स्टैंड डाउन' अवधि का पालन करना होगा। यह बदलाव आईसीसी की चिकित्सा सलाहकार समिति की सिफारिश के बाद किया गया ताकि खिलाड़ियों की सुरक्षा और भलाई का ध्यान रखा जाए। आईसीसी ने कहा कि पूर्ण सदस्यों देशों द्वारा इन दोनों नए नियमों का ट्रायल अक्टूबर 2025 से शुरू होकर छह महीने तक किया जाएगा।

**वाइड-बॉल नियम :** वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए एक नया 'वाइड-बॉल' नियम लागू किया गया है। जिसे गेंदबाज की मदद के लिए लाया जा रहा है। आईसीसी ने कहा ट्रायल में गेंद डालते समय बल्लेबाज के पैरों की स्थिति को अब वाइड गेंद के लिए 'संदर्भ बिंदु' (रेफरेंस प्वाइंट) के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा, भले ही बल्लेबाज बाद में ऑफ साइड की ओर मुड़ जाए। ईसीसी की क्रिकेट समिति के मीडिया प्रतिनिधि दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान शॉन पोलाक ने इस साल जनवरी में पीटीआई को बताया था कि क्रिकेट की संचालन संस्था वाइड गेंद पर गेंदबाजों को थोड़ी अधिक छूट देने के लिए काम कर रही है। आईसीसी ने कहा कोई भी लेग साइड वाली गेंद जो बल्लेबाज के पैरों के पीछे से होकर जाती है और लाइन से बाहर होती है, उसे भी वाइड कहा जा सकता है।

**गंभीर चोट लगने पर बदलेगा खिलाड़ी :** एक और नियम का ट्रायल घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकट में किया जाना है। इसमें टीमें अंतिम एकादश में चुने के बाद किसी खिलाड़ी के गंभीर रूप से चोटिल होने के बाद उसकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल कर सकती हैं। आईसीसी ने कहा मैच शुरू होने के बाद किसी भी समय (किसी भी मैच पूर्व अभ्यास सहित) अगर खेल के मैदान पर कोई खिलाड़ी गंभीर रूप से चोटिल हो जाता है तो मैच के बचे हुए हिस्से में खेलने के लिए उसके समान किसी भी खिलाड़ी द्वारा उसे बदला जा सकता है। संचालन संस्था ने टेस्ट क्रिकेट में 'स्टॉप क्लॉक लाना', बाउंड्री कैच के नियम में बदलाव और वनडे मैच में 34वें ओवर के बाद केवल एक गेंद का नियम लागू करने के अन्य बड़े बदलावों की भी घोषणा की है।

### कैच का नियम बदला

आईसीसी ने कैच का नियम भी बदला है। गेंद पैड पर लगी हो तो टीवी अंपायर पगबाधा की भी जांच करेंगे। अगर बल्लेबाज पगबाधा आउट है तो उसे आउट दे दिया जाएगा। यह नियम भी तीनों रूपों में लागू होगा। नये नियम के तहत संदिग्ध कैच की जांच की जाएगी।



सिर पर चोट की सांकेतिक फोटो।

### अब ऐसा होगा पावर प्ले

आईसीसी ने टी-20 मैचों के लिए नए पावरप्ले नियमों में बदलाव किए हैं। इनमें यह स्पष्ट किया गया है कि अगर बारिश या किसी अन्य वजह से मैच के ओवर कम किए गए हैं तो पावरप्ले के ओवर भी उसी आधार पर कम कर दिए जाएंगे। नये नियम के तहत वर्षा प्रभावित मैचों में पांच ओवर के मैच के लिए 1 .3 ओवर का पावरप्ले होगा। छह ओवर के लिए 1 .5, सात ओवर के लिए 2 .1, आठ ओवर के लिए 2 .2, नौ ओवर के लिए 2 .4, दस ओवर के लिए तीन ओवर, 11 ओवर के लिए 3 .2, 12 ओवर के लिए 3 .4, 13 ओवर के लिए 3 .5, 14 ओवर के लिए 4 .1, 15 ओवर के लिए 4 .3, 16 ओवर के लिए 4 .5, 17 ओवर के लिए 5 .1, 18 ओवर के लिए 5 .2 तथा 19 ओवर के लिए 5 .4 ओवर पावरप्ले के होंगे। इस दौरान ओवर के बीच हुए बदलाव को लेकर अंपायर संकेत देंगे। ये नियम जुलाई से लागू होंगे। यह नियम इंग्लैंड के टी-20 टूर्नामिंट में कई सालों से उपयोग किया जा रहा है, जहां ओवर के बीच में पावरप्ले समाप्त होने से खिलाड़ियों या मैच अधिकारियों को कोई परेशानी नहीं होती है।

### शार्ट रन लेने पर जुर्माना



इस तरह क्रिकेट के तीनों प्रारूपों के लिए शॉर्ट रन का नियम भी बदला है। जानबूझकर शॉर्ट रन लेने पर पहले पांच रन का जुर्माना लगता था। अब अगर बल्लेबाज अतिरिक्त रन चुराने के लिए जानबूझकर रन पूरा नहीं करता तो अंपायर क्षेत्ररक्षण टीम से पूछेंगे कि वे पिच पर मौजूद दोनों में से किस बल्लेबाज को स्ट्राइक पर चाहते हैं। पांच रन के जुर्माना वाला नियम भी लागू रहेगा।

### लार पर प्रतिबंध जारी

गेंद पर लार लगाने पर प्रतिबंध जारी रहेगा। गलती से लार लगाने पर गेंद बदलना अनिवार्य नहीं होगा। अंपायर केवल उसी स्थिति में गेंद बदलेंगे जब गेंद बहुत गीली हो या उसमें अतिरिक्त चमक हो। यह फैसला अंपायर के विवेक पर निर्भर होगा। अगर उसे लगता है कि गेंद की स्थिति में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है तो इसे नहीं बदला जाएगा। यह नियम भी तीनों प्रारूपों के लिए है।

### ओवर-रेट पर नियंत्रण

टेस्ट क्रिकेट में ओवर-रेट पर नियंत्रण के लिए स्टॉप क्लॉक का उपयोग, नो-बॉल पर भी कैच की वैधता जांचना, घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में खिलाड़ी स्थानांतरण की मंजूरी देना तथा पुरुष अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने की शर्तों में किए गए कुछ अन्य प्रमुख बदलाव हैं। इनमें से कुछ नए नियम विश्व टेस्ट टेस्ट चैंपियनशिप (2025-27) के नए चक्र में पहले से लागू हो चुके हैं। सफेद गेंद क्रिकेट से संबंधित नियम दो जुलाई से प्रभावी होंगे। टी-20 प्रारूप में पावरप्ले के दौरान केवल दो खिलाड़ी ही 30 गज के बाहर होते हैं। इसके बावजूद टी 20 मैचों को और स्पष्ट और निष्पक्ष बनाने के लिए इसे सख्ती से लागू करने की बात कही गई है।

# सूर्यवंशी का धमाल, भारत ने इंग्लैंड को छह विकेट से हराया

**होव, एजेंसी**

- भारत ने अंडर-19 में पहला मुकाबला जीतकर सीरीज में 1-0 से बढ़त बनाई



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार प्रदर्शन से उत्साहित युवा वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे ने शुक्रवार को यहां गेंदबाजों की अच्छी गेंदबाजी के बाद बल्ले से धमाल मचाया जिससे भारत ने अंडर-19 दौरे के पहले वनडे में इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की।

भारतीय गेंदबाजी इकाई ने कनिष्क चौहान (20 रन देकर तीन विकेट) और मोहम्मद एनान (37 रन देकर दो विकेट) की स्पिन जोड़ी के नेतृत्व में तेज गेंदबाजों आरएस अंबरीश (24 रन देकर दो विकेट) और हेनिल पटेल (41 रन देकर दो विकेट) के साथ मिलकर शानदार प्रदर्शन किया। रॉकी फ्लिंटॉफ (90 गेंद में 56 रन) के जुझारू अर्धशतक के बावजूद इंग्लैंड की टीम 42.2 ओवर में 174 रन पर सिमट गई। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने सूर्यवंशी और म्हात्रे की बदौलत धमाकेदार शुरुआत की जिन्होंने सात ओवर में बिना किसी नुकसान के 70 रन बना लिए। भारत ने यह मैच महज 24 ओवर में जीत लिया और पांच मैच की श्रृंखला में बढ़त बना ली। वनडे सीरीज के बाद 12 जुलाई से दो युवा टेस्ट मैच खेले जाएंगे। सूर्यवंशी शानदार फॉर्म में थे, उन्होंने छठे ओवर में जैक होम की गेंदों पर तीन छक्के जड़े और फिर जेम्स मिंटो की गेंदों को धुनते हुए 18 गेंद में 48 रन बना डाले। पर उनकी तूफानी पारी अगली ही गेंद पर समाप्त हो गई। स्पिनर राल्फी अल्बर्ट की गेंद पर स्लॉग स्वीप करने की कोशिश की और ताजीम चौधरी अली के हाथों लपके गए।

# विश्व कप की तैयारी होगी इंग्लैंड से मुकाबले में

**नॉटिंघम, एजेंसी**

### पहला टी20 मैच आज शाम 7:00 बजे से



- पांच टी20 मैचों की सीरीज खेलकर भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के वातावरण में ढलने का प्रयास करेगी

**टीम**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

**इंग्लैंड :** नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, एमी जोन्स (विकेट कीपर), पैगे स्कोल्फील्ड, लिंसी स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज, इसी वोंग।

भारतीय महिला टीम अगले साल होने वाले विश्व कप से पहले इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान परिस्थितियों और मैच स्थलों की विशेषताओं को समझने की कोशिश करेगी।

आईसीसी विश्व कप के आयोजन में अभी लगभग एक साल का समय है, लेकिन पिछले साल ग्रुप चरण में बाहर होने वाली भारतीय टीम के लिए यह श्रृंखला बेहद महत्वपूर्ण है। भारतीय टीम प्रबंधन यहां की पिचों की प्रकृति और बदलते मौसम का खेल पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करना चाहेगा। टीम प्रबंधन को इसके साथ ही यह पता करने का भी मौका मिलेगा कि इस तरह की परिस्थितियों में किस तरह के खिलाड़ी प्रभाव डाल सकते हैं। विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा की वापसी के अलावा भारत ने क्रांति गौड़, श्री चरणी और सयाली सतघरे जैसे कुछ नए चेहरों को अपनी टीम में शामिल किया है। पूरी संभावना है कि शैफाली को स्मृति मंधाना के साथ पारी का आगाज करने का मौका दिया जाएगा, क्योंकि उमा छेत्री कुछ मैचों में सलामी बल्लेबाज के रूप में प्रभावित नहीं कर पाई थी।

भारत का यह इस साल का पहला टी20 मैच है और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर अमनजोत कौर की वापसी पर सबकी निगाहें रहेंगी। राणा फरवरी 2023 के बाद टीम में वापसी कर रही हैं और इस साल की महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में अच्छे प्रदर्शन से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। भारत को हालांकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर की कमी खलेगी, जो चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला से बाहर हैं। ऐसे में टीम प्रबंधन को अपनी युवा खिलाड़ियों से अच्छा प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। भारतीय टीम की इस दौरे की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही और उसे दोनों अभ्यास मैच में हार का सामना करना पड़ा। अब उसका मुकाबला नैट साइवर-ब्रंट की अगुआई वाली मजबूत टीम से होगा। इंग्लैंड की टीम में एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट, डैनी व्याट-हॉज और सोफी एक्लेस्टोन जैसे कई अनुभवी खिलाड़ी हैं।



कोलंबो में श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या शॉट खेलते हुए। ● एजेंसी

# श्रीलंका पारी की जीत से चार विकेट दूर

**कोलंबो (श्रीलंका), एजेंसी**

बांग्लादेश ने शुक्रवार को यहां दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में छह विकेट गंवाकर 115 रन बनाए जिससे श्रीलंका को पारी से जीत दर्ज करने के लिए महज चार विकेट की दरकार है।

श्रीलंका ने पहली पारी में 458 रन बनाकर 211 रन की बढ़त हासिल की थी जबकि बांग्लादेश की टीम अब भी 96 रन से पीछे है और उसके सिर्फ चार विकेट बाकी हैं। बांग्लादेश की टीम पहली पारी में 247 रन पर सिमट गई थी। बांग्लादेश ने दूसरी पारी में अनामुल हक (19), शादमान इस्लाम (12), मोमिनुल हक (15), कप्तान नजमुल हुसैन शांटो (26), मुश्फिकुर रहीम (26) और मेहदी हसन मिराज (11) के विकेट गंवा दिए। स्टंप तक लिटन दास 13 रन बनाकर खेल रहे थे। श्रीलंका के कप्तान धनंजय डिसिल्वा (दो विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या (दो विकेट) ने दो दो विकेट झटके। इससे पहले श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका (158 रन) ने लगातार दूसरे टेस्ट मैच में 150 से ज्यादा रन बनाए और श्रीलंका को बढ़त हासिल करने में मदद की।

# प्रशंसक की यात्रा का खर्च उठाएंगे नीरज

**नई दिल्ली :** एक प्रशंसक ने बुधवार को पहला एनसी क्लासिक टूर्नामेंट देखने की इच्छा जताते हुए सोशल मीडिया पर 2000 रुपये देने का अनुरोध किया और जवाब में भालाफेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने खुद उनकी बेंगलुरु यात्रा का पूरा खर्च उठाने का वादा किया। चोपड़ा ने प्रशंसक को पूरा वीवीआईपी अनुभव देने का वादा किया।

# राष्ट्रीय खेलों की पदक विजेता ट्विंकल डोपिंग के लिए निलंबित

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय खेलों में कई पदक जीतने वाली मध्यम दूरी की धाविका ट्विंकल चौधरी को प्रतिबंधित स्टेरॉइड के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद 'एथलेटिक्स इंटीग्रिटी' इकाई (एआईयू) ने अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। अठाईस साल की ट्विंकल ने इस साल के शुरू में उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों के चार गुणा 400 मीटर महिला रिले स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 800 मीटर दौड़ में रजत और चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले में कांस्य पदक भी जीता था। ट्विंकल को प्रतिबंधित एनाबोलिक स्टेरॉइड मिथाइलटेस्टोस्टेरोन का पॉजिटिव पाया गया है।

एआईयू ने अपने अपडेट में कहा कि ट्विंकल को आरोपों का नोटिस जारी किया गया है। अगला कदम इस मामले की सुनवाई होगी जिसमें इस एथलीट को अपनी बात स्पष्ट करने का मौका मिलेगा। जालंधर की रहने वाली ट्विंकल ने अप्रैल में कोच्चि में 28वीं राष्ट्रीय महासंघ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 800 मीटर स्पर्धा में 2:00.71 सेकेंड के समय के साथ नया मीट रिकॉर्ड बनाया था। इस महीने के शुरू में उन्होंने ताइवान ओपन में 800 मीटर स्पर्धा में 2:06.96 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता था। मई में वह एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप की इसी स्पर्धा में चौथे स्थान पर रही थीं। इस ताजा निलंबन से देश की मुसीबतें बढ़ना जारी है।

# यूरोप जाने के पहले ही संन्यास का लिया था फैसला : ललित

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पहली बार हॉकी थामी तो मकसद बेरोजगार पिता और सिलाई करके घर चलाने वाली मां की मदद करना था लेकिन दो ओलंपिक पदक जीतने वाले ललित उपाध्याय को खुशी है कि देश के लिए कुछ करने का जरिया यह खूबसूरत खेल बना। तोक्यो तथा पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे अनुभवी मिडफील्डर ललित ने एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के बाद अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से विदा ले ली। ललित ने खेल से संन्यास के बाद भाषा को दिए इंटरव्यू में कहा करीब 32 साल की उम्र हो गई है और मुझे लगा कि अब समय आ गया है कि विदा ले लेनी चाहिए। मैं यही चाहता था कि शिखर पर रहकर ही विदा लूं और लिगामेंट चोट के बावजूद मेरी फिटनेस और फॉर्म अच्छा रहा है।

**कोई दबाव नहीं था :** यह क्या उन पर संन्यास का दबाव था, उन्होंने कहा यह फैसला मैंने खुद लिया है। मैं खुद को खींचना नहीं चाहता था। मुझे हरमनप्रीत समेत कई लोगों ने रोका लेकिन मैंने मन बना लिया था। मैं बनारसी फक्खड़ हूं और एक बार सोच लिया तो फिर सोच लिया। भारत के लिए 183 मैचों में 67 गोल कर चुके ललित ने कहा मैं खुश हूं कि हॉकी इंडिया ने काफी सम्मान और मौके दिए। टीम का अच्छा साथ रहा। लेकिन अब समय हो गया था। एफआईएच प्रो लीग के लिए यूरोप जाने से पहले ही मैं सोच रहा था कि अब छोड़ दूंगा। लेकिन घरेलू हॉकी और लीग खेलता रहूंगा। प्रो लीग के यूरोप चरण में भारत को एकमात्र जीत बेल्जियम के खिलाफ आखिरी मैच में मिले और जीतकर सीधे विश्व कप के लिये क्वालीफाई करने का सपना भी टूट गया।

**स्टिंग में आया था नाम :** उत्तर प्रदेश पुलिस में उप अधीक्षक ललित को कैरियर के पहले ही कदम पर झटका लगा जब एक स्टिंग आपरेशन में अनजाने ही उनका नाम आया। एक टीवी चैनल के रिपोर्टर ने तत्कालीन भारतीय हॉकी महासंघ सचिव के ज्योतिकुमारन के सामने एक खिलाड़ी को भारतीय टीम में जगह देने की एवज में प्रायोजन प्रस्ताव रखा और वह खिलाड़ी ललित था। उस घटना को अपने कैरियर की सबसे कड़वी याद बताते हुए ललित ने कहा मैं 17 बरस का था और भारत के लिए खेलने का सपना लेकर आया था। उस घटना के बाद टीम से बाहर हुआ था।

### मां की मदद करने के लिए अपनाई थी हॉकी

ओलंपिक पदक, एशियाई खेल 2022 में स्वर्ण पदक और 2022 राष्ट्रमंडल खेल रजत समेत कई उपलब्धियां अर्जित कर चुके ललित ने कहा कि जब उन्होंने शुरूआत की तब एकमात्र लक्ष्य अपनी मां की घर चलाने में मदद करना था। उन्होंने कहा परिवार की स्थिति बहुत खराब थी। पापा की कपड़े की छोटी सी दुकान बंद हो गई थी और मां सिलाई करके घर चलाती थी। ऐसे में बेहतर भविष्य की तलाश में और नौकरी पाने के लिए हॉकी थामी थी। मैं और बड़ा भाई डेबोर्डिंग में रहते थे तो ढाई . तीन सौ रुपये मिलते थे जिससे मम्मी को सिलाई मशीन दिलाई थी। उन्होंने कहा स्टिंग में नाम आने के बाद घर भी नहीं जा सकता था कि लोग क्या कहेंगे। ऐसे में मां ने कहा कि सही हो तो हॉकी मत छोड़ना। अच्छा खेलकर नौकरी हासिल कर लो और तभी मैचे सोचा कि अब भारत के लिये हर हालत में खेलना है। इसके बाद एयर इंडिया के लिये खेला और लोगों ने मेरी प्रतिभा को पहचानना शुरू किया।

## भारतीय नौसेना की शान



भारतीय नौसेना का स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस टेग दक्षिण पश्चिमी हिंद महासागर क्षेत्र में परिचालन तैनाती के तहत पोर्ट विक्टोरिया में है। इस पोर्ट कॉल का उद्देश्य भारत और सेशेल्स के बीच समुद्री सुरक्षा सहयोग और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करना है। आईएनएस टेग सेशेल्स तटरक्षक बल के साथ आधिकारिक बातचीत और संयुक्त निगरानी अभियानों में भी शामिल होगा। **एजेंसी**

# भारत में भाषाओं का विवाद

## आजादी जितना ही पुराना है

भारत की भाषाई विविधता एक ओर जहां उसकी सांस्कृतिक समृद्धि की प्रतीक है, वहीं दूसरी ओर यही विविधता समय-समय पर विवादों और राजनीतिक बहस का कारण भी बनती रही है। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कामकाज में हिंदी को बढ़ावा देने की नीति और कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं में हिंदी-अंग्रेज़ी का वर्चस्व एक बार फिर से भाषाई असंतुलन की बहस को तेज कर रहा है। तमिलनाडु, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और कई पूर्वोत्तर राज्यों में क्षेत्रीय दलों और सामाजिक संगठनों का आरोप है कि केंद्र सरकार हिंदी को राष्ट्रीय भाषा की तरह प्रस्तुत कर रही है, जबकि संविधान में स्पष्ट है कि भारत की कोई राष्ट्रभाषा नहीं है। विरोधी इसे हिंदी थोपने की नीति बता रहे हैं, जिससे गैर-हिंदी भाषी राज्यों की संस्कृति, शिक्षा और प्रशासनिक स्वायत्तता को खतरा है। जानिए क्या है भाषा विवाद का इतिहास और एक फिर कैसे ये राजनीतिक मुद्दा बन रहा है।




### फिर बना राजनीतिक मुद्दा

हाल ही में केंद्र सरकार के हिंदी प्रोत्साहन कार्यक्रमों का फिर दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत में विरोध हो रहा है। यूपीएससी और अन्य परीक्षाओं में भी हिंदी व अंग्रेजी को प्राथमिकता देने को लेकर क्षेत्रीय भाषाओं की अनदेखी का आरोप लग रहा है। फिल्म, मीडिया, ओटीटी और शिक्षा में हिंदी की प्रधानता को हिंदी थोपने के रूप में देखा जा रहा है।

### भारत की सैकड़ों भाषाएं

जनगणना 2011 के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक भारत में 122 प्रमुख भाषाएं और 1599 उपभाषाएं बोली जाती हैं। लगभग 22 भाषाएं संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल हैं जिन्हें सरकारी मान्यता प्राप्त है। देश में करीब 44 प्रतिशत लोग हिंदी बोलते हैं। इसके अलावा प्रमुख भाषाओं में बंगाली, मराठी, तेलुगु, तमिल, गुजराती, उर्दू, कन्नड़, उड़िया और पंजाबी भाषाएं शामिल हैं।

### भाषा विवाद का इतिहास

भारत में 1960 के दशक में हिंदी विरोध आंदोलन हुआ था। 1965 में हिंदी को राष्ट्रीय भाषा के रूप में लागू करने का प्रयास हुआ जिसका दक्षिण भारत खासतौर पर तमिलनाडु में भारी विरोध हुआ। इसी दौरान हिंदी थोपने के खिलाफ द्रविड़ आंदोलन का उभार हुआ। इसके बाद केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया कि अंग्रेजी और हिंदी दोनों आधिकारिक भाषाएं बनी रहेंगी।

### अलग-अलग मत

- कुछ लोगों का मानना है कि हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का कोई ठोस प्रयास नहीं हो रहा, बल्कि यह एक स्वाभाविक रूप से बढ़ती भाषा है। इसके अलावा अंग्रेजी पहले से सभी क्षेत्रों में प्रभावी है, लिहाजा हिंदी वर्चस्व की बात अतिरंजित है।
- हिंदी समर्थकों का कहना है कि एक राष्ट्र, एक भाषा से राष्ट्रीय एकता मजबूत होगी। हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाना जरूरी है। दक्षिण भारतीय और द्रविड़ पार्टियों का कहना है कि हिंदी थोपना लोकतंत्र और क्षेत्रीय संस्कृति के खिलाफ है। बहुभाषी नीति ही भारत के लिए उचित है।
- पूर्वोत्तर राज्य अपनी भाषाओं को भी संवैधानिक मान्यता और संरक्षण देने की आवाज उठाते रहे हैं। उधर, शिक्षाविदों और भाषा विशेषज्ञों का कहना है कि मातृभाषा में शिक्षा सर्वोत्तम होती है। साथ ही क्षेत्रीय भाषाओं को सशक्त बनाना चाहिए।
- नई शिक्षा नीति 2020 में मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा पर जोर, लेकिन क्रियान्वयन कठिन। डिजिटल माध्यम हिंदी और अंग्रेजी पर केंद्रित, इसलिए क्षेत्रीय भाषाएं पिछड़ रही हैं। एआई तकनीकी उपकरणों में हिंदी का वर्चस्व।

## एक नजर

### हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट के घर में चोरी

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस शहर में एक घर में सेंधमारी और चोरी की घटना सामने आई है जो दिग्गज हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट का बताया जाता है। पिट फिलहाल अपनी नयी फिल्म "एफ1" के प्रचार के लिए विदेश यात्रा पर हैं। लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग ने पुष्टि की कि बुधवार रात 11 बजे उसे लॉस फेलिज में नॉर्थ एजमोंट स्ट्रीट में स्थित घर में हुई सेंधमारी के बारे में सूचना मिली। अधिकारी ड्रेक मेडिसन ने कहा कि तीन संदिग्ध आगे की खिड़की से घर में घुसे, चोरी की और कई चीजें लेकर भाग गए। मेडिसन ने कहा कि अभी चोरी हुई चीजों के बारे में भी जानकारी नहीं मिली है।

### कोलंबिया भूस्खलन में मृतकों की संख्या 14 हुई

**बोगोटा।** उत्तर-पश्चिमी कोलंबिया में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गयी है तथा अन्य 12 अभी भी लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि भूस्खलन की चपेट में आने से कई लोग घायल हो गये हैं और करीब एक हजार लोग बेघर हो गये हैं। मेयर लोरेना गोंजालेज ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राहत और बचाव दल बेलो शहर के प्रभावित एल पिनार इलाके में चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं, ताकि जीवित बचे हुए लोगों की तलाश की जा सके। गोंजालेज ने कहा, बचाव ऑपरेशन जारी है।

### पाकिस्तान में भारी वर्षा के कारण सात लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में भारी बारिश के कारण पिछले 24 घंटों में सात लोगों की मौत हो गई और 27 घायल हो गए। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने देर रात बताया कि झेलम नदी में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई। ओकारा और बहावलनगर में वर्षा जनित घटनाओं में एक-एक बच्चे की मृत्यु की खबर है। मुजफ्फरगढ़ में दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गयी और खानेवाल में बिजली गिरने से एक जान चली गई।

### रूस-यूक्रेन ने एक दूसरे पर दागे लंबी दूरी वाले ड्रोन

**कीव।** रूसी सेना ने बृहस्पतिवार और शुक्रवार की दरमियानी रात यूक्रेन पर 363 ड्रोन एवं आठ मिसाइलों से हमला किया, इनमें शाहिद और डिकॉय ड्रोन शामिल हैं। इसके साथ ही यूक्रेन की वायु सेना ने चार ड्रोन को छोड़कर बाकी ड्रोनों और छह क्रूज मिसाइलों को मार गिराया है। इस बीच, रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रात भर कई क्षेत्रों में 39 यूक्रेनी ड्रोन गिराए गए, जिनमें रोस्तोव क्षेत्र में 19 और वोल्गोग्राद क्षेत्र में 13 ड्रोन शामिल हैं। दोनों क्षेत्र यूक्रेन के पूर्व में स्थित है।

# अमेरिका से बातचीत के मूड में नहीं ईरान

## विदेश मंत्री अराघची ने कहा- अमेरिकी हमलों से मामला जटिल, वार्ता के लिए कोई समझौता भी नहीं

**दुबई, एजेंसी**

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अपने तीन परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमले से गंभीर क्षति की बात स्वीकार करते हुए कहा है कि उनके देश के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका के साथ नई वार्ता की संभावना जटिल हो गई है। अमेरिका 2015 के उस परमाणु समझौते में शामिल पक्षों में से एक था, जिसमें ईरान ने प्रतिबंधों में राहत और अन्य लाभों के बदले अपने यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम का दायरा सीमित रखने पर सहमति जताई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान एकतरफा रूप से अमेरिका के इस समझौते से बाहर निकल जाने के बाद यह समझौता विफल हो गया था। ट्रंप ने संकेत दिया है कि वह ईरान के साथ नए सिरे से वार्ता में रुचि रखते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष अगले सप्ताह मिलेंगे।

ईरान के सरकारी टेलीविजन पर बृहस्पतिवार को प्रसारित एक साक्षात्कार में विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इस संभावना को खुला छोड़ दिया कि उनका देश अपने परमाणु कार्यक्रम के मुद्दे पर फिर से वार्ता में शामिल होगा, हालांकि उन्होंने इस बात के संकेत दिए कि यह वार्ता जल्दी नहीं होगी। उन्होंने कहा, वार्ता फिर से शुरू करने के लिए कोई सहमति नहीं की गई है, न कोई समय निर्धारित किया गया है, न ही कोई वादा नहीं किया गया है। हमने वार्ता को फिर से शुरू करने के बारे में भी बात नहीं की है। अराघची ने कहा कि सैन्य हस्तक्षेप करने के अमेरिकी निर्णय ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर वार्ता को और अधिक जटिल और कठिन बना दिया है।

उधर, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निदेशक राफेल ग्रॉसी ने रेडियो 'फ्रांस इंटरनेशनल' से कहा कि अगर यह सच भी हो जाए, तो भी फोर्दो के ठिकाने को हुआ नुकसान "बहुत, बहुत, बहुत अधिक है"। अराघची ने खुद स्वीकार किया कि 'नुकसान का स्तर बहुत ज्यादा है, और यह गंभीर क्षति है।' उन्होंने कहा कि ईरान ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि नुकसान का आकलन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निरीक्षकों को अंदर आने दिया जाए या नहीं, हालांकि उन्होंने कहा कि उन्हें फिलहाल बाहर रखा जाएगा।

इजराइली सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल एफी डेफ्रिन ने शुक्रवार को कहा कि कुछ क्षेत्रों में वह अपने परिचालन लक्ष्यों से आगे निकल गया है, लेकिन सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हम किसी भ्रम में नहीं हैं, दुश्मन ने अपने इरादे नहीं बदले हैं। हालांकि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति पर नुकसान को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने का आरोप लगाया था।



तेहरान एविन जेल में इजराइली हमले के बाद तबाही की तस्वीर। फाइल फोटो

### परमाणु अप्रसार संधि से निकलने पर कर रहे हैं विचार

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराग्ची ने कहा है कि परमाणु ठिकानों को हुए गंभीर नुकसान का आकलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फिलहाल अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रोसी को ईरान आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ईरानी संसद परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) से बाहर होने पर विचार कर रही है। विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका और इजराइल ने यह युद्ध शुरू किया जबकि ईरान परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत को तैयार था।

### हमले से पहले ही फोर्डो से हटा दिया था यूरेनियम भंडार

**तेहरान।** ईरान ने अपने समृद्ध यूरेनियम भंडार को 22 जून के अमेरिकी हवाई हमलों से पहले फोर्डो केन्द्र से स्थानांतरित कर दिया था। यह जानकारी फाइनेंशियल टाइम्स ने शुक्रवार को यूरोपीय अधिकारियों द्वारा साझा किए गए प्रारंभिक खुफिया आकलन के आधार पर दी। ईरान इंटरनेशनल के अनुसार, अगर इस कदम की पुष्टि हो गई तो इसका मतलब होगा कि ईरान का 60% शुद्धता वाला समृद्ध यूरेनियम का 408 किलोग्राम का अधिकांश भंडार सुरक्षित है। हांलाकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिकी हमलों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट कर दिया है। फाइनेंशियल टाइम्स ने यूरोपीय संघ अधिकारियों के हवाले से कहा कि जिस समय हमला हुआ उस समय ईरान का भंडार संभवत: कई स्थलों पर वितरित था और फोर्डो में केंद्रित नहीं था। एक प्रारंभिक खुफिया रिपोर्ट में बताया गया कि क़ोम के निकट भूमिगत फ़ोर्डो सुविधा में व्यापक क्षति हुई है, लेकिन पूरा विध्वंस नहीं हुआ।

### ईरान ने पूर्ण हवाई क्षेत्र खोलना आज तक के लिए टाला

**तेहरान।** ईरान ने अपने हवाई क्षेत्र को पूरी तरह से खोलने का निर्णय शनिवार दोपहर तक के लिए स्थगित कर दिया है। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने शुक्रवार को ईरानी सड़क एवं शहरी विकास मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अखवान के हवाले से कहा कि यह निर्णय यात्रियों और उड़ानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा देश के पूर्वी हवाई क्षेत्र को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए पुन: खोलने के मद्देनजर लिया गया है। उन्होंने कहा कि देश के उत्तरी, दक्षिणी और पश्चिमी भागों में हवाई क्षेत्र शनिवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर 14:00 बजे (1030 जीएमटी) तक बंद रहेगा।

# कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक विधि महाविद्यालय की एक छात्रा के साथ संस्थान के भीतर एक पूर्व छात्र ने बलात्कार किया, दो वरिष्ठ छात्रों ने इसमें उसकी सहायता की। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पीड़िता द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष गोपनीय बयान प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी चल रही है। साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में हुई इस वीभत्स घटना ने पिछले साल अगस्त में शहर के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ हुई बलात्कार और हत्या की भयावह यादें ताजा कर दीं।

कॉलेज सूत्रों ने बताया कि मुख्य आरोपी कॉलेज का पूर्व छात्र है और अलीपुर पुलिस एवं सत्र न्यायालय में फौजदारी का वकील है। दो अन्य आरोपी मौजूदा छात्र हैं और पीड़िता के वरिष्ठ हैं। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि मुख्य आरोपी को हाल में 45 दिनों की अनुबंध अवधि के लिए संस्थान में अस्थायी गैर-शिक्षण कर्मचारी के रूप में नियुक्त किया गया था। मुख्य आरोपी के सोशल मीडिया हैंडल से पता चला है कि वह कॉलेज की तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद इकाई का पूर्व अध्यक्ष और तृणमूल कांग्रेस के छात्र संगठन की दक्षिण कोलकाता शाखा का संगठन सचिव है।



कोर्ट में पेश किया गया मुख्य आरोपी।

- मुख्य आरोपी और उसके दोनों सहयोगी गिरफ्तार

### आरोपियों ने घटना का वीडियो भी बनाया

पुलिस ने बताया कि बलात्कार की घटना 25 जून की शाम को कॉलेज के छात्र संघ कार्यालय के बगल में एक गार्ड के कमरे में हुई। पीड़िता शैक्षणिक फॉर्म भरने के लिए दोपहर बाद पहुंची थी। आरोपी उसे शाम को कॉलेज के भूतल स्थित कमरे में ले गए जहां रात करीब 10 बजे तक उसके साथ बलात्कार किया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि बलात्कार के दौरान उसका वीडियो भी बनाया गया।

# भारत के 534 कलाकारों को लॉस एंजिलिस का न्योता

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी**

अभिनेता-फिल्मकार कमल हासन, बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना और 'ऑल वी इमैजिन ऐज़ लाइट' की लेखिका-निर्देशक पायल कपाड़िया उन 534 कलाकारों में शामिल हैं, जिन्हें इस वर्ष अमेरिका की 'अकादमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज' (ऑस्कर एकेडमी) के लिए आमंत्रित किया गया है।

इस वर्ष की सूची में हॉलीवुड और अंतरराष्ट्रीय सिनेमा की विभिन्न विधाओं से कई प्रभावशाली नाम शामिल हैं, जिनमें कई भारतीय कलाकार भी हैं। हासन, खुराना और कपाड़िया के अलावा सूची में फिल्म 'गली बॉय' के कास्टिंग निदेशक करण माली, 'ऑल वी इमैजिन ऐज़ लाइट' के सिनेमैटोग्राफर रणबीर दास और कॉस्ट्यूम डिज़ाइनर मैक्सिमा बसु के नाम भी हैं।

अकादमी के सीईओ बिल क्रेमर और अध्यक्ष जेनेट यांग ने कहा, ''हम इन प्रतिष्ठित कलाकारों, तकनीकी विशेषज्ञों और पेशेवरों को अकादमी में आमंत्रित कर बेहद उत्साहित हैं। इन्होंने फिल्म निर्माण और वैश्विक सिनेमा समुदाय में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।'' वर्ष 2025 के आमंत्रित वर्ग में 41 प्रतिशत महिलाएं, 45 प्रतिशत प्रतिनिधित्वविहीन समुदायों से और 55 प्रतिशत लोग अमेरिका से बाहर के 60 देशों व क्षेत्रों से हैं।



- कमल हासन, आयुष्मान खुराना और पायल कपाड़िया इनमें शामिल

# ट्रंप प्रशासन ने सेना को दी दक्षिणी सीमा पर घुसपैठियों को गिरफ्तार करने की अनुमति

**सांता फे (अमेरिका)।** अमेरिका का रक्षा विभाग देश की दक्षिणी सीमा पर एक सैन्य क्षेत्र का विस्तार कर रहा है, जहां सैनिकों को अवैध रूप से अमेरिका में घुसने वाले लोगों को हिरासत में लेने का अधिकार दिया गया है ताकि उन पर राष्ट्रीय रक्षा क्षेत्र में घुसपैठ के आरोपों पर मुकदमा चलाया जा सके।

- सीमा पर राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करने के बाद बढ़ाई गई सैन्य तैनाती

वायुसेना ने सोमवार को टेक्सास में सीमा के साथ 400 किलोमीटर लंबे एक संकरे हिस्से को अपने क्षेत्र में शामिल करने की घोषणा की। यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सीमा पर राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किए जाने के बाद बढ़ रही सैन्य तैनाती का हिस्सा है। रक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि नौसेना को भी सीमा पर एक नया राष्ट्रीय रक्षा क्षेत्र स्थापित करने का निर्देश दिया गया है। वायु सेना ने एक बयान में कहा कि नए राष्ट्रीय रक्षा क्षेत्र में सेना की जिम्मेदारियों में बेहतर निगरानी और पहचान और घुसपैठ करने वाले लोगों को अस्थायी रूप से हिरासत में लेना एवं उन्हें संबंधित कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सौंपना शामिल है।

# योजनाओं में कटौती के मुद्दे पर लेबर पार्टी में विद्रोह

**लंदन, एजेंसी**

- पराजय के डर से अपने रुख से पलटे ब्रिटिश प्रधानमंत्री स्टॉर्मर

ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने शुक्रवार को राजनीतिक दबाव के आगे झुकते हुए और अपनी ही पार्टी के सांसदों के हाथों पराजय से बचने के लिए योजनाबद्ध कल्याणकारी सुधारों को लेकर अपना रुख बदल लिया। यह खर्च में कटौती और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार के परस्पर विरोधी लक्ष्यों के बीच फंसी वामपंथ की तरफ झुकाव वाली सरकार की ओर से मजबूरी में लिया गया नया 'यू-टर्न' है।

सरकार ने अगले सप्ताह संसद में एक विधेयक लाने की योजना बनाई है जो एक प्रमुख विकलांगता लाभ के लिए पात्रता को सख्त करेगा, जिससे दीर्घकालिक शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों से जूझ रहे हजारों लोग व्यक्तिगत स्वतंत्रता भुगतान (पीआईपी) लाभ से वंचित हो जाएंगे। कम आय वाले लोगों द्वारा प्राप्त एक अन्य स्वास्थ्य संबंधी लाभ भी योजनाओं के तहत कम हो जाएगा।

सरकार ने कहा कि प्रस्तावित बदलाव लोगों को नौकरी खोजने में मदद करेंगे जबकि उन लोगों के लिए सुरक्षा जाल को संरक्षित करेंगे जो कभी काम नहीं कर सकते। यह कोविड-19 महामारी के बाद से बढ़े हुए कल्याण मद से अनुमानित पांच अरब पाउंड (सात अरब अमेरिकी डॉलर) की प्रति वर्ष की बचत भी करेगा। लेकिन लेबर पार्टी के कई सांसदों ने इन बदलावों पर आपत्ति जताई, जिसके बारे में 'इंस्टीट्यूट फॉर फिस्कल स्टडीज' थिंक टैंक ने अनुमान लगाया कि 2030 तक 32 लाख लोगों की आय में कटौती होगी।

# चीन के नौसेना प्रमुख ली और शीर्ष परमाणु वैज्ञानिक लियू एनपीसी से निष्कासित

**बीजिंग।** चीन में शुक्रवार को नौसेना प्रमुख और एक शीर्ष परमाणु वैज्ञानिक को नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) से निष्कासित कर दिया गया। हांगकांग के अखबार 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' की खबर के अनुसार, चीनी नौसेना के चीफ ऑफ स्टाफ वाइस एडमिरल ली हानजुन और देश के राष्ट्रीय परमाणु निगम के उप मुख्य अभियंता लियू शिपेंग को एनपीसी से निष्कासित कर दिया गया है।

- शीर्ष जनरल मियाओ हुआ को भी केंद्रीय सैन्य आयोग से हटाने के लिए हुआ मतदान

ली सेना के उन जनरल और रक्षा उद्योग के कुछ अधिकारियों में शामिल हैं, जिनके खिलाफ हाल में कार्रवाई की गई है। इसमें कहा गया है कि ली और लियू की एनपीसी सदस्यता समाप्त कर दी गई है। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने बताया कि एनपीसी की स्थायी समिति ने शुक्रवार को अपने सत्र के समापन के दौरान शीर्ष जनरल मियाओ हुआ को केंद्रीय सैन्य आयोग के सदस्य के पद से हटाने के लिए भी मतदान किया। केंद्रीय सैन्य आयोग चीनी सेना का सर्वोच्च कमान है, जिसका नेतृत्व राष्ट्रपति शी चिनफिंग करते हैं।

# न्यूयॉर्क शहर की राजनीति को हिलाकर रख दिया जोहरान ममदानी की जीत ने

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

न्यूयॉर्क के मेयर पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनने के चुनाव में भारतीय-अमेरिकी जोहरान क्वामे ममदानी की जीत ने शहर की राजनीति को हिलाकर रख दिया है। भारतीय समुदाय के सदस्यों ने यह बात कही है।

दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ममदानी पर निशाना साधते हुए उन्हें 100 प्रतिशत पागल वामपंथी कहा है। मशहूर भारतीय फिल्म निर्माता मीरा नायर और भारतीय मूल के युगांडाई लेखक महमूद ममदानी के पुत्र 33 वर्षीय ममदानी को मंगलवार रात मेयर पद की उम्मीदवारी के लिए हुए डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में विजयी घोषित किया गया। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, आखिरकार यह हो गया, डेमोक्रेटिक पार्टी ने हद पार कर दी। 100 प्रतिशत पागल वामपंथी जोहरान ममदानी ने डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की और वह मेयर बनने की राह पर है।

'डिजिमेंटर्स' के सीईओ और मीडिया व राजनीति पर नजर रखने वाले श्री श्रीनिवासन ने कहा कि ममदानी की जीत ने न्यूयॉर्क शहर की राजनीति को हिलाकर रख दिया है। यह घटनाक्रम आश्चर्यजनक रूप से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोगों का ध्यान खींच रहा है। नवंबर तक का वक्त रोमांचक होगा। इस चुनाव पर सबकी नजरें होंगी।

पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के सलाहकार रहे अजय भूटोरिया ने कहा कि न्यूयॉर्क सिटी डेमोक्रेटिक मेयर पद के प्राइमरी चुनाव में ममदानी की ऐतिहासिक जीत समुदाय के प्रतिनिधित्व के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। जमीनी स्तर पर समर्थन प्राप्त उनका अभियान क्वीन्स के दक्षिण एशियाई इलाकों से लेकर ब्रुकलिन के प्रगतिशील केंद्रों तक न्यूयॉर्क वासियों के बीच खूब चर्चा में है। हालांकि, भूटोरिया ने कहा कि वह ममदानी की पुलिस की फंडिंग बंद करने की नीति को लेकर चिंतित हैं, जिससे सार्वजनिक सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।



- बौखलाहट में ट्रंप ने ममदानी को सौ प्रतिशत पागल वामपंथी कहा

**शोध** जलवायु मॉडल की भविष्यवाणी से अधिक गर्मी अपने अंदर रोक रही है पृथ्वी, 20 वर्ष में दोगुनी हुई दर

# पूरी तरह बिगड़ चुका है पृथ्वी का अंदरूनी ऊर्जा संतुलन

## निष्कर्षों का इशारा- आने वाले वर्षों में जलवायु परिवर्तन में आ सकती है और तेजी

**सिडनी, एजेंसी**

आप जलवायु परिवर्तन को कैसे मापते हैं। एक तरीका है कि लंबे समय तक विभिन्न स्थानों में तापमान दर्ज करना। यह विधि कारगर है, लेकिन प्राकृतिक उतार-चढ़ाव के कारण लंबे समय की प्रवृत्तियों को समझना कठिन हो सकता है। लेकिन एक और तरीका यह स्पष्ट रूप से बता सकता है कि क्या हो रहा है: यह मापना कि पृथ्वी के वायुमंडल में कितनी गर्मी प्रवेश करती है और कितनी गर्मी बाहर निकलती है। इसे ही पृथ्वी का ऊर्जा संतुलन कहा जाता है और यह अब पूरी तरह से असंतुलित हो चुका है।

हालिया शोध में पाया गया है कि पिछले 20 वर्षों में यह असंतुलन दोगुने से भी अधिक हो गया है। यह असंतुलन अब जलवायु मॉडल द्वारा सुझाए गए असंतुलन से कहीं अधिक है। साल 2000 के दशक के मध्य में, ऊर्जा असंतुलन औसतन 0.6 वाट प्रति वर्ग मीटर था। यह हाल के वर्षों में, औसतन 1.3 वाट प्रति वर्ग मीटर था। यानी पृथ्वी की सतह के पास ऊर्जा के संचय की दर दोगुनी हो गई है।



निष्कर्षों से पता चलता है कि आने वाले वर्षों में जलवायु परिवर्तन में तेजी आ सकती है। इससे भी बुरी बात यह है कि यह चिंताजनक असंतुलन तब भी उभर रहा है जब अमेरिका में वित्तपोषण की अनिश्चितता गर्मी के प्रवाह पर नजर रखने की हमारी क्षमता को खतरे में डाल रही है। अंदर आने वाली ऊर्जा, बाहर जाने वाली ऊर्जा: पृथ्वी की ऊर्जा संतुलन प्रणाली कुछ हद तक आपके बैंक खाते की तरह काम करती है जैसे उसमें पैसा आता है और खर्च होता है। अगर आप कम खर्च करें, तो आपके खाते में पैसे जमा होने लगते हैं। इसी तरह, ऊर्जा इस प्रणाली की मुद्रा है। पृथ्वी पर जितनी ऊर्जा सूरज से आती है, उतनी ही ऊर्जा वापस अंतरिक्ष में चली जाती है, पृथ्वी पर जीवन इस संतुलन पर निर्भर करता है। लेकिन जब अंदर आने वाली ऊर्जा बाहर जाने वाली ऊर्जा से अधिक हो जाती है, तो पृथ्वी पर गर्मी जमा होने लगती है, जिससे ग्लोबल वार्मिंग होती है।

### आने वाले सालों में और गंभीर होंगी जलवायु आपदाएं

निष्कर्षों से पता चलता है कि हाल के वर्षों में पड़े अत्यधिक गर्म साल कोई अपवाद नहीं हैं, बल्कि वे आने वाले दशक या उससे भी लंबे समय तक गर्मी के बढ़ते प्रभाव को दर्शा सकते हैं। इसका मतलब होगा कि भयंकर हीटवेव, सूखा और अत्यधिक वर्षा जैसी जलवायु आपदाएं जमीन पर और भी ज्यादा गंभीर होंगी। साथ ही समुद्रों में तेज और लंबे समय तक चलने वाली समुद्री हीटवेव भी और ज्यादा तीव्र हो सकती हैं। उपग्रह विशेष रूप से हमारे लिए एक अग्रिम चेतावनी प्रणाली का काम करते हैं, जो हमें ऊष्मा संग्रहण में हो रहे बदलावों की जानकारी अन्य तरीकों की तुलना में लगभग एक दशक पहले ही दे देते हैं।